CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 12-16-2025 23:28 Color:

नोएडा/गाजियाबाद > बुधवार, 17 दिसंबर 2025 > मार्गशीर्ष 26 शक 1947 पौष कृष्ण त्रयोदशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 79, संख्या 299 > पेज 18* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू

NBT
नवभारत टाइम्स



प्लास्टिक सर्जरी के दावों पर भड़क उठीं रकुल प्रीत

▶ देखें सप्लिमेंट

**4 am** मंगलवार तड़के यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा, आगरा से नोएडा साइड माइल स्टोन 127 पर एक्सिडेंट।

**2-2** लाख रुपये मृतकों के परिजनों को, घायलों को 50-50 हजार मुआवजे का यूपी सरकार ने ऐलान किया।

# यमुना एक्सप्रेसवे: कोहरे में भयंकर हादसा

## मथुरा में टकराकर जल उठीं कई बसें, 13 ज़िंदा जले



**चश्मदीदों ने बताया** टक्कर के बाद ऐसा लगा जैसे बम फटा, आग की लपटें उठते ही लोग बसों के शीशे तोड़कर बाहर कूदने लगे।

■ एनबीटी न्यूज, मथुरा

**यमुना एक्सप्रेसवे** पर मथुरा में मंगलवार तड़के घने कोहरे के कारण बड़ा हादसा हुआ। आगरा से नोएडा की साइड एक के बाद एक - सात बसें और तीन कारें आपस में टकरा गईं। टक्कर लगने के बाद गाड़ियों में भयंकर आग लगी। इस हादसे में 13 की जान गई और 100 के करीब घायल हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है, क्योंकि हादसे की शिकार कई बसों में कटे अंग मिले हैं। पुलिस ने बताया कि तड़के 4 बजे के करीब हुआ। चश्मदीदों ने बताया कि आग की लपटें उठते ही लोग बसों के शीशे तोड़कर बाहर कूद रहे थे। कई लोगों को बचने का मौका नहीं मिला। लोगों ने कहा, पुलिस और एंबुलेंस घंटेभर बाद पहुंची। पुलिस का कहना है कि सूचना देर से मिली। घना कोहरा बचाव में सबसे बड़ी बाधा बना। दमकल ने आग पर काबू पाया। मृत यात्रियों के कई अवशेष बसों की सीटों पर चिपके मिले। पुलिस इन्हें 17 पॉलिथीन बैग में भरकर ले गई है। DNA टेस्ट से पहचान की जाएगी।

**बच्चे बचाए, लेकिन...**

**जलती बस** में फंसी 42 वर्षीय पार्वती के सामने मौत थी। उन्होंने टूटी खिड़की से दोनों बच्चों को बाहर लटकाकर उनकी जान बचाई, लेकिन इस दौरान कांच का टुकड़ा उनकी गर्दन में घुस गया और वह लहूलुहान गिर पड़ीं। इसके बाद से उनका पता नहीं चला। रिश्तेदार अस्पतालों में उन्हें तलाश रहे हैं। ▸▸ पेज 9

**इसका ध्यान रखें**

1. विजिबिलिटी कम होती है, ओवर स्पीडिंग न करें, अपनी लेन में ड्राइविंग करें।
2. फॉग लैंप का प्रयोग करें, गाड़ी का इंडिकेटर ऑन रखें, उचित दूरी बनाकर रखें।
3. सड़क के संकेत और रोड मार्किंग को नजरअंदाज न करें, लो बीम पर गाड़ी चलाएं, गाड़ी की मेंटिनेंस ठीक रखें।



**दमकल की** गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। हादसे के बाद बसों से कंकाल और अधजले शव मिले।

GOOD न्यूज

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 13

## फटाफट खबरें

### प. बंगाल के खेल मंत्री का इस्तीफा



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी से जुड़े कार्यक्रम में हुई अराजकता पर खेल मंत्री अरूप बिस्वास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। हालांकि बिस्वास कैबिनेट मंत्री के रूप में बने रहेंगे।

### खड़ी कार में आग, व्यापारी की मौत

नोएडा में FNG एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर खड़ी कार में सोमवार रात आग लग गई। कार सवार पेंट व्यापारी की जलकर मौत हो गई। ड्राइविंग सीट पर व्यापारी सुरेश चंद्र सिंघल (46) का जला हुआ शव मिला। ▸▸ देखें सप्लिमेंट

## काम की खबरें

### UPI से भरें चालान

दिल्ली में ट्रैफिक चालान अब सभी UPI से भर सकेंगे। पेमेंट सिस्टम BBPS से जुड़ गया है।

### मेट्रो का नया म्यूजियम



मेट्रो का नया म्यूजियम ब्लूलाइन पर सुप्रीम कोर्ट स्टेशन के नीचे बना है, जो इसी हफ्ते खुलेगा।

### लाल किला फिर खुला

मंगलवार को लाल किले में फिर पर्यटक पहुंचे। 10 दिनों से यह आम लोगों के लिए बंद था।

## हैपी मॉर्निंग

चिंकू: कैसे हो यार...
पिंकू: बस ठीक हूं।
चिंकू: यार कुछ पैसों की जरूरत है...
पिंकू: कोई दे रहा हो तो मुझे भी बताना।

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,679.86 (-533.50) |
| निफ्टी | 25,860.10 (-167.20) |
| रु/यूएस डॉलर | 88.63 (-0.12) |
| रु/यूरो | 102.83 (-0.30) |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,35,900 (-1,700) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹1,98,500 (-1,000) |

## मौसम

अधिकतम तापमान 24.9°

8.3° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त 5:27 बुधवार | सूर्योदय 7:08 गुरुवार

धुंध से दिल्ली में 126 उड़ानें रद्द, आज भी शेड्यूल देखकर निकलें।

# दिल्ली में कल से BS-6 गाड़ियों की ही होगी एंट्री

## वैध PUC सर्टिफिकेट के बिना नहीं मिलेगा डीज़ल-पेट्रोल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रदूषण से** हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात को देखते हुए दिल्ली सरकार ने मंगलवार को तीन कड़े कदम उठाए। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि गुरुवार यानी 18 दिसंबर की सुबह से दूसरे राज्यों में रजिस्टर्ड सिर्फ BS-6 गाड़ियों को ही दिल्ली में एंट्री मिलेगी। अन्य कैटिगरी (BS-2,3,4) की सभी गाड़ियों की एंट्री अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगी। इनमें प्राइवेट कारें, टैक्सियां, स्कूल बस से लेकर कमर्शल गाड़ियां भी शामिल हैं। दिल्ली में चल रही दूसरे राज्यों की गाड़ियों की भी जांच होगी। अगर वे BS-6 नहीं मिलीं, तो उन्हें भी जब्त किया जाएगा।

गुरुवार से बिना वैध PUCC सर्टिफिकेट वाली गाड़ियों को पेट्रोल/डीजल भी नहीं मिलेगा। इसके लिए पेट्रोल पंपों पर ANPR सिस्टम से जांच होगी। कंस्ट्रक्शन मटीरियल ले जा रहे ट्रक, ट्रैक्टर, टैंपो आदि भी जब्त होंगे। दिल्ली बॉर्डर पर ही उनकी एंट्री रोकी जाएगी। सिरसा ने कहा कि अभी 20 हजार मीट्रिक टन कूड़े का रोज निपटारा होता है, इसे भी बढ़ाकर 35 हजार मीट्रिक टन किया जाएगा। ▸▸ पेज 3



**354 AQI** रहा मंगलवार को दिल्ली का। हवाओं ने घटाया प्रदूषण।

**सवाल-जवाब**

**CNG/इलेक्ट्रिक गाड़ी, पर रजिस्ट्रेशन दिल्ली से बाहर का, तब भी एंट्री बैन रहेगी?**
बैन सिर्फ उन पेट्रोल-डीजल गाड़ियों पर, जो दिल्ली के बाहर रजिस्टर्ड हैं और जिनके इंजन BS-6 से कम कैटिगरी के हैं। क्लीन फ्यूल (इलेक्ट्रिक/CNG) गाड़ियों को एंट्री मिलेगी।

**पल्यूशन सर्टिफिकेट दिल्ली से बाहर का है, तब क्या होगा?**
पल्यूशन अंडर कंट्रोल यानी PUC सर्टिफिकेट देशभर में मान्य है। अन्य राज्य से जारी वैलिड PUCC है और समय सीमा खत्म नहीं हुई, तो तेल मिलेगा।

**दिल्ली के अंदर कंस्ट्रक्शन मटीरियल दूसरी जगह ले जा सकते हैं?**
बिल्कुल नहीं, कंस्ट्रक्शन मटीरियल की ढुलाई अगले आदेश तक पूरी तरह बैन है। चाहे बाहर से मटीरियल ला रहे हों या दिल्ली के अंदर ही दूसरी जगह ले जा रहे हैं।

बढ़ते प्रदूषण के लिए मैं दिल्ली के लोगों से माफी मांगता हूं, लेकिन 9-10 महीने में कोई सरकार पूरा पल्यूशन साफ कर दे, यह असंभव है। -मनजिंदर सिंह सिरसा, दिल्ली के मंत्री



**NCR ने कमर कसी**

**नोएडा:** 30 मीटर चौड़ी सड़क की मशीन से सफाई होगी, 3 दिन में सर्वे कर फुटपाथ रिपेयर होंगे। IT समेत सभी कंपनियों से वर्क फ्रॉम होम की अपील की गई है।

**गाजियाबाद:** टूटी सड़कों की मरम्मत का आदेश, सड़क के बीच में घास लगाने के निर्देश, सड़कों की सफाई मशीन से होगी, वॉटर स्प्रिंकलर का इस्तेमाल होगा।

**गुड़गांव और फरीदाबाद:** प्रदूषण को देखते हुए 5 वीं तक प्राइमरी कक्षाओं में हाइब्रिड क्लासेज आगे भी जारी रखी जाएंगी।

# IPL में ग्रीन सबसे महंगे, टॉप-5 में तीन विदेशी

IPL के अगले सीजन के लिए मंगलवार को अबू धाबी में हुए मिनी ऑक्शन में ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन सबसे महंगे रहे। उन्हें KKR ने अपने साथ जोड़ा। ग्रीन ने अपने ही देश के मिचेल स्टार्क का रेकॉर्ड तोड़ा। टॉप-5 में तीन विदेशी खिलाड़ी रहे।



**स्टार्क से आगे निकले**

कैमरन ग्रीन ₹25.20 करोड़

कैमरन ग्रीन, ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर, बेस प्राइस 2 करोड़, कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा



मथीशा पथिराना ₹18 करोड़

कोलकाता ने ही श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को 18 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा। पथिराना IPL में बिकने वाले सबसे महंगे श्रीलंकाई प्लेयर बने।

SRH ने लियाम लिविंगस्टोन को 13 करोड़ रुपये में अपने खेमे में शामिल किया। LSG ने भी बोली लगाई, लेकिन बाद में पीछे हटी।



लियाम लिविंगस्टोन ₹13 करोड़

**सबसे महंगे अनकैप्ड प्रशांत और कार्तिक**

चेन्नै सुपर किंग्स ने प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा -दोनों को ही 14.20-14.20 करोड़ में खरीदा। दोनों का बेस प्राइस 30 लाख ही था।



प्रशांत वीर ₹14.20 करोड़

19 साल के **कार्तिक** शर्मा राजस्थान के विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। यूपी के 20 वर्षीय प्रशांत बाएं हाथ के स्पिनर हैं।



कार्तिक शर्मा ₹14.20 करोड़

**'अनकैप्ड' का जलवा**

**इंटरनैशनल मैच** नहीं खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बड़ी सफलता मिली। बिके 77 खिलाड़ियों में से 39 अनकैप्ड रहे। इनमें जम्मू-कश्मीर के फास्ट बोलर आकिब नबी डार भी हैं, जिन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा। उनकी भी शुरुआती कीमत भी 30 लाख रुपये थी। ▸▸ पेज 12

# 'जी राम जी' बिल पेश, नाम में बदलाव का सरकार ने किया बचाव

कांग्रेस सरकार ने भी जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या वह नेहरू का अपमान था?' -शिवराज चौहान, केंद्रीय मंत्री

मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सचाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है। -प्रियंका गांधी



**विपक्ष का मार्च** संसद परिसर में विपक्षी नेताओं ने विरोध में किया प्रदर्शन।

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** विपक्ष के तीखे विरोध के बीच लोकसभा में सरकार ने मंगलवार को 'विकसित भारत- जी राम जी विधेयक 2025' पेश किया। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी ऐक्ट (मनरेगा) की जगह पर लाया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस विधेयक को पेश करने का प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। विपक्ष मनरेगा का नाम बदलने का विरोध कर रहा है और महात्मा गांधी का का अपमान बता रहा है। विपक्ष ने संसद परिसर में विरोध मार्च भी निकाला और नारेबाजी की। केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कहा, 'कांग्रेस सरकार ने भी जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या पंडित नेहरू का अपमान था?' उन्होंने कहा कि इस विधेयक से गांवों का संपूर्ण विकास होगा। ▸▸ पेज 8

**विपक्ष ने कहा, नाम बदलना महात्मा गांधी का अपमान**

## हेरल्ड केस में गांधी परिवार को राहत

**दिल्ली की** एक अदालत ने नैशनल हेरल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और 5 अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। ईडी ने कहा कि वह कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगा। स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि इस मामले में दाखिल चार्जशीट एक निजी व्यक्ति की शिकायत पर की गई जांच पर आधारित है, न कि किसी मूल अपराध से संबंधित प्राथमिकी पर। उन्होंने कहा कि कानून के तहत इस पर संज्ञान लेना स्वीकार्य नहीं है। ▸▸ पेज 8

# जॉर्डन में मोदी की शाही सवारी



■ जॉर्डन के क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय मंगलवार को खुद कार चलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को म्यूजियम लेकर गए। भारत और जॉर्डन में 5 समझौते हुए।

■ मोदी 3 देशों की 4 दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार को जॉर्डन से इथियोपिया पहुंचे। यात्रा के तीसरे चरण में वह इथियोपिया से ओमान जाएंगे।

■ भारत में अमेरिकी दूतावास ने X पर राष्ट्रपति ट्रंप का संदेश साझा किया, लिखा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अच्छे दोस्त और भारत अहम रणनीतिक साझेदार है। ▸▸ पेज 14

## बंगाल में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी, 58 लाख नाम हटे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्ट समीक्षा (SIR) के बाद पश्चिम बंगाल की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें मृत्यु, पलायन और गणना प्रपत्र जमा न करने सहित विभिन्न कारणों से 58 लाख से अधिक वोटर्स के नाम हटा दिए गए हैं। अन्य चार राज्यों में लक्षद्वीप में 1429, गोवा से 1.42 लाख, राजस्थान से 41.34 लाख और पुडुचेरी से एक लाख तीन हजार 467 वोटरों के नाम डिलीट किए गए। ▸▸ पेज 8

**राजस्थान समेत 5 राज्यों में भी ड्राफ्ट लिस्ट जारी की गई**

**गोवा क्लब अग्निकांड**

# लूथरा बंधु दिल्ली लाए गए, रिमांड पर भेजे गए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**गोवा के** नाइट क्लब में अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से मंगलवार को दिल्ली लाया गया। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। इसके बाद दोनों की दिल्ली में मेडिकल जांच कराई और पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। मैजिस्ट्रेट ने 2 दिन के ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी। गोवा पुलिस दोनों को बुधवार सुबह गोवा ले जाकर वहां के कोर्ट में पेश करेगी।

6 दिसंबर को गोवा के 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। कुछ घंटों बाद ही दोनों थाईलैंड के फुकेट फरार हो गए थे। दोनों पर गैर इरादतन हत्या और लापरवाही के आरोप हैं। ▸▸ पेज 9



**जांच टीम का आरोप**

**जांच टीम** का कहना है कि नाइटक्लब की जरूरी फायर सेफ्टी नियमों का उल्लंघन करने के कारण यह घटना और भी गंभीर हो गई। गौरव और सौरभ अपने नाइटक्लब में आग लगने के कुछ घंटों बाद सात दिसंबर को तड़के फुकेत (थाईलैंड) भाग गए थे, जिसके चलते 'ब्लू कॉर्नर' नोटिस जारी हुआ था।

**हैदराबाद कनेक्शन** तेलंगाना पुलिस ने कहा, रोजगार की तलाश में 1998 में गया था ऑस्ट्रेलिया

# सिडनी में आतंकी हमला करने वाला भारतीय था, 27 साल पहले देश छोड़ा

■ एएफपी, मनीला (फिलिपींस)

ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर को सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम (50) भारत का था। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक, वह हैदराबाद का रहने वाला था। वहीं, फिलिपींस के इमीग्रेशन विभाग ने मंगलवार को दावा किया कि आरोपी साजिद भारतीय पासपोर्ट और उसका बेटा नवीद अकरम (24) ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट पर 1 नवंबर को सिडनी से फिलिपींस में एंट्री की थी। दोनों दावो और मनीला शहर गए थे। दावो फिलिपींस के मिंडानाओ द्वीप पर है। मिंडानाओ में फिलिपींस की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है।



**वायरल तस्वीर** साजिद-नवीद की यह फोटो हमले के वक्त की है।

**ईसाई महिला से शादी पर परिवार से हुआ दूर**

तेलंगाना पुलिस ने मंगलवार को बताया कि साजिद ने हैदराबाद से B.Com किया और स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवंबर 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेसा ग्रोसो से शादी की और वहीं बस गया। ईसाई महिला से शादी करने की वजह से साजिद के परिवार ने रिश्ता तोड़ लिया था। ▸▸ पेज 14

**वर्दी वाला स्नैचर**

## कुंडल झपट रहा दिल्ली पुलिस का सिपाही गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, टीएचए:** शालीमार गार्डन क्षेत्र में मंगलवार को महिला का कुंडल झपटकर भाग रहे दिल्ली पुलिस के सिपाही को वहां मौजूद लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। मारपीट के बाद उसे थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया गया। केस दर्ज कर आरोपी **सौरभ चौधरी** को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सिपाही की रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को भेजी जाएगी।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP10 User: cci Time: 12-16-2025 21:42 Color:



> रोजगार सृजन राज्य की प्राथमिक जिम्मेदारी है, क्योंकि बिना काम के अर्थव्यवस्था केवल आंकड़ों में जीवित रहती है - *जॉन मेनार्ड कीन्स*

# राज्यों पर भार

केंद्र सरकार मनरेगा की जगह विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) लेकर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी और बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से सरकार ने 2005 में नरेगा की शुरुआत की थी। बाद में योजना के साथ महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया। अब पूरी स्कीम नए नाम-रूप के साथ आ रही है, तो कांग्रेस का सवाल है कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा? लेकिन इसे लेकर एक चिंता इससे भी बड़ी है।

AI Image



योजना का नाम भी बदलेगा

**जिम्मेदारी डाली ।** अभी तक मनरेगा में मजदूरी का पूरा खर्च केंद्र उठाता आया है। वहीं, प्रोजेक्ट्स में जो मटीरियल लगता है, उसका भी 75% खर्च केंद्र वहन करता है। नए बिल में इस खर्च की बड़ी जिम्मेदारी राज्यों पर डाली गई है। केंद्रशासित प्रदेशों, पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों को छोड़ दें, तो बाकी राज्यों को 40% खर्च उठाना पड़ेगा। सरकार का अनुमान है कि नई योजना लागू होने के बाद पहले साल का खर्च लगभग 1.51 लाख करोड़ होगा। इसमें से केंद्र लगभग 96 हजार करोड़ देगा, जबकि बाकी भार राज्यों पर आएगा।

**बजट की मुश्किल ।** राज्यों के लिए इस अतिरिक्त बोझ को उठाना मुश्किल हो सकता है। आंध्र प्रदेश, हरियाणा, केरल, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, बिहार और बंगाल जैसे राज्य पहले ही बजटीय घाटे का सामना कर रहे हैं। नई योजना के लिए अतिरिक्त बजट का इंतजाम करना मुश्किल हो सकता है। आंध्र ने तो अभी से योजना के वित्तीय बंटवारे को लेकर चिंता जाहिर कर दी है, जबकि वहां BJP के सहयोगी TDP की सरकार है। डर यह है कि खर्च से जुड़ी परेशानी के कारण योजना का उद्देश्य खतरे में न पड़ जाए।

**काम की कमी ।** मनरेगा के तहत 100 दिनों के काम की गारंटी है, जबकि नया बिल 125 दिन काम की गारंटी देता है। हालांकि इन बढ़े दिनों का तब तक कोई मतलब नहीं है, जब तक कि वास्तव में इतना काम न मिले। अभी की हकीकत यही है कि 2024-25 में केवल 40.7 लाख परिवारों को ही सौ दिन रोजगार मिल सका था। इस दौरान मनरेगा के तहत काम मिलने का औसत केवल 50.24 दिन रहा। यानी काम के दिन बढ़ाने से भी ज्यादा जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि वास्तव में काम मिले।

**टकराव की आशंका ।** नई योजना में केंद्र ने राज्यों पर ज्यादा जिम्मेदारी तो डाली है, पर अधिक अधिकार अपने पास रखे हैं। किस प्रदेश को कितना काम देना है, यह केंद्र तय करेगा। इससे आगे जाकर विपक्ष शासित राज्यों के साथ टकराव हो सकता है।

## 2025 की पहली छमाही में प्रिंट मीडिया की ग्रोथ 3%, TV से जुड़े हैं 23 करोड़ घर

# प्रगतिपथ पर अख़बार और TV



आलोक मेहता

दिल्ली-मुंबई में कई प्रभावशाली लोगों को गलतफहमी है कि अब कौन TV देखता है या कौन अखबार या किताबें पढ़ता है? खासकर, बड़े सरकारी अफसर और जमीनी सच्चाई से कटे हुए कुछ कॉरपोरेट प्रबंधकों को मैंने भी यह कहते सुना-देखा है। मैं उनसे असहमत हूं।

**90 करोड़ दर्शक ।** अधिकृत आंकड़े बताते हैं कि 2025 में 23 करोड़ घर और 90 करोड़ दर्शक TV से जुड़े हुए हैं। तभी तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने भारत यात्रा के एक दिन पहले यहां एक निजी ग्रुप के हिंदी और अंग्रेजी TV चैनलों को इंटरव्यू दिया। 2002 में भी पूतिन ने दूरदर्शन और एक निजी TV चैनल को इंटरव्यू दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो पर मन की बात कार्यक्रम देश के अधिकांश न्यूज चैनल प्रसारित करते हैं।

**प्रिंट मीडिया की ग्रोथ ।** मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर की 2.5 लाख करोड़ से बढ़कर 2.7 लाख करोड़ रुपये की आय बताती है कि उद्योग का आर्थिक मॉडल बदला पर मजबूत बना हुआ है। प्रिंट मीडिया ने भी 2025 की पहली छमाही में सर्कुलेशन में 2.77% की वृद्धि दिखाई। इन सबके बीच सबसे बड़ा खतरा और अवसर दोनों डिजिटल में हैं, जहां नियम, टेक्नॉलजी और नागरिक साक्षरता से तय होगा कि अगला दशक मीडिया की सेहत और लोकतंत्र के लिए सकारात्मक बनेगा या नहीं?

**डिजिटल का असर ।** 2025 में एक ओर पारंपरिक TV की पहुंच और उस पर भरोसा बना हुआ है। वहीं डिजिटल प्लैटफॉर्म्स- OTT, सोशल मीडिया, न्यूज ऐप्स भी दर्शक और विज्ञापन खींच रहे हैं। यही द्वैत न केवल दर्शकों का व्यवहार बल्कि मीडिया हाउसों के राजस्व, विज्ञापन मॉडल और नियंत्रण के स्वरूप को भी बदल रहा है। उद्योग रिपोर्टों के अनुसार, कुल TV स्क्रीन काउंट 2024 में लगभग 19 करोड़ था, जिसके 2026 तक 21.4 करोड़ पहुंचने का अनुमान है।

AI Image



**भरोसे का सवाल**

- भारत आने से पहले पूतिन ने TV के लिए दिया इंटरव्यू
- पारंपरिक समाचार माध्यमों पर बना हुआ है भरोसा
- स्थानीय खबरों के लिए लोग करते हैं अखबारों पर विश्वास

**100 करोड़ मोबाइल ।** यह दर्शक आधार TV को, विशेषकर समाचार और क्षेत्रीय सूचनाओं के लिए निर्णायक माध्यम बनाता है, भले ही युवा दर्शक अधिकतर डिजिटल प्लैटफॉर्म्स पर जा रहे हों। असल में, बड़े लोग भूल जाते हैं कि मोबाइल फोन देश के गरीब वर्ग तक भी पहुंचा है। 100 करोड़ मोबाइल सेट लोगों के पास हैं। लेकिन दिल्ली-मुंबई में सब्जी-फल बेचने वाले या रिक्शा चालक या घरों में काम करने वाली महिलाएं मोबाइल फोन का इस्तेमाल सामान्यतः घर परिवार या काम की बात करने-सुनने के लिए करती हैं।

**अखबारों की तरक्की ।** विश्वास करना मुश्किल लग सकता है कि जनवरी-जून 2025 ऑडिट-पीरियड में दैनिक अखबारों की एवरेज क्वॉलिफाइंग सेल्स 2.974 करोड़ प्रतियां रहीं, जो जुलाई-दिसंबर 2024 के 2.89 करोड़ से 2.77% अधिक थीं। यानी इसमें 8.02 लाख प्रतियों की वृद्धि हुई।

**प्रिंट पर भरोसा ।** कई क्षेत्रों में पाठक आज भी स्थानीय खबरों, सूचनाओं, रोजगार सूचनाओं और क्षेत्रीय भाषा की खबरों के लिए अखबार पर भरोसा रखते हैं। कस्बों-गांवों में ही नहीं महानगरों में भी सामान्य लोग अखबारों को विश्वसनीय मानते हैं। मगर राहुल गांधी मेनस्ट्रीम मीडिया के बजाय इंटरनेट पर ज्यादा भरोसा करते हैं।

**फेक न्यूज का खतरा ।** डिजिटल माध्यमों पर नई पीढ़ी का समाचार देखना-पढ़ना बढ़ा है, पर भरोसा घट रहा है। रॉयटर्स इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट्स के अनुसार, डिजिटल न्यूज की व्यापक पहुंच शहरी व युवा वर्ग में है। लेकिन फेक न्यूज और हेट स्पीच का खतरा साथ में बढ़ रहा है। सोशल मीडिया, मेसेजिंग ऐप्स और वायरल विडियो के माध्यम से गलत सूचनाएं तेजी से फैलती हैं। मेसेजिंग ग्रुप्स (जैसे वट्सऐप) में वायरल अफवाहें सहजता से फैलती हैं।

**नियमन जरूरी ।** 2025 तक AI सक्षम ऑडियो/विडियो एडिटिंग ने धोखे और गलत पहचान की घटनाएं बढ़ा दी हैं। उनके लिए नियमों में विशेष प्रावधान की कमी चिंता का विषय है। अब नियंत्रित कंटेंट और सत्यापन डिटेक्शन, ऑटोमेटेड सत्यापन टूल और स्टैंडर्ड मेट्रिक्स की आवश्यकता बढ़ेगी। जैसे-जैसे डिजिटल माध्यमों पर नियंत्रण बढ़ेगा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सेंसरशिप के बीच संतुलन साधना होगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# अब शांत ज्वालामुखियों से है बड़ा ख़तरा!



मुकुल व्यास

**ज्ञान-विज्ञान**

AI Image



दुनिया में अगला ज्वालामुखी विस्फोट ऐसे ज्वालामुखियों में हो सकता है जो शांत दिखते हैं और जिन पर नजर नहीं रखी जाती। इटली में सिसिली के माउंट एटना या अमेरिका के येलोस्टोन जैसे ज्वालामुखियों की निरंतर निगरानी की जाती है, लेकिन वैज्ञानिकों ने अब शांत ज्वालामुखियों से भी सतर्क रहने की सलाह दी है। ऐसे विस्फोट दूर तक असर करने वाले हो सकते हैं।

**12 हजार सालों से सुप्त ।** एक ज्वालामुखी ने अभी ठीक ऐसा ही किया है। नवंबर में इथियोपिया का हेली गुब्बी ज्वालामुखी करीब 12,000 सालों में पहली बार फटा। इससे राख के गुबार करीब 14 किलोमीटर ऊपर आसमान में उठे। ज्वालामुखी से निकला मलबा यमन में गिरा और राख का बादल उत्तरी भारत के ऊपर हवा में भी पहुंचा।

**जंगल हुए समतल ।** ऐसे ही 1982 में मेक्सिको का एल चिचोन ज्वालामुखी सदियों तक शांत रहने के बाद अचानक फट गया। इसके इरप्शन की श्रृंखला ने हैरान कर दिया था। चट्टान,राख और गैस के गर्म स्खलन ने जंगल के बड़े इलाकों को समतल कर दिया। नदियों पर बांध बन गए, इमारतें तबाह हो गईं और राख ग्वाटेमाला तक पहुंच गई।

**वैश्विक तापमान में गिरावट ।** इंडोनेशिया के माउंट टैम्बोरा ज्वालामुखी में 1815 में एक भयंकर विस्फोट ने अनगिनत लोगों की जान ले ली और बड़े पैमाने पर फसलों को बर्बाद कर दिया। विस्फोट के बाद आसमान में राख भर गई, सूरज की रोशनी फीकी पड़ गई और वैश्विक तापमान महीनों गिरता रहा।

**सक्रिय ज्वालामुखी ।** ज्वालामुखी विस्फोटों से मिले सबक के बावजूद आज आधे से भी कम सक्रिय ज्वालामुखियों पर नजर रखी जाती है। इंडोनेशिया, फिलीपींस और वेनवातु के 160 ज्वालामुखी धरती पर सबसे ज्यादा आबादी वाले ज्वालामुखी क्षेत्रों में गिने जाते हैं और इन्हें सबसे कम समझा गया है। बड़े विस्फोट सिर्फ अपने आसपास की आबादियों पर ही असर नहीं डालते। वे कुछ समय के लिए ग्रह को ठंडा कर सकते हैं, मॉनसून में रुकावट डाल सकते हैं और पूरे क्षेत्रों में फसल कम कर सकते हैं।

**कोई ग्लोबल सिस्टम नहीं ।** फिर भी, वैज्ञानिकों के पास अभी भी भविष्य के इन खतरों का अंदाजा लगाने या उन्हें मैनेज करने के लिए कोई ग्लोबल सिस्टम नहीं है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आपदा आने के बाद ही जवाब देने के बजाय जल्दी एक्शन लेकर अगले छिपे हुए ज्वालामुखी को ग्लोबल संकट बनने से रोका जा सकता है।

**सबसे बड़ा खतरा ।** दुनिया को लैटिन अमेरिका, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और प्रशांत जैसे इलाकों में कम निगरानी वाले ज्वालामुखियों की ओर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। ये ऐसे स्थान हैं जहां लाखों लोग ऐसे ज्वालामुखियों के पास रहते हैं। यही सबसे बड़ा खतरा है। निगरानी, चेतावनी, समुदायों की तैयारी में थोड़ा सा निवेश भी बहुत से लोगों की जानें बचा सकता है।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

## जीवन एक वाद्य यंत्र है, इसी में आनंद के सुर

निर्मल जैन

जीवन सतत प्रवाह है, जिसकी धारा कभी एक-सी नहीं बहती। इसमें संगीत के सुरों की तरह उतार-चढ़ाव हैं, सुख-दुख हैं, कहीं गहनता है तो कहीं विरलता। सही मायने में कहा जाए तो जीवन सुख और दुख के मिश्रण से अधिक कुछ नहीं। हर सुख अपने साथ दुख की संभावना लेकर आता है, ठीक वैसे ही जैसे खेत में बीज बोने के बाद फसल के साथ-साथ खरपतवार भी उग आते हैं।

प्रशंसा से हमें सुख मिलता है, लेकिन उसी के साथ अहंकार भी जन्म ले लेता है। यही अहंकार आगे चलकर दुख का कारण बनता है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि प्रशंसा के बाद निंदा भी आती है, और जिस सुख का अनुभव प्रशंसा से होता है, उससे कहीं अधिक पीड़ा अपमान के समय महसूस होती है। सुख और दुख मन की अवस्थाएं हैं। जब हम खुश होते हैं, तो समय मानो पंख लगाकर उड़ जाता है, जबकि दुख में वही समय बहुत धीमी गति से सरकता है। अत्यधिक सुख भी दुखदायी हो सकता है, और कोई भी दुख ऐसा नहीं जो समय के साथ सुख में न बदल सके।

AI Image



जीवन एक वाद्य-यंत्र की तरह है, जिसमें अनेक राग बज सकते हैं। यह हमारे ऊपर है कि हम किस क्षण कौन-सी धुन चुनते हैं। जिसका मन उसके वश में है, वही वास्तव में सुखी है, क्योंकि कोई उसे उसकी इच्छा के बिना दुखी नहीं कर सकता। इसके विपरीत, जिसका मन दूसरों की प्रतिक्रियाओं और परिस्थितियों के अधीन है, वह सहज ही दुखी हो जाता है।

प्रकृति जन्म के साथ ही हमें दो वरदान देती है- शरीर और बुद्धि। समय के साथ दोनों का विकास होता है। बुद्धि के विकास ने ही मनुष्य को सुविधाएं जुटाने में सक्षम बनाया। खोने का दुख इसलिए होता है, क्योंकि हम उन चीजों को अपना मान लेते हैं, जिनका वास्तविक मूल्य सीमित है। सुख और दुख मन की स्थितियां हैं। जब तक हम भौतिक वस्तुओं को ही जीवन का सार मानते रहेंगे, तब तक आनंद की अनुभूति नहीं हो पाएगी। जैसे ही हम इस सत्य को समझ लेते हैं, सुख-दुख पर हम नियंत्रित करना सीख जाते हैं।

## नाभि में तीर

# जाल हुस्न का!



हरि मृदुल

कुमार साहब जब तक नौकरी में रहे, मिसेज कुमार की सामाजिक गतिविधियां निर्बाध गति से जारी रहीं। कभी किसी के मुंडन में दिख जाती थीं, तो कभी किसी के नामकरण में। शादी-ब्याह हो या बर्थडे, किटी पार्टी हो या माता की चौकी, किसी मोर्चे में शामिल होना हो या धरना देना, हर जगह उनकी उपस्थिति प्रमुखता से रहती थी। पोते-पोती वाली हो चुकीं, फिर भी उनके पांव घर पर टिकते ही नहीं थे। पता नहीं कैसे यह सब मैनेज कर लेती थीं। कुमार साहब को रिटायर होने में छह महीने बचे थे, तभी से कहना शुरू कर दिया था कि अब आगे वह सभी जगह जोड़ी में ही दिखेंगी। लाइफ को दोगुना एंजॉय करेंगी!



छह महीने बाद जब कुमार साहब रिटायर हुए, तो कुछ दिन वह वाकई जोड़ी में दिखीं। आगे-आगे वह होतीं, पीछे-पीछे साहब। लेकिन यह सिलसिला कुछ ही दिन चला। बाद में साहब ने हाथ खड़े कर दिए। पूरी तरह आराम करना है। किसी भी किस्म की आपाधापी में नहीं रहना है। इस असहयोग का मिसेज कुमार की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। उल्टे वह ज्यादा बेफिक्र हो गईं। घर की जो थोड़ी-बहुत चिंताएं थीं, साहब के सिर पर डाल दीं। लेकिन यह बेफिक्री ज्यादा दिन टिक नहीं सकी। मिसेज कुमार अब साहब को एक पल भी अकेला नहीं छोड़ना चाहतीं।

क्या कुमार साहब गंभीर रूप से बीमार पड़ चुके हैं? क्या मिसेज कुमार का समय उनकी सेवा में बीत रहा है? ना भाई ना। माजरा कुछ और ही है। दरअसल, पिछले दिनों कुमार साहब को एक सुंदरी ने हनीट्रैप कर अपने जाल में फंसा लिया और एक ही झटके में 25 लाख की चपत लगा दी। कहीं से एक फेसबुक रिक्वेस्ट मिली थी। उसे एक्सेप्ट किया, तो मेसेंजर पर बात होने लगी। इस तरह हुस्न का जाल बिछा और एक OTP से काम-तमाम हो गया। अब मिसेज कुमार ने कसम खा ली है कि साहब को कभी भी घर में अकेला नहीं छोड़ेंगी। उम्र के साथ ठरकपन भी बढ़ गया है। हुस्न के जाल में फिर फंस सकते हैं!

## एकदा

संकलन : रेनू सैनी

# 5 श्रोता भी कम नहीं

Subrata Dhar



पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर अपार प्रतिभा, कठोर साधना और संगीत के प्रति आजीवन समर्पण के प्रतीक थे। उनका विश्वास था कि संगीत केवल दरबारों या सीमित वर्गों की संपत्ति नहीं, बल्कि जनसाधारण की आत्मिक धरोहर है। इसी सोच के साथ वह जीवन भर संगीत को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने में जुटे रहे। एक बार धनार्जन के उद्देश्य से उनका एक संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्भाग्यवश प्रचार-प्रसार के अभाव में कार्यक्रम के दिन सभागार लगभग खाली रहा। केवल 5 श्रोता टिकट लेकर उपस्थित थे। इससे आयोजक निराश हो गए और उन्होंने पंडित पलुस्कर से कार्यक्रम रद्द करने का अनुरोध किया। उन्होंने शांत स्वर में कहा, 'जो 5 श्रोता अपना समय निकालकर संगीत सुनने आए हैं, वे मेरे लिए कम नहीं हैं। संगीत संख्या नहीं, साधना चाहता है।' यह कहकर उन्होंने पूरी तन्मयता और श्रद्धा के साथ गायन आरंभ किया। उनकी स्वर-लहरियां खाली सभागार भी जीवंत हो उठीं। उन श्रोताओं ने पलुस्कर के गायन की चर्चा पूरे नगर में फैला दी। उनकी साधना और समर्पण की गूंज संगीत प्रेमियों तक पहुंची। परिणामस्वरूप अगली बार जब उनका कार्यक्रम हुआ, तो सभागार खचाखच भरा था और टिकटों के लिए लंबी कतारें लगी थीं।

## कांटे की बात

नीतीश जी के मुस्लिम महिला का नकाब खींचने को उम्र का असर माना जाए या मुसलमानों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने को नॉर्मलाइज करना कहा जाए? शायद अब उनके पद छोड़ने का समय आ गया है।



**महबूबा मुफ्ती,** *जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री*

## छोटी बात, बड़ा फ़र्क़

# बच्चों में डायबिटीज़ से इस तरह लड़ रहा तमिलनाडु

*दुनिया में डायबिटीज के मरीज सबसे तेजी से भारत में बढ़ रहे हैं। चिंता की बात है कि बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इंटरनैशनल डायबिटीज फेडरेशन के मुताबिक, देश में टाइप-1 से 3.1 लाख बच्चे पीड़ित हैं। ऐसे में तमिलनाडु सरकार की एक पहल कारगर हो सकती है।*





AI Image

**रजिस्ट्रेशन का फायदा**

**तमिलनाडु सरकार** ने पिछले साल अगस्त में Type-1 Diabetes Registry बनाई थी। इस साल दिसंबर में रजिस्ट्रेशन पांच हजार के पार हो गया। मकसद यह जानना है कि राज्य में कितने बच्चे टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित हैं, उन्हें किस तरह का इलाज चाहिए। टाइप-1 पर फोकस इसलिए, क्योंकि इसमें रोज खुद इंसुलिन लेना पड़ता है।

**कंट्रोल में आया ब्लड शुगर**

**राज्य सरकार** ने 7 स्पेशलाइज्ड केयर सेंटर बनाए हैं और 13 की प्लानिंग चल रही है। यहां बच्चों को अच्छी क्वॉलिटी का इंसुलिन और जरूरी टेस्ट की सुविधा मिलती है। उनके माता-पिता को बीमारी के बारे में जागरूक भी किया जाता है। जिन बच्चों का इलाज इस योजना के तहत हो रहा है, उनका ब्लड शुगर पहले से बेहतर कंट्रोल में है।

जनता जंक्शन — इरफान





# बड़े नामों को छोड़ 'नया नाम' क्यों चुना BJP ने

पूनम पाण्डे

पिछले एक साल से BJP के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर जो चर्चाएं चल रही थीं, उनमें कई 'बड़े नाम' उछल रहे थे। किसी को संघ की कसौटी में कसकर रेस में आगे बताया जा रहा था तो किसी को सांगठनिक क्षमता और मोदी-शाह की पसंद के तौर पर पुख्ता दावेदार माना जा रहा था। लेकिन जब नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का ऐलान हुआ तो वे सारे नाम पीछे छूट गए।

### पीढ़ीगत बदलाव का संकेत

45 वर्षीय नितिन नवीन के बारे में लोग इंटरनेट पर सर्च करने लगे। ऐसा भी नहीं कि नितिन नवीन कोई अनजान शख्सियत हों, लेकिन अब तक उनकी पहचान और उनकी क्षमता की चर्चा प्रायः बिहार में ही रही है। बिहार से बाहर सिर्फ छत्तीसगढ़ में जरूर वे पहचाना नाम रहे क्योंकि BJP के छत्तीसगढ़ प्रभारी थे और 2023 विधानसभा चुनाव में वहां बूथ स्तर तक काम करने का जिम्मा भी संभाला था।

नितिन नवीन की शीर्ष पद पर नियुक्ति के जरिए पार्टी ने एक बार फिर अपने उसी अंदाज को दिखाया है जिसके लिए 2014 के बाद की BJP जानी जाती है। चाहे राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चयन रहा हो या उपराष्ट्रपति पद के लिए, चाहे किसी राज्य के सीएम का चयन रहा हो या फिर मंत्रियों का, BJP के फैसले ने हर बार साबित किया है कि शीर्ष नेतृत्व के फैसलों की भनक पार्टी के लोगों को भी नहीं लग पाती।

नितिन नवीन BJP में युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। 45 साल की उम्र में उन्हें ये जिम्मेदारी देकर BJP ने पीढ़ीगत बदलाव का संकेत भी दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उम्र को लेकर विपक्ष कई बार तंज करता रहा है। इसी साल पीएम 75 साल के हुए लेकिन एक साल पहले से ही विपक्ष ने पूछना शुरू कर दिया था कि क्या पीएम अब मार्गदर्शक मंडल में जाएंगे। हालांकि BJP की तरफ से ही नहीं RSS की तरफ से भी इसका जवाब दे दिया गया और फिर विपक्ष चुप हुआ।



विशुद्ध राजनीति
कसौटी

नितिन नवीन के जरिए BJP ने संदेश दिया है कि वह नई पीढ़ी के नेतृत्व की खेप तैयार कर रही है। इससे पहले कुछ राज्यों में भी 'बड़े नाम' वाले नेताओं को सीएम ना बनाकर BJP ने अपेक्षाकृत युवा लोगों को चुना। अभी BJP अपना हर चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर लड़ती है। नितिन नवीन के जरिए संदेश साफ है कि नई पीढ़ी तैयार करने में BJP पीछे नहीं रहेगी।

### कार्यकर्ताओं को संदेश

BJP हमेशा ही दूसरी पार्टियों पर परिवारवाद का आरोप लगाती रही है। वह कहती रही है कि वहां अध्यक्ष जैसे पद पर एक खास परिवार के लोग ही बैठ सकते हैं। हालांकि नितिन नवीन खुद भी एक BJP नेता के परिवार से ही आते हैं। उनके पिता नवीन किशोर सिन्हा बिहार में BJP विधायक रहे और उनके निधन के बाद खाली हुई सीट पर ही उपचुनाव लड़कर नितिन नवीन ने चुनावी राजनीति में प्रवेश किया। लेकिन BJP इसे परिवारवाद नहीं मानती है।

पीएम मोदी संसद में कह चुके हैं कि अगर दो लोग किसी परिवार से आगे बढ़ते हैं, तो वह स्वागत योग्य है, लेकिन अगर वही परिवार पूरी पार्टी को चलाने लगता है, तो वह परिवारवाद है जो लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। नितिन नवीन के जरिए BJP ने फिर अपने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है कि पार्टी में अनुशासन के साथ काम करने और प्रतिबद्ध रहने का इनाम मिलता है। साथ ही 'बड़े नाम' का मिथ BJP ने फिर एक बार तोड़ा है।

## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### भाषा की गरिमा

16 दिसंबर का संपादकीय 'अमर्यादित भाषा' राजनीति में गिरती भाषाई मर्यादा की एक गंभीर समस्या को रेखांकित करता है। लोकतंत्र में विरोध और असहमति स्वाभाविक है, लेकिन वे शालीनता और पद की गरिमा के दायरे में हों, यही अपेक्षा रहती है। जब राजनीतिक दल या नेता मर्यादा लांघते हैं, तो उसका असर केवल आपसी टकराव तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज और संस्थाओं पर भी पड़ता है। संसद का बार-बार ठप होना इसी प्रवृत्ति का परिणाम है, जिससे जनता से जुड़े अहम मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। सत्ता और विपक्ष को समझना होगा कि भाषा का संयम लोकतंत्र की मजबूती है।

**प्रियंका श्रीवास्तव, ईमेल से**

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP11 User: gagan.malhotra Time: 12-16-2025 20:00 Color:




FOREVERMARK

DIAMOND JEWELLERY

EVERYDAY LUXURY | SOLITAIRES | GIFTING

**NOW AT WAVE ONE, SECTOR 18, NOIDA**

+91 9076011154 | in.forevermark.com

DE BEERS GROUP

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP12 User: cci Time: 12-16-2025 23:00 Color:



मुंबई के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू मैच से पहले एक भी रात मेरी नींद नहीं उड़ी थी, लेकिन विमिंस वर्ल्ड कप में न्यूज़ीलैंड मैच से पहले कुछ दिन मेरी रातों की नींद उड़ गई थी क्योंकि वह मैच हर हाल में जीतना था। -अमोल मजूमदार, हेड कोच, भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम



**195** विकेट 36 एशेज टेस्ट में लिए हैं शेन वॉर्न ने। वह इंग्लैंड के खिलाफ द एशेज टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले बोलर हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. WTA प्लेयर ऑफ द ईयर 2025 आरिना सबालेंका किस देश की है?
A) बेलारूस B) अमेरिका C) फ्रांस D) रूस

2. एशेज टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक विकेट किस बोलर के नाम है?
A) शेन वॉर्न B) ग्लेन मैक्ग्रा C) बॉब विलिस D) इयान बॉथम

**कल के जवाब**
1. B) 6, 2. C) अबू धाबी

**लकी WINNER**



1-नवनीत गुप्त, गाजियाबाद, यूपी
2-राजीव श्रीवास्तव, लखनऊ, यूपी
3-अमिता जैन, वाशी गांव, ठाणे, महाराष्ट्र

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### ऐश्वर्य का वर्ल्ड रेकॉर्ड

■ **नई दिल्ली:** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन फाइनल में 470.5 का वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल जीता। नैसेना के नीरज कुमार ने सिल्वर और उत्तर प्रदेश के अखिल श्योरान ब्रॉन्ज जीता। गुरजोत सिंह ने 55 निशाने लगाकर पुरुषों की स्कीट स्पर्धा जीती। उन्होंने नौ बार के राष्ट्रीय चैंपियन मेराज अहमद खान (54 निशाने) को हराया।

### मंधाना बनी नंबर-1

■ **नई दिल्ली:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओपनर स्मृति मंधाना वनडे फॉर्मेट में दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बन गई है। साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट को पछाड़कर मंधाना ने टॉप रैंकिंग्स हासिल की। मंधाना को एक स्थान का फायदा हुआ है, जबकि वोल्वार्ड्ट को एक स्थान का नुकसान हुआ है। भारतीय बैटर जेमिमा रॉड्रिग्स 10वें पर है।

### भारत करेगा मेजबानी

■ **नई दिल्ली:** भारतीय साइकलिंग के इतिहास में पहली बार उपमहाद्वीपीय पुरुष टीम एलीट रोड रेस पहले यूसीआई 2.2 बजाज पुणे ग्रां टूर 2026 का आयोजन 19 से 23 जनवरी तक होगा। इस टूर से अंतरराष्ट्रीय साइकलिंग कैलेंडर का आगाज होगा। यह चार दिन तक चलने वाली चार चरण की 437 किलोमीटर की पुरुष टीम रोड रेस है।

### अनवर ने किया कमाल

■ **दुबई:** भारतीय बॉक्सर फैजान अनवर ने यहां 10 राउंड तक चले कड़े मुकाबले में रूस के सुसेन बायसनुरोव को हराकर डब्ल्यूबीए (विश्व मुक्केबाजी संघ) अंतरमहाद्वीपीय चैंपियनशिप जीती।

# Gen-Z की ओर बढ़ी चेन्नै सुपरकिंग्स

**IPL 2026 मिनी ऑक्शन**

■ **एजेंसियां, अबू धाबी:** प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा उस समय पैदा भी नहीं हुए थे जब महेंद्र सिंह धोनी एक सितारा बन चुके थे। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के शुरुआती वर्षों में जब 'कैप्टन कूल' कामयाबी की नई दास्तान लिख रहे थे तब ये दोनों क्रिकेटर बच्चे ही थे। उन्नीस बरस के विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक और 20 वर्ष के बाएं हाथ के स्पिन बोलिंग ऑलराउंडर वीर ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि चेन्नै सुपरकिंग्स उन पर 14 करोड़ 20 लाख रुपये खर्च करेगी और वह धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करेंगे। धोनी और संजू सैमसन के रहते कार्तिक को खेलने का मौका मिलेगा या नहीं? क्या वीर को रविंद्र जाडेजा के विकल्प के तौर पर तैयार किया जाएगा? इन सवालों के जवाब के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। मगर, IPL 2026 के लिए अबू धाबी में हुए मिनी ऑक्शन को देखते हुए लगता है कि चेन्नै सुपरकिंग्स ने भविष्य की ओर देखते हुए फैसला कर लिया है। हमेशा अनुभव पर जोर देने वाली चेन्नै की टीम ने ऐसे युवा खिलाड़ियों पर कम ही निवेश किया है जिन्हें आजमाया नहीं गया हो। धोनी के दौर के बाद टीम मैनेजमेंट नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अनुसार टीम तैयार कर रहा है। कोलकाता नाइटराइडर्स के साथ पंद्रह बरस तक रहे एआर श्रीकांत ने स्थानीय और वैश्विक प्रतिभाओं को पहचानने में अहम भूमिका निभाई है। अब वह चेन्नै टीम के प्रतिभा और खिलाड़ी खरीद प्रमुख हैं। उन्होंने अगर कुल जमा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के 21 मैचों का अनुभव रखने वाले वीर और कार्तिक को चुना है तो दोनों में कुछ तो बात होगी। इसके साथ ही यह संकेत है कि चेन्नै की टीम अब 'Gen Z' (1997 से 2012 के बीच जन्मे) की ओर बढ़ गई है।

**विदेशी खिलाड़ियों पर बड़ी बोली:** बांग्लादेश के बाएं हाथ के पेसर मुस्ताफिजुर रहमान को कोलकाता ने चेन्नै के साथ कई दौर की बोली के बाद 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा। सनराइजर्स हैदराबाद ने इंग्लैंड के बैटर लियाम लिविंगस्टन को खरीदने के लिए 13 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स ने ऑस्ट्रेलियन विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस की सेवाएं 8.60 करोड़ रुपये में हासिल कीं। इन दोनों के नाम पर नीलामी की शुरुआती दौर में किसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनोली को पंजाब किंग्स ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा।



प्रशांत वीर ₹14.20 cr CSK

| | |
|---|---|
| बेस प्राइस | 30 लाख रुपये |
| उम्र | 20 साल |
| राज्य | उत्तर प्रदेश |
| रोल | स्पिनर, बैटर |
| IPL टीम | चेन्नै सुपरकिंग्स |



कार्तिक शर्मा ₹14.20 cr CSK

| | |
|---|---|
| बेस प्राइस | 30 लाख रुपये |
| उम्र | 19 साल |
| राज्य | राजस्थान |
| रोल | विकेटकीपर बैटर |
| IPL टीम | चेन्नै सुपरकिंग्स |

**13** प्लेयर्स को खरीदा KKR ने जो इस ऑक्शन में सर्वाधिक है

**29** विदेशी खिलाड़ी खरीदे गए IPL 2026 के लिए मिनी ऑक्शन में

**77** खिलाड़ियों को खरीदा ऑक्शन में लीग की 10 टीमों ने

**215.45** करोड़ रुपये कुल खर्च किए टीमों ने मिनी ऑक्शन में

### अनजाने चेहरों पर बड़ा दांव

इस नीलामी में 'अनकैप्ड' (इंटरनैशनल मैच नहीं खेलने वाले) भारतीय खिलाड़ियों को बड़ी सफलता मिली। यूपी के प्रशांत के अलावा राजस्थान के कार्तिक को चेन्नै सुपरकिंग्स पर 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा। दोनों खिलाड़ी 30 लाख रुपये के बेस प्राइस में आने के बाद IPL ऑक्शन के इतिहास में सबसे अधिक कीमत पाने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। दिल्ली कैपिटल्स ने भी इस ऑक्शन में सबसे अधिक कीमत अनकैप्ड खिलाड़ी आकिब नबी डार को दी। जम्मू-कश्मीर के पेसर आकिब को 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा गया। RCB ने मध्य प्रदेश के दाएं हाथ के पेसर मंगेश यादव को 5.20 करोड़ रुपये में खरीदा। कुल 77 बिके खिलाड़ियों में 39 अनकैप्ड रहे। सबसे अधिक आठ अनकैप्ड खिलाड़ी SRH ने खरीदे।



आकिब नबी

### 19वां सीजन 26 मार्च से 31 मई तक

इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन का आयोजन 26 मार्च से 31 मई तक किया जाएगा। यह देखना होगा कि भगदड़ में लोगों की मौत के कारण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सभी बड़े क्रिकेट आयोजन रुकने के बाद गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के घरेलू मैदान को मेजबानी का मौका मिलता है या नहीं। स्थापित नियमों के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी का मौका मिलना चाहिए क्योंकि घरेलू टीम RCB ने IPL 2025 का खिताब जीता था।



साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में 2-1 से आगे है भारत

# आज सीरीज़ जीत और कप्तान सूर्य व उपकप्तान गिल पर होगा सारा फोकस

**टी20I सीरीज, चौथा मैच**

■ **NBT रिपोर्ट/एजेंसी, लखनऊ:** भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। चौथे टी20 मैच में भारतीय टीम का फोकस सीरीज जीत पर तो होगा ही, कप्तान सूर्यकुमार यादव और उप-कप्तान शुभमन गिल से उम्दा पारियों की भी उम्मीद होगी। सूर्य और गिल हाल के दिनों में इस फॉर्मेट में खराब लय में रहे हैं। तीसरे मैच में सूर्य के पास वह लय हासिल करने का अच्छा मौका था जिसने उन्हें दुनिया का टॉप टी20 का बैटर बनाया था।

**एक भी फिफ्टी नहीं:** कप्तान के आंकड़े एक चिंताजनक कहानी बताते हैं। भारतीय कप्तान एक साल से अधिक समय से लय हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। मौजूदा सीजन में इस फॉर्मेट में उनका ऐवरेज 15 से कम है। इसके अलावा 2025 में उनके नाम कोई फिफ्टी नहीं है जो उनके करियर में इस तरह का सबसे लंबा चरण है। वह इस दौरान केवल दो बार 20 गेंद से अधिक बैटिंग करने में सफल रहे हैं। गिल का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा है। उनके पारी का आगाज करने से भारत का टॉप ऑर्डर अस्थिर हो गया है। गिल ने अच्छी तरह से स्थापित संजू सैमसन की जगह ली। गिल ने टी20 इंटरनैशनल में उस बल्लेबाज की झलक नहीं दिखाई है, जो वह टेस्ट और वनडे में हैं। वह तीसरे टी20 में सिर्फ 28 रन ही बना पाए थे।



सूर्यकुमार लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मंगलवार को प्रैक्टिस सेशन के दौरान

**21 पिछली** टी20I पारियों से सूर्यकुमार यादव के बल्ले से एक भी अर्धशतक नहीं निकला है

**5 बार** अर्शदीप सिंह ने क्विंटन डीकॉक का शिकार किया है टी20 क्रिकेट में 56 गेंदों पर सिर्फ 66 रन देकर

सूर्यकुमार ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपने दम पर पांचों मैच जिता सकते हैं। अगर वह फॉर्म में नहीं हैं तो इसके यह मायने नहीं हैं कि वह अच्छे खिलाड़ी नहीं हैं। -शिवम दुबे, भारतीय ऑलराउंडर

| आमने सामने | | |
|---|---|---|
| 34 कुल मैच | 20 भारत जीता | 13 सा. अफ्रीका जीता |

**संभावित प्लेइंग XI**

**भारत:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा

**साउथ अफ्रीका:** रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, ओटनील बार्टमैन, एनरिच नॉर्त्जे

**पिच व मौसम** लखनऊ में भी ठंड होगी, लेकिन धर्मशाला जैसी नहीं। तापमान के 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जिससे स्पिन-अनुकूल पिच तैयार करना अब भी मुश्किल रहेगा। काफी ओस रहने की संभावना है।

LIVE **टेलिकास्ट:** शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

## हरियाणा-झारखंड के बीच होगी खिताबी जंग



हैदराबाद पर जीत का जश्न मनाते हरियाणा के प्लेयर्स

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी** सुपर लीग मुकाबले

■ **एजेंसियां, आम्बी (पुणे):** सामंत जाखड़ (60 रन, 22 गेंद) और अंकित कुमार (57 रन, 27 गेंद) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत हरियाणा ने मंगलवार को हैदराबाद को 124 रनों से करारी शिकस्त देकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह पक्की की जहां उसका सामना झारखंड से होगा। सामंत और अंकित के अलावा पार्थ वत्स ने आखिर में 19 गेंद पर 46 रन बनाए जिससे हरियाणा ने सात विकेट पर 246 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.1 ओवर में 122 रन पर ऑल आउट हो गई। **इससे पहले** झारखंड ने आंध्र प्रदेश से नौ रन से हार के बावजूद सुपर लीग ग्रुप-ए में टॉप पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया। आंध्र ने सात विकेट पर 203 रन बनाए और झारखंड को आठ विकेट पर 194 रन पर रोक दिया।

**मुंबई के लिए सरफराज की रेकॉर्ड फिफ्टी**

राजस्थान पर जीत के दौरान मुंबई के लिए सरफराज खान ने 22 गेंद में 73 रन की तूफानी पारी खेली। सरफराज ने अपनी पारी के दौरान 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और मुंबई की ओर से फास्टेस्ट फिफ्टी के अपने ही 18 गेंद के पुराने रेकॉर्ड को और बेहतर किया।

## बड़ी जीत में अभिज्ञान और दीपेश का यादगार प्रदर्शन

**अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट** भारत V/s मलयेशिया

■ **एजेंसियां, दुबई:** अभिज्ञान कुंडु के रेकॉर्ड 209* रन और दीपेश देवेंद्रन के पांच विकेट की मदद से भारत ने अंडर-19 एशिया कप मैच में मंगलवार को मलयेशिया को 315 रन से हराया। यह रनों के अंतर से यूथ वनडे में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2022 में भारत ने युगांडा को 322 रन से हराया था। कुंडु यूथ वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने। उन्होंने अपनी नाबाद पारी में 125 गेंदों का सामना करके 17 चौके और नौ छक्के लगाए जिसकी मदद से भारत ने सात विकेट पर 408 रन जोड़े। सत्रह वर्ष के कुंडु साउथ अफ्रीका के जोरिच वान शाल्कविक के बाद यूथ वनडे में दोहरा शतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज हो गए। जोरिच ने इस साल की शुरुआत में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ 153 गेंद में 215 रन बनाए थे।

**मलयेशिया का सरेंडर:** जवाब में दाहिने हाथ के मीडियम पेसर देवेंद्रन ने 22 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए मलयेशियन बैटिंग की कमर तोड़ दी। मलयेशिया की टीम 32.1 ओवर्स में 93 रन पर आउट हो गई। भारत के लिये वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंद में 50 रन बनाए। उन्होंने यूएई के खिलाफ इसी टूर्नामेंट में 171 रन की पारी खेली थी। चौथे नंबर पर उतरे वेदांत त्रिवेदी और कुंडु ने चौथे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी की। कुंडु ने अपनी पारी में 55 सिंगल निकाले। वेदांत ने 90 रन बनाए।



**अभिज्ञान कुंडु**
209* रन
125 बॉल
17 फोर
9 सिक्स

**1** पहले भारतीय क्रिकेटर बने अभिज्ञान कुंडु, यूथ वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले

## सबालेंका साल की बेस्ट प्लेयर चुनी गई

**WTA अवॉर्ड्स**

■ **एजेंसियां, न्यूयॉर्क:** आरिना सबालेंका ने लगातार दूसरी बार विमिंस टेनिस असोसिएशन (WTA) की साल की बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड जीता। उन्हें यूएस ओपन जीतने, दो अन्य ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने और सीजन का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करने के लिए मीडिया पैनल से लगभग 80 प्रतिशत वोट मिले। बेलारूस की सबालेंका पिछले 25 वर्षों में सेरेना विलियम्स और इगा स्वियातेक के साथ लगातार दो बार यह सम्मान जीतने वाली खिलाड़ी बन गई है।



आरिना सबालेंका

## प. बंगाल के खेल मंत्री का इस्तीफा

■ **आईएएनएस, कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में फुटबॉल के सुपर स्टार लियोनेल मेसी से जुड़े इवेंट के दौरान मैनेजमेंट में हुई कमियों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। फिलहाल सीएम खुद खेल मंत्रालय संभालेंगी। बिस्वास राज्य के बिजली मंत्री भी हैं। ऐसे में वह राज्य कैबिनेट के सदस्य बने रहेंगे।

**मेसी के इवेंट में गड़बड़ी**



अरूप बिस्वास

## सात्विक-चिराग को मिला 'ग्रुप ऑफ डेथ'

■ **एजेंसियां, हांगझोउ:** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बुधवार से शुरू होने वाली सीजन की अंतिम प्रतियोगिता BWF (बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन) वर्ल्ड टूर फाइनल्स में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। भारत की टॉप मेंस डबल्स जोड़ी को उस ग्रुप में जगह मिली है, जिसे 'ग्रुप ऑफ डेथ' (सबसे मुश्किल ग्रुप) माना जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हर वर्ग में आठ टॉप खिलाड़ी या जोड़ियां शामिल होती हैं, जिनका सिलेक्शन वर्ल्ड टूर कैलेंडर में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। दुनिया की पूर्व नंबर एक सात्विक और चिराग की जोड़ी इस प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि है।



सात्विक-चिराग की जोड़ी

## कमिंस और लियोन टीम में लौटे

**तीसरा टेस्ट मैच**

■ **एजेंसियां, एडिलेड:** चोट के कारण एशेज सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट से बाहर रहे पैट कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने जा रहे सीरीज के तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी संभालेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम में ब्रेंडन डॉगेट और माइकल नेसर की जगह कप्तान पैट कमिंस और नाथन लियोन की बोलिंग अटैक में वापसी हुई है, जबकि टीम-7 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसका मतलब है कि जोश इंग्लिस सातवें नंबर पर बरकरार रहेंगे। अपने 39वें जन्मदिन से सिर्फ दो दिन दूर अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा को ऑस्ट्रेलिया की इलेवन में जगह नहीं मिली।

**बांधेंगे काली पट्टी:** बॉन्डी बीच गोलीबारी के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ी इस टेस्ट में काली पट्टी बांधकर खेलेंगे और झंडे आधे झुकाए जाएंगे।





पैट कमिंस

**प्लेइंग XI**

**ऑस्ट्रेलिया:** जैक वेदराल्ड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस, पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड।

**इंग्लैंड:** जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, जोश टंग, ब्राइडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

**टेलिकास्ट:** सुबह 5 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES 21 Mar - 19 Apr:** आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा। वृश्चिक राशि का चंद्रमा आपके सामने ढेर सारी चुनौतियां खड़ी करेगा। आपको आज के दिन नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप समय पर पूरा करेंगे। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश दिलाएगी।

**TARUS 20 Apr - 19 May:** आज का आपका दिन शुभ है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। दिन का काम जल्दी खत्म करके सायंकाल कुछ समय परिवार के साथ बिताएं।

**GEMINI 21 May - 21 Jun:** आज का दिन आपके लिए सामान्य है। राशि का स्वामी बुध सप्तम पराक्रम विभूति भाव में केतु के साथ बैठकर बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है। संतान पक्ष की ओर से हर्षदायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा। आपके भाग्योदय का दिन है, इसलिए क्रियाशील रहें।

**CANCER 22 Jun - 22 July:** आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आपके द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे। आज दिनभर भागदौड़ रहने से आप थकावट महसूस करेंगे। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना न भूलें, अन्यथा आगे चलकर संतान संबंधी कष्ट हो सकते हैं।

**LEO 23 July - 22 Aug:** आज आपका भाग्य हर कदम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड्यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपकी समझौते से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित हो सकता है।

**VIRGO 23 Aug - 22 Sep:** राशि का स्वामी बुध अपने के घर तृतीय प्रमुख पराक्रम भाव पर में संचार कर रहे हैं। इसके फलस्वरूप कुटुंबजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। संतान पक्ष से सुखद समाचार और दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

**LIBRA 23 Sep - 22 Oct:** आपकी राशि का स्वामी शुक्र द्वितीय कोण केंद्र भाव में और आज राहु पंचम शत्रु भाव में है। आर्थिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। कुछ शत्रु सक्रिय रहेंगे और हो सकता है आज कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी कुछ रुकावटें डालने का प्रयास करें। दिन के एक हिस्से में व्यर्थ की भागदौड़ और पारिवारिक अशांति विशेष रूप से रहेगी।

**SCORPIO 23 Oct - 21 Nov:** आपकी राशि पर शनि योग एवं वृश्चिक राशि का चंद्रमा से आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाएं तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec:** राशि का स्वामी बृहस्पति कर्क में है। चंद्रमा आज व्यय भाव में संचार कर रहा है। राज्य कार्यों में सफलता, घर में धन-धान्य की वृद्धि, प्रिय मित्रों से भेंट, मिलेगा, शत्रुओं पर विजय और मनोरथ सिद्धि होगी। सायंकाल से रात्रि में मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

**CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan:** आज दिन की शुरुआत में आप उत्साह से भरे रहेंगे और नए विचार भी आपके दिमाग में आएंगे। आज स्वजनों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्च अधिकारियों की कृपा से जमीन जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। सायंकाल के समय स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb:** राशि स्वामी शनि द्वितीय भाव लाभ में मीन राशि में अपने घर संचार कर रहा है। कर्मफल की सिद्धि कारक है। कहीं से रुका हुआ धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से चला आ रहा कोई विवाद सुलझ जाएगा।

**PISCES 19 Feb - 20 Mar:** आप हमेशा लोगों की सहायता के लिए तैयार रहते हैं, इसलिए आज भी आपके दिन का एक हिस्सा दूसरों की सहायता करने में बीतेगा। आज पूरे दिन आप के मन स्नेह सामने आएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी तरक्की देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारक रहेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष चंद्र, गुरु वर्ष के स्वामी बन रहे हैं। वर्ष सुवर्ण पाद से प्रवेश कर रहा है। दिसंबर महीने से जनवरी 2026 तक शुभ व्यय, कीर्ति की वृद्धि, हर्ष मंगलमय परिवर्तन और मनोरथ सिद्धि होगी। इस दौरान घर-परिवार में सुख-शांति और स्थिरता बनी रहेगी। फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक का समय स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं है, फिर भी नियमित कार्यक्रमों में परिवर्तन लाने से यथोचित लाभ हो पाएगा। अप्रैल महीने तक सभी रुके हुए कार्य कुछ झंझटों और व्यय करने के बाद बन जाएंगे। मई माह की शुरुआत से लेकर जून माह के अंत तक में मंगल कार्य की योजना बनेगी। इस दौरान अपने व्यापार में नवीनता लाएंगे, तो लाभ होगा। जुलाई महीने की शुरुआत से लेकर अगस्त महीने के अंत तक सकारात्मक यात्रा और पर्यटन के योग हैं। इस दौरान की गई यात्रा सफल होगी और यात्रा के दौरान किसी ऐसे व्यक्ति से भेंट होगी, जो आगे चलकर आपके काम आएगा। सितंबर महीने में अपने ज्ञान व मनोरंजन पर खर्च करना सुखद सिद्ध होगा। अक्टूबर महीने के उत्तरार्ध अत्यधिक व्यस्तता का है। नवंबर महीने में अच्छे परिणाम के लिए कनक धारा स्तोत्र का पाठ विद्वान ब्राह्मण द्वारा कराएं। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग (बृहस्पतिवार, 18 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति मार्गशीर्ष 27, शक संवत 1947, पौष, कृष्ण, चतुर्दशी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 4, जमादि उलआखिर 26, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 18 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य दक्षिणायन, दक्षिण गोल, हेमंत ऋतु। राहुकाल दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। चतुर्दशी तिथि अर्धरात्रोत्तर 4 बजकर 50 मिनट तक उपरांत अमावस्या तिथि का आरंभ। अनुराधा नक्षत्र रात्रि 8 बजकर 7 मिनट तक। धृतिमान योग अपराह्न 3 बजकर 6 मिनट तक। विष्टि करण अपराह्न 3 बजकर 48 मिनट तक उपरांत चतुष्पद करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात वृश्चिक राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार- श्री प्रदोष व्रत।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 6 | | 4 | 2 | | |
| | | | 1 | | 9 | | | |
| 5 | 6 | | | 2 | | | 1 | 3 |
| | 9 | | | | | | 2 | |
| 1 | 7 | | 8 | | 2 | | 3 | 5 |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| 8 | 5 | | | 7 | | | 4 | 6 |
| | | | 9 | | 1 | | | |
| | | 2 | 5 | | 6 | 7 | | |

### TELEVISION

big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 लल्लू लालू | 13:30 भ से भड़े |
| 10:00 गठजूड़ा बुढ़क | 14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 15:00 सिरीज़ कृष्णा |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 17:00 कालू लालू |
| 12:30 हम पांच | 18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:00 रुद्र के रक्षक | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP23 User: rajesh.mishra Time: 12-16-2025 22:39 Color:



**इम्यून सिस्टम दुरुस्त करे मुस्कान**
लगातार मुस्कुराने और खुश रहने से शरीर में व्हाइट ब्लड सेल्स की संख्या स्थिर रहती है, जिससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (Immunity) बढ़ती है।

## विचार

आपको पता चलेगा कि जीवन अभी भी सार्थक है, अगर आप बस मुस्कुरा सकें। दर्द के बावजूद मुस्कुराने की क्षमता ही इंसान को ज़िंदा रखती है।
**- चार्ली चैप्लिन** (Charlie Chaplin)



## ज़रा हंस लें

**भिखारी:** बच्चा, भूखे स्वर्ग मिलेगा, लाओ कुछ दक्षिणा दे जाओ। **लड़का:** ठीक है दक्षिणा ले जाओ, मैंने दिल्ली दी। **भिखारी:** दिल्ली क्या तुम्हारी है? जो मुझे दे रहे हो। **लड़का:** तो स्वर्ग क्या तुम्हारा है, जो तू उधार के प्लाट बता रहा है।

## कविता

### आओ मिलजुल कर...

चलो भी आओ मिलजुल के,
गुलशन का कारोबार करें
एक दूजे के साथ चलें और...
आपस में बस प्यार करें।
रहे नहीं ईर्ष्या कोई द्वेष...
धर्म,जाति का कोई कलेश
पुष्पों के रंगों सा रहकर...
खुशियों सा बस संसार करें।
चलो भी आओ मिलजुल के,
गुलशन का कारोबार करें
एक दूजे के साथ चलें और...
आपस में बस प्यार करें।
नेचर से क्रिएचर तक...
वर्तमान से फ्यूचर तक
आपस में घुल-मिल जाएं...
मानवता का व्यवहार करें।
चलो भी आओ मिलजुल के,
गुलशन का कारोबार करें
एक दूजे के साथ चलें और...
आपस में बस प्यार करें।
भूलें अतीत की सब दुविधा...
वर्तमान में रहे सुविधा
बीती बातों की कड़वाहट...
जग से उसको करो विदा
आपस में जो लड़वाते...
ऐसे मूर्खों का बहिष्कार करें।
चलो भी आओ मिलजुल के,
गुलशन का कारोबार करें

**- राज कुमार,NBT रीडर**

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

# कैसे वन्य जीवों के लिए सबसे बड़ा ठिकाना बन रहा भारत

*चीतों की वापसी ने खूब सुर्खियां बटोरीं, लेकिन इसके पीछे एक बड़ी और खामोश कहानी है। पिछले कुछ सालों में दुनिया भर से हजारों जंगली जानवर भारत आए हैं और यहां के जू में नई जिंदगी शुरू की है। इस सूची में पक्षी, रेप्टाइल्स और बंदर की प्रजाति के जीव तो हैं ही, लेकिन सबसे ऊपर है भारत का प्यार यानी टाइगर... । **अतुल ठाकुर** की रिपोर्ट...*



### 4 साल में 6,400 जानवर भारत पहुंचे

CITES (वन्य जीवों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन) के आंकड़ों के मुताबिक, 1978 के बाद भारत में आए कुल जानवरों में से 90% सिर्फ पिछले 4 सालों में पहुंचे हैं।

**जू के लिए जानवरों का आयात तेजी से बढ़ा है:**

| 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | 19 | 16 | 2 | 24 | 20 | 234 | 486 | 4,051 | 1,640 |

### 'बिग कैट' की सबसे ज्यादा मांग

भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टाइगर वाला देश है और जू में भी सबसे ज्यादा मांग टाइगर की ही रही।

**1978 से 2024 के बीच आयात**

| | |
|---|---|
| टाइगर | 314 |
| शेर | 188 |
| चीता | 159 |
| यूरोपीय भैंसा | 158 |
| कॉमन स्क्विरल मंकी | 154 |

जैगुआर, लेपर्ड, प्यूमा और स्नो लेपर्ड भी इस सूची में शामिल हैं।



### हर जगह से आए जानवर

| | |
|---|---|
| द. अफ्रीका | 2,072 |
| UAE | 995 |
| चेक रिप. | 854 |
| मैक्सिको | 816 |
| ऑस्ट्रिया | 687 |
| गुयाना | 364 |
| मोजाम्बिक | 158 |
| जर्मनी | 136 |
| सिंगापुर | 130 |
| श्रीलंका | 116 |

1978 से 2024 के बीच भारत को जानवर भेजने वाले देश

भारत में आने वाले करीब 30% जानवर दक्षिण अफ्रीका से हैं। इसके बाद यूरोप और अमेरिका का नंबर आता है।

### 2 साल में सबसे बड़ा इंपोर्टर बना भारत

**2,922** जानवर आयात किए गए 2024 में दुनियाभर में जू के लिए। इनमें से 1,640 जानवर भारत आए, जिससे भारत दुनिया का सबसे बड़ा आयातक बन गया। 2023 में भी भारत टॉप पर रहा था।



### विदेश भेजने में घड़ियाल-मगरमच्छ आगे

*जहां भारत आयात में आगे है, वहीं निर्यात सीमित रहा। 2005 में भारत ने 47 जानवर निर्यात किए, जबकि 1976-2024 के बीच कुल 483 जानवर बाहर भेजे गए। इनमें सबसे ज्यादा घड़ियाल थे।*

**निर्यात (1976-2024)**

| | |
|---|---|
| घड़ियाल | 102 |
| मगरमच्छ | 48 |
| एशियाई हाथी | 45 |
| शेर | 31 |
| ब्लैकबक | 24 |

# गोली जैसा रोबॉट, पेट में जाकर लेगा सैंपल

katyayani.upreti
@timesofindia.com

■ एक ऐसा माइक्रो डिवाइस जिसे दवा की तरह निगला जा सके, जो पेट के रास्ते आंत तक पहुंचे, सैंपल इकट्ठे करे और फिर शरीर से बिना सर्जरी के खुद निकल जाए। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी (आईआईटी) दिल्ली और ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) दिल्ली ने मिलकर एक ऐसा माइक्रो रोबॉट तैयार किया है और जल्द ही यह मेडिकल साइंस की दुनिया में मदद देने के लिए तैयार होगा। दोनों इंस्टिट्यूट की रिसर्च टीम ने यह इंस्ट्रूमेंट तैयार किया है, जिससे मानव शरीर में मौजूद माइक्रोबायोम को समझने में मदद मिलेगी। इंस्ट्रूमेंट को जानवरों पर परखा जा चुका है, जो कामयाब हुआ है। अब इंसानों पर ट्रायल होगा।

यह माइक्रो रोबॉट पेट के रास्ते सीधे छोटी आंत पहुंच सकता है और वहां से बैक्टीरिया और बाकी रसायनों के मॉलिक्यूल्स यानी सूक्ष्म नमूने इकट्ठा कर सकता है। इसकी खासियत यह है कि यह पेट से जब गुजरता है, तो पेट के एसिड से खुद को सुरक्षित रखता है। छोटी आंत में पहुंचते ही यह सक्रिय हो जाता है और वहां मौजूद बैक्टीरिया को अपने अंदर जमा कर लेता है। नमूना इकट्ठा होने के बाद यह सुरक्षित और प्राकृतिक रूप से शरीर से बाहर निकल जाता है।




शोधकर्ताओं का कहना है कि सभी बैक्टीरिया नुकसान नहीं पहुंचाते। शरीर के लगभग आधे से ज्यादा सेल माइक्रोब्स के होते हैं, जो पाचन, रोग प्रतिरोधक क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य में अहम भूमिका निभाते हैं। अब तक इनकी गंभीर स्टडी करना मुश्किल था, क्योंकि स्टूल टेस्ट से पूरी तस्वीर नहीं मिल पाती थी। नया उपकरण इन कमियों को दूर करेगा।




जानवरों पर टेस्टिंग में कामयाब, अब इंसानों पर इसका ट्रायल होगा

## फूलों से सजी आस्था की राह

PTI



बोधगया में कग्यू मोनलम प्रार्थनाओं के दौरान आस्था और शांति का मनमोहक दृश्य देखने को मिला। बौद्ध भिक्षु बड़े-बड़े वाद्ययंत्र लिए 17वें करमापा त्रिनले थाये दोरजे के स्वागत में कतारबद्ध खड़े हैं। फूलों से सजी राह, संगीत की गूंज और अनुशासित कदम बौद्ध परंपरा की गहराई को बयां कर रहे हैं।

**पकती सियासी खिचड़ी: संसद के हर सत्र में लगती है खास रसोई, सांसदों से स्टाफ तक सभी की होती है दावत**

# पक्ष हो या विपक्ष, गडकरी के मराठी टेस्ट के सभी हैं दीवाने

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** नितिन गडकरी की स्वादिष्ट रसोई ! संसद का कोई भी सत्र हो, हर सत्र में नए संसद भवन के रूम नंबर-3 में एक अनोखी रसोई सब को मोह लेती है। मराठी में 'स्वयंपाक' घर के नाम से मशहूर ये रसोई पक्ष-विपक्ष के सांसदों से लेकर संसद कर्मचारियों में भी बेहद लोकप्रिय है। ये रसोई है, केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी की। तमाम वीआईपी मेहमानों को नितिन गडकरी कभी भी खास मराठी स्वाद वाला ये नाश्ता कराए बिना जाने नहीं देते। चाहे इन वीआईपी में कोई सत्ता पक्ष का मंत्री और मेंबर हो या फिर विपक्ष का कोई भी सांसद।



वड़ा-पाव, पोहा, मिसल पाव, पूरन पोली जैसा नाश्ता कराते हैं गडकरी

वह खुद हर दिन के हिसाब से मेन्यू तय करते हैं। संसद सत्र चलने के दौरान आमतौर पर सप्ताह में दो दिन बुधवार-गुरुवार को यह मराठी टेस्ट वहां मिलता है। क्योंकि इन दोनों दिन उनके मंत्रालय का संसद के दोनों सदनों में प्रश्नकाल होता है। जिसमें सांसदों की समस्या के समाधान के लिए मंत्रालय के तमाम अधिकारियों को भी बुलाया जाता है। आम तौर पर गडकरी इन्हीं दिनों संसद में होते हैं।



नितिन गडकरी

वह अपने दिल्ली के 2, मोतीलाल नेहरू प्लेस स्थित सरकारी बंगले से खाना-पीना बनवाकर संसद भवन में अपने ऑफिस में मंगवाते हैं। यहां दो दिनों में 600 से अधिक वीआईपी और इनके जानकार उनसे मिलने आते हैं। गडकरी की इस रसोई में महाराष्ट्र का फेमस वड़ा-पाव, पोहा, मिसल पाव, पूरन पोली और साबूदाना खिचड़ी समेत अन्य नाश्ता होता है। इनका मसाला भी वह नागपुर से ही मंगाते हैं। नाश्ते की तैयारी पहले दिन कर ली जाती है। एक स्टाफ का कहना है कि नितिन गडकरी की यह परंपरा 2014 में जब वह केंद्रीय मंत्री बने, तब से चल रही है। संसद का कोई भी सत्र हो, उनके संसदीय ऑफिस में उनकी पसंद से तैयार मेन्यू का मराठी टेस्ट वाला नाश्ता जरूर चखने को मिलता है।

THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### IOB में 3% हिस्सा बेचेगी सरकार

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने पब्लिक सेक्टर बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक (IOB) में अपनी 3 फीसदी तक हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। यह बिक्री ऑफर फॉर सेल (OFS) के जरिए की जाएगी, जिसकी शुरुआत बुधवार से हो रही है। शेयर बाजार में अभी जो भाव चल रहा है, उस हिसाब से सरकार को इससे 2,100 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। मंगलवार को बैंक का शेयर 1.08 % गिर गया।

### HDFC बैंक को RBI की हरी झंडी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** देश के सबसे बड़े निजी बैंकों में से एक HDFC बैंक को RBI से इंडसइंड बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 9.5 फीसदी तक करने की मंजूरी मिल गई है। इंडसइंड बैंक ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि HDFC बैंक ने इस हिस्सेदारी को खरीदने के लिए आरबीआई के पास अर्जी दी थी, जिसके आधार पर यह मंजूरी मिली है।

### 7 कंपनियों के IPO को सेबी की मंजूरी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** मार्केट रेगुलेटर सेबी (SEBI) ने परोडा हेल्थकेयर सर्विसेज, Fusion CX और ओरिएंट केबल्स समेत कुल 7 कंपनियों को अपना IPO लाने की मंजूरी दे दी है। चार अन्य कंपनियों में टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस, आरएसबी रिटेल इंडिया, एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज और लोहिया कॉर्प शामिल हैं।

### Apple की याचिका पर मांगा जवाब

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से प्रौद्योगिकी कंपनी ऐपल की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। कंपनी ने कई सालों के ऑडिट किए गए फाइनेंशल डिटेल उपलब्ध कराने के सीसीआई के निर्देश को चुनौती दी है।

# 91 का निचला स्तर छूने के करीब पहुंचा रुपया

## कारोबार के दौरान 91.14 रु./डॉलर के लेवल पर पहुंचा था

AI Image




**क्लोजिंग रेट:** 90.93 (प्रति डॉलर)
**गिरावट :** 15 पैसे

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** भारतीय रुपये ने मंगलवार को गिरावट के रेकॉर्ड तोड़ दिए। डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे टूटकर 90.93 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। उधर, राज्यसभा में सरकार ने बताया कि रुपये के गिरने की असली वजह बढ़ता हुआ व्यापार घाटा (ट्रेड डेफिसिट) और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते (ट्रेड डील) को लेकर चल रही खींचतान है।

**Q कितनी गिरावट? :** दिन के कारोबार के दौरान रुपये की हालत काफी खराब थी। यह 91 का लेवल तोड़ते हुए 91.14 रुपये प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, बाजार बंद होते-होते इसमें थोड़ी रिकवरी आई और यह अपने पिछले भाव के मुकाबले 15 पैसे गिरकर 90.93 पर बंद हुआ।

**Q क्या है वजह? :** मंगलवार को राज्यसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि इस वित्तीय साल में रुपये की कमजोरी के पीछे मुख्य रूप से बढ़ता व्यापार घाटा और अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर अनिश्चितता है। इसके अलावा, विदेशी निवेश (कैपिटल अकाउंट) से भी उतनी मदद नहीं मिल पा रही है।

**Q क्या होगा असर? :** मंत्री ने बताया कि करंसी कमजोर होने से हमारा निर्यात सस्ता हो जाता है, जिससे इकॉनमी को फायदा हो सकता है। लेकिन दूसरी तरफ, बाहर से आने वाला सामान (इंपोर्ट) महंगा हो जाता है। उन्होंने कहा कि घरेलू महंगाई पर इसका कितना असर होगा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि बढ़ी हुई कीमतें ग्राहकों पर कितनी डाली जाती हैं।

**Q क्या कहते हैं आंकड़े? :** पंकज चौधरी ने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि इस साल 3 दिसंबर तक रुपया 5.1 फीसदी गिर चुका है। 2017 में रुपया मजबूत (6.4% बढ़त) हुआ था, लेकिन उसके बाद से (2018 से 2024 तक) लगातार गिरावट ही देखी गई है। 2022 में तो यह 10.2 फीसदी तक गिरा था।

**Q आगे क्या होगा? :** फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स के अनिल कुमार भंसाली ने कहा कि अगर RBI ने दखल नहीं दिया तो 92 का भाव जल्द ही देखने को मिल सकता है। सरकार का कहना है कि RBI हालात पर नजर रखे हुए है।

### बेरोजगारी दर घटकर 7 महीने के निचले स्तर पर



■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** रोजगार के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.7 फीसदी रह गई है। यह पिछले 7 महीनों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले अक्टूबर में यह आंकड़ा 5.2 फीसदी था। सांख्यिकी मंत्रालय (MoSPI) के आंकड़ों के मुताबिक, बेरोजगारी दर अप्रैल 2025 के बाद अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। मंत्रालय ने बताया कि गांवों में बेरोजगारी दर घटकर 3.9 फीसदी के नए निचले स्तर पर आ गई है। वहीं, शहरों में भी हालात सुधरे हैं और यहां बेरोजगारी दर घटकर 6.5 फीसदी हो गई है, जो अप्रैल 2025 के स्तर के बराबर है। अप्रैल 2025 में कुल बेरोजगारी दर 5.1 फीसदी थी। नवंबर में महिलाओं की बेरोजगारी दर अक्टूबर के 5.4 फीसदी से गिरकर 4.8 फीसदी रह गई। यह सुधार गांव और शहर दोनों जगह दिखा।

# शेयर बाज़ार गिरा, सेंसेक्स 533 अंक लुढ़का, निफ्टी 25,860 पर

AI Image




■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट देखने को मिली। विदेशी निवेशकों के लगातार पैसे निकालने, रुपये के कमजोर होने और दुनिया भर के बाजारों में छाई सुस्ती ने निवेशकों का सेंटिमेंट बिगाड़ दिया। सेंसेक्स 533.50 अंक (0.63%) टूटकर 84,679.86 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी भी 167.20 अंक (0.64%) फिसलकर 25,860.10 पर बंद हुआ। यह निफ्टी का इस हफ्ते का सबसे निचला स्तर है।

सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का हाल सबसे बुरा रहा, इसके शेयर 5.03 फीसदी टूट गए। इसके अलावा एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनैंस के शेयरों में भी भारी गिरावट रही। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.78 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.69 फीसदी गिर गया।

अगर अलग-अलग सेक्टर की बात करें तो सबसे ज्यादा मार रियल्टी सेक्टर पर पड़ी, जो 1.36 फीसदी टूट गया। इसके बाद बैंकिंग (1.03 फीसदी), कमोडिटीज, आईटी, फाइनैंशल सर्विसेज और मेटल सेक्टर भी गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, इस गिरावट के बीच टाइटन, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एशियन पेंट्स के शेयर मुनाफे के साथ हरे निशान में बंद हुए। एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) ने 1,468.32 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

जियोजित फाइनैंशल सर्विसेज के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, विदेशी निवेशकों (FII) की लगातार बिकवाली और वैश्विक बाजारों की सुस्ती के कारण रुपया रेकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। इसी वजह से घरेलू बाजार भी दबाव में आ गए और लाल निशान में बंद हुए।

### 1,700 टूटा सोना, चांदी भी सस्ती

पिछले चार दिनों से सोने के भाव में जो रेकॉर्ड तोड़ तेजी चल रही थी, उस पर मंगलवार को ब्रेक लग गया। राष्ट्रीय राजधानी में सोना 1,700 रुपये टूटकर 1,35,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। सोमवार को 99.9 फीसदी शुद्ध सोना 4,000 रुपये की छलांग लगाकर 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। पिछले चार दिनों में सोने में 6,000 रुपये की भारी-भरकम तेजी आई थी। वहीं, स्थानीय बाजार में चांदी 1,000 रुपये गिरकर 1,98,500 रुपये प्रति किलो पर आ गई। इससे पहले चांदी 1,99,500 रुपये प्रति किलो के अपने रेकॉर्ड हाई पर थी।

# AI पर नया कानून नहीं, केंद्र का इनोवेशन पर ज़ोर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के लिए अभी कोई नया कानून या सख्त नियम लाने के मूड में नहीं है। सरकार का मानना है कि जब तक बेहद जरूरी न हो, नए कानून बनाने से बचना चाहिए।



इसके बजाय, सरकार मौजूदा कानूनों के जरिए ही AI से जुड़ी चुनौतियों से निपटने की तैयारी कर रही है। यह बात इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सचिव एस कृष्णन ने मंगलवार को कही।

यहां आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए कृष्णन ने कहा कि सरकार बहुत सोच-समझकर कदम उठा रही है। मकसद यह है कि नियमों के चक्कर में टेक्नोलॉजी सेक्टर में हो रहे इनोवेशन पर कोई ब्रेक न लगे। उन्होंने कहा, AI को लेकर हमारा नजरिया अब तक बहुत साफ और जमीनी हकीकत से जुड़ा रहा है। हम किसी भी हाल में इनोवेशन के रास्ते में रोड़ा नहीं बनना चाहते। उन्होंने कहा कि इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी (IP) ऐक्ट और हाल ही में आए डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (DPDP) ऐक्ट के जरिए AI के इस्तेमाल से जुड़े काफी मुद्दों को सुलझाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि वक्त आने पर देखा जाएगा कि और किसी नियम की जरूरत है या नहीं। हालांकि, उन्होंने चेतावनी देते हुए यह भी साफ किया कि अगर इस तकनीक से किसी को नुकसान पहुंचता है, तो सरकार चुप नहीं बैठेगी।

AI की वजह से नौकरियां जाने के डर पर उन्होंने माना कि कुछ पुरानी नौकरियां खत्म हो सकती हैं, लेकिन साथ ही कई नई नौकरियां भी पैदा होंगी।

# भारत में AI पर गूगल करेगी लाखों डॉलर निवेश

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** भारत को ग्लोबल AI लीडरशिप की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए, गूगल ने स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए निवेश और साझेदारियों की घोषणा की है। ये घोषणाएं मंगलवार को आयोजित लैब टु इम्पैक्ट कार्यक्रम में की गईं, जो इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026 के सहयोग से आयोजित हुआ। इस निवेश का सबसे बड़ा हिस्सा 80 लाख डॉलर भारत सरकार के चार AI सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस (IISc बैंगलोर, IIT कानपुर, IIT मद्रास और IIT रोपड़) को दिया गया है, जो स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शहरी प्रशासन जैसे क्षेत्रों में काम करेंगे।

Wadhwani AI को स्वास्थ्य सेवा (HealthVaani) और कृषि (AgriVaani/Garuda) के लिए AI समाधान विकसित करने हेतु कुल 45 लाख डॉलर की फंडिंग दी गई है। भाषाई विविधता को बढ़ावा देने के लिए IIT बॉम्बे में 'इंडिक लैंग्वेज टेक्नोलॉजीज रिसर्च हब' की स्थापना के लिए 20 लाख डॉलर आवंटित किए गए हैं। भारत के हेल्थ फाउंडेशन मॉडल के विकास के लिए 4 लाख और विभिन्न AI स्टार्टअप्स व रिसर्च प्रोजेक्ट्स (जैसे Gnani.AI, CoRover.AI, BharatGen और IIT बॉम्बे का जेम्मा प्रोजेक्ट) को 50,000-50,000 डॉलर के ग्रांट्स दिए गए हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सामरिक राष्ट्रीय क्षमता के रूप में देख रहा है। चार AI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को एक समन्वित राष्ट्रीय अनुसंधान मिशन के रूप में तैयार किया गया है, जो आधारभूत रिसर्च, जिम्मेदार AI और जनहित में काम आने वाले अनुप्रयोगों को आगे बढ़ाते हैं। यह हमारे विकसित भारत 2047 के बड़े लक्ष्य में भी योगदान देते हैं। गूगल डीपमाइंड के सीनियर रिसर्च डायरेक्टर डॉ. मनीष गुप्ता ने कहा कि AI वैज्ञानिक खोजों को तेज करने, मानवीय क्षमताओं को बढ़ाने और भारत इसको बड़े पैमाने पर अपनाने के कारण दुनिया को बदलने की ताकत रखता है। भारत AI आधारित भविष्य का नेतृत्व कर सकता है।

गूगल ने भारत के हेल्थ फाउंडेशन मॉडल तैयार करने के तहत MedGemma आधारित AI मॉडल बनाए जाएंगे। AIIMS विशेषज्ञों के साथ मिलकर अजनालेस डर्मेटोलॉजी और OPD ट्रायेजिंग से जुड़े मामले पर भारत-विशिष्ट मॉडल बनाएगा। IISc की टीम अन्य क्लीनिकल उपयोगों पर शोध करेगी। गूगल राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के साथ मिलकर लाखों मेडिकल रिकॉर्ड्स को FHIR जैसे अंतरराष्ट्रीय मानक में बदलने पर काम कर रहा है, ताकि मरीज अपनी रिपोर्ट बेहतर समझ सकें और नीति निर्माण में मदद मिल सके। साथ ही देश के 4 लाख से अधिक पंजीकृत स्वास्थ्य केंद्रों को गूगल मैप्स और सर्च पर अपडेट किया जा रहा है।

### किसको कितना ?

- AI सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस : 80 लाख डॉलर
- Wadhwani AI : 45 लाख डॉलर
- IIT बॉम्बे (भाषा हब) : 20 लाख डॉलर
- हेल्थ फाउंडेशन मॉडल के लिए 4 लाख डॉलर
- स्टार्टअप्स और रिसर्च (प्रत्येक): 50,000 डॉलर

AI Image



### वेदांता के डीमर्जर को NCLT से मिली मंजूरी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता ग्रुप के लिए मंगलवार को राहत वाली खबर आई। नैशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) ने वेदांता के डीमर्जर प्लान (कारोबार को अलग-अलग हिस्सों में बांटने की योजना) को मंजूरी दे दी है। अब वेदांता के एल्युमीनियम, तेल-गैस, पावर (बिजली) और स्टील कारोबार के लिए अलग-अलग कंपनियां बनाने का रास्ता साफ हो गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इसका कड़ा विरोध किया था, लेकिन ट्रिब्यूनल ने वेदांता के पक्ष में फैसला सुनाया। वेदांता के प्रवक्ता ने कहा, अब हम सेक्टर के हिसाब से अलग-अलग लिस्टिंग कंपनियां बनाएंगे, जिनकी अपनी रणनीति और अपना कैपिटल स्ट्रक्चर होगा।

NBT Front Page-2
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर
बुधवार, 17 दिसंबर 2025

## NBT AI टाइम मशीन



### आज ही उड़ा था पहला प्लेन

आज के दिन, 17 दिसंबर 1903 को अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में दो भाइयों- ऑरविल और विल्बर राइट ने पहली बार इंजन से चलने वाला विमान उड़ाया। गैसोलीन इंजन वाले बाइप्लेन को ऑरविल ने उड़ाया, जो 12 सेकंड तक हवा में रहा और 120 फीट चला। साइकिल मरम्मत से शुरू हुआ उनका सफर लंबे प्रयोगों के बाद सफल हुआ। इस उड़ान के साथ आधुनिक विमानन युग की शुरुआत हुई।

### भविष्य में एयर टैक्सी होगी आम

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में विमानन पूरी तरह बदल जाएगा। एयर टैक्सी आम हो जाएगी और शहरों में छोटी दूरी की उड़ानें रोजमर्रा की बात होंगी। विमान ज्यादा सुरक्षित होंगे, क्योंकि एआई और ऑटोमेशन उड़ानों को नियंत्रित करेंगे। हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक विमान प्रदूषण कम करेंगे। यात्रियों के लिए सफर बेहद आरामदायक, शांत और तेज होगा। चेक-इन से लेकर लैंडिंग तक सब कुछ आसान और स्मार्ट होगा। दुनिया और भी नजदीक महसूस होगी।



AI Image

# भारत-जॉर्डन में 5 समझौते, मोदी बोले- नए रास्ते खुलेंगे

## मोदी ने किंग अब्दुल्ला द्वितीय से बात की, कहा- साझेदारी मज़बूत

■ पीटीआई, अम्मान

**पीएम नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को कहा कि किंग अब्दुल्ला द्वितीय के साथ उनकी बातचीत ने कई क्षेत्रों में भारत-जॉर्डन साझेदारी को मजबूत किया है। दो दिनों की यात्रा के अंत में मोदी ने कहा, 'मेरी जॉर्डन यात्रा बेहद फलदायी रही है।' उन्होंने शाह अब्दुल्ला द्वितीय और जॉर्डन के लोगों को उनकी असाधारण मित्रता के लिए धन्यवाद दिया।

**भारत जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार:PM**

भारत और जॉर्डन के बीच नवीकरणीय ऊर्जा, जल संसाधन प्रबंधन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और डिजिटल समाधान के क्षेत्रों समेत 5 समझौते हुए। पीएम ने कहा कि हमने मिलकर जो परिणाम हासिल किए हैं, वे हमारे नागरिकों के लिए प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खोलेंगे। प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत से पहले सोमवार को मोदी ने शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ आमने-सामने बैठक की। मंगलवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने अपने देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों की सराहना की।





PTI

पीएम मोदी के इथियोपिया पहुंचने पर वहां के पीएम खुद होटल लेकर गए (बाएं), जॉर्डन के प्रिंस के साथ मोदी (दाएं)।

### व्यापार दोगुना करेंगे: पीएम

मोदी ने भारत-जॉर्डन द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच वर्षों में दोगुना करके पांच अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का मंगलवार को प्रस्ताव रखा। साथ ही उन्होंने जॉर्डन की कंपनियों को देश की उच्च आर्थिक वृद्धि का फायदा उठाने और अच्छा मुनाफा कमाने के लिए आमंत्रित किया। मोदी और किंग ने भारत-जॉर्डन व्यापार मंच को मंगलवार को संबोधित किया। जॉर्डन, के बाद पीएम मंगलवार को इथियोपिया पहुंच गए। वह ओमान भी जाएंगे।

### मोदी को कार से ले गए प्रिंस

भारत और जॉर्डन के संबंधों में गर्मजोशी को दर्शाते हुए अरब देश के प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय मंगलवार को पीएम नरेन्द्र मोदी को खुद गाड़ी चलाकर जॉर्डन म्यूजियम लेकर गए। युवराज पैगंबर मोहम्मद की 42वीं पीढ़ी के वंशज हैं। मोदी ने कहा कि वह म्यूजियम में जॉर्डन के इतिहास और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दिखाने के लिए अल-हुसैन के प्रति आभारी हैं। पीएम ने कहा कि उन्होंने युवराज के साथ काफी बातचीत की।

# सिडनी हमले में पुलिस ने लिया IS का नाम

■ एपी, मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया में** सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का फेस्टिवल के दौरान सरेआम गोलीबारी इस्लामिक स्टेट से प्रेरित एक आतंकवादी हमला था। ऑस्ट्रेलिया की फेडरल पुलिस कमिश्नर क्रिसी बैरेट ने मंगलवार को यह बात कही। इस हमले में 15 लोग मारे गए थे। इस हमले में घायल हुए 25 लोग अब भी अस्पतालों में भर्ती हैं जिनमें से 10 की हालत गंभीर है।

**पुलिस ने कहा, फिलिपींस गए थे संदिग्ध**

ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध हमलावर पिता और पुत्र थे। उन्होंने बताया है कि एक हमलावर (50) को पुलिस ने मार गिराया जबकि उसका 24 वर्षीय बेटा घायल हो गया और अस्पताल में उसका इलाज हो रहा है। उन्होंने बताया कि जो हमलावर मारा गया उसकी पहचान अधिकारियों ने साजिद अकरम के रूप में की है। मंगलवार को अधिकारियों ने पहली बार संदिग्धों की विचारधाराओं के बारे में पुष्टि की। पीएम एंथनी अल्बनीज ने कहा कि ये टिप्पणियां सबूतों पर आधारित थीं, जिनमें जब्त की गई गाड़ी में इस्लामिक स्टेट के झंडे मिलना भी शामिल है। न्यू साउथ वेल्स के पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध पिछले महीने फिलिपींस गए थे। इसकी पड़ताल की जाएगी।



हमलावर को काबू करने वाले शख्स अहमद से मिले ऑस्ट्रेलियाई PM

### घायलों में तीन भारतीय स्टूडेंट भी

पीटीआई, मेलबर्न: बॉन्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले में घायल हुए 40 लोगों में तीन भारतीय स्टूडेंट भी शामिल हैं। तीन भारतीय छात्रों में से दो का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन ने घायल छात्रों की पहचान जाहिर नहीं की है।

**अल्बनीज ने अहमद को बताया, हीरो:** आतंकी हमले के दौरान साहस की मिसाल पेश करने वाले अहमद अल-अहमद से पीएम अल्बनीज मिले। उन्होंने अहमद को हीरो बताया। अहमद हमलावर से भिड़ गए थे और राइफल छीन ली थी।

## SPEED News

### ट्रंप ने फेंटानिल को सामूहिक विनाश का



हथियार करार देने वाले कार्यकारी आदेश पर दस्तखत कर दिए। कहा, कोई भी बम वह काम नहीं कर सकता, जो यह (फेंटानिल) कर रहा है।'



### मध्य मेक्सिको में इमरजेंसी में उतरने

की कोशिश करते समय एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से सात लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना सैन माटेओ एटेंको में हुई।

### पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बंदूकधारियों

ने 18 लोगों का अपहरण कर लिया।



वे सभी यात्री एक बस में क्वेटा जा रहे थे। गोलीबारी में ड्राइवर और कुछ यात्री घायल हो गए।

### भारत ने UNSC में पाकिस्तान की कड़े

शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि वह एक चुने हुए प्रधानमंत्री को जेल में डाल देता है।

**SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।**

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

## खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. जॉर्डन के किंग का नाम क्या है?
   A. अब्दुल्ला द्वितीय B. शाह सलमान C. मिशाल अल-सबाह
2. किस ड्रग को US ने सामूहिक विनाश का हथियार बताया है?
   A. मारिजुआना B. वीड C. फेंटानिल
3. सिडनी में हुए हमले को ऑस्ट्रेलिया ने किस संगठन से प्रेरित कहा है?
   A. इस्लामिक स्टेट B. अल-कायदा C. जैश-ए-मोहम्मद
4. ट्रंप ने किस न्यूज संस्थान पर केस किया है?
   A. CNN B. ABC C. BBC
5. IPL नीलामी में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी का रेकॉर्ड किसके नाम है?
   A. मिशेल स्टार्क B. कैमरन ग्रीन C. मथीशा पथिराना

**कल के जवाब**

A1 A. संजय सरावगी A2 C. 125 A3 B. जोसे एंटोनियो कास्ट A4 A. राज कुमार गोयल A5 B. 22 अप्रैल

**लकी विनर्स**



1. ओम प्रकाश, लखनऊ
2. डॉ. रंजना श्रीवास्तव, दिल्ली
3. संतोष वीर, दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# प्रत्यर्पण पर नीरव की अर्ज़ी ब्रिटेन की अदालत ने टाली

■ पीटीआई, लंदन



नीरव मोदी

**भगोड़े हीरा** कारोबारी नीरव मोदी की ब्रिटेन की हाईकोर्ट में प्रत्यर्पण अपील दोबारा खोलने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई टाल दी गई। यह मामला अब मार्च में सुना जाएगा। सुनवाई इसलिए टली क्योंकि भारतीय अधिकारियों ने मुंबई में नीरव मोदी की सुनवाई से पहले हिरासत को लेकर अदालत को ठोस आश्वासन दिए हैं। नीरव मोदी भारत में धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में मुकदमे का सामना करने के लिए प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील कर रहा है। 54 साल के भगोड़े कारोबारी की प्रत्यर्पण के खिलाफ अर्जी अदालत पहले भी खारिज कर चुकी है।

# ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया अच्छा दोस्त

■ NBT रिपोर्ट

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अमेरिका का महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताया है और पीएम नरेन्द्र मोदी को अपना बहुत अच्छा दोस्त कहा है। भारत में अमेरिकी एंबेसी ने मंगलवार को X पर एक पोस्ट में ट्रंप के हवाले से कहा, 'भारत दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक का घर है। यह एक अद्भुत देश है और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। पीएम मोदी हमारे बहुत अच्छे मित्र हैं।'



File Photo

**ट्रंप ने कहा, रूस और यूक्रेन शांति समझौते के करीब:** अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि उनकी शांति योजना के लगभग 90 प्रतिशत बिंदुओं पर यूक्रेन और यूरोप में सहमति है। US के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम शांति समझौते के पहले से कहीं अधिक करीब हैं।'

### ट्रंप ने BBC पर किया मानहानि का केस

एपी, वॉशिंगटन: अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने 10 अरब डॉलर के हर्जाने की मांग करते हुए BBC के खिलाफ मुकदमा दायर किया। उसमें उन्होंने ब्रिटिश प्रसारक पर मानहानि के साथ-साथ भ्रामक और गलत तरीके से व्यापार करने का आरोप लगाया। BBC पर मुकदमे में बातों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने का आरोप है।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP2 User: arvind.kumar Time: 12-16-2025 23:06 Color:



## आग की चपेट में आकर 6 माह के बच्चे की मौत

■ NBT न्यूज, अलीगढ़: थाना देहली गेट क्षेत्र के महफूजनगर में सोमवार को आग की चपेट में आने से छह माह के बच्चे की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। दो घायलों में से एक की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे इलाज के लिए दिल्ली के एम्स रेफर कर दिया। सोमवार रात को ठंड से बचाव के लिए बच्चों की मां ने चारपाई के नीचे अलाव जला कर रख दिया था। कुछ देर बाद अलाव की आग से चारपाई में आग पकड़ ली। आग की चपेट में आकर 6 माह के बच्चे देवांश, तीन वर्षीय मन्नू और 5 वर्षीय तन्नू आग से झुलस गए। परिजन आग से झुलसे तीनों बच्चों को ठाकुर मलखान सिंह जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने देवांश को मृत घोषित कर दिया।

> ठंड से बचाव के लिए चारपाई के नीचे रखा था अलाव, पकड़ ली आग।

# दबिश देकर लौट रही पुलिस की कार नदी में गिरी, 2 मौतें

### मोड़ पर ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, कार 50 मीटर नीचे हिंडन नदी में गिरी

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ

**मेरठ से** दबिश देकर लौट रहे पुलिसकर्मियों की कार पुल से फिसलकर नदी में गिर गई। हादसे में हेड कॉन्स्टेबल समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के हेड कॉन्स्टेबल राहुल कुमार (35), कॉन्स्टेबल कौशल शर्मा (30) अजहरुद्दीन, गुड्डू और तैय्यब सवार थे। सभी लोग मेरठ में एक आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देकर लौट रहे थे।

मेरठ-बागपत-सोनीपत हाइवे पर बालैनी पुल के पास अचानक कार ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया। पुल के पास बने मोड़ पर कार नियंत्रण खो बैठी और लगभग 50 मीटर नीचे हिंडन नदी में जा गिरी। बताया जा रहा है कि कार गिरते समय कई बार पलटी भी खाई। हादसे के बाद काफी देर तक सभी लोग कार में फंसे रहे। कुछ समय बाद घायल गुड्डू को होश आया, जिसने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही बालैनी और सिंघावली अहीर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। क्षतिग्रस्त कार से सभी को बाहर निकालकर नजदीकी नर्सिंग होम ले जाया गया। डॉक्टरों ने हेड कॉन्स्टेबल राहुल कुमार और अजहरुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। घायल कॉन्स्टेबल कौशल शर्मा, गुड्डू और तैय्यब की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेरठ रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलने पर एसपी बागपत सूरज कुमार राय मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

NBT



मेरठ-बागपत-सोनीपत हाइवे पर बालैनी पुल पर हुआ हादसा, कई बार पलटी कार।

**खतरनाक मोड़, पहले भी हो चुके हैं कई हादसे**

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बालैनी पुल के पास हिंडन नदी के किनारे बना मोड़ बेहद खतरनाक है। यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं।

# लेखपाल के 7994 पदों पर भर्ती, आवेदन 29 से

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) ने राजस्व लेखपाल के 7994 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 29 दिसंबर से शुरू होगी, जबकि 28 जनवरी तक आवेदन जमा किए जा सकेंगे।

आयोग की ओर से साफ किया गया है कि अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए PET (प्रारंभिक पात्रता परीक्षा) के रजिस्ट्रेशन नंबर से लॉगिन करना होगा। PET के स्कोर के आधार पर ही कुल पदों के 15 गुना अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। आवेदन के दौरान 25 रुपये ऑनलाइन शुल्क देना होगा और आवेदन पत्र का प्रिंट आउट सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा।

आवेदन करने के बाद अभ्यर्थी पत्राचार का पता, ईडब्ल्यूएस और क्षैतिज आरक्षण की श्रेणी, अनिवार्य योग्यता और वैवाहिक स्थिति में ही संशोधन कर सकेंगे। इसके लिए 4 फरवरी तक मौका मिलेगा। भर्ती के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष तय की गई है। वहीं प्रादेशिक सेना में दो साल की सेवा और एनसीसी के 'बी' प्रमाणपत्र पर अतिरिक्त वेटेज दिया जाएगा। लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसके लिए 2 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। परीक्षा में गलत उत्तर पर 1/4 अंक की नेगेटिव मार्किंग होगी। प्रश्न पत्र में भारत का इतिहास और राष्ट्रीय आंदोलन, राजव्यवस्था, संविधान, भूगोल, अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास, ग्राम्य समाज व विकास, करंट अफेयर्स और साइंस एंड टेक्नोलॉजी से प्रत्येक से 5-5 सवाल पूछे जाएंगे।

**अहम तारीखें**

- 29 दिसंबर से आवेदन शुरू
- 28 जनवरी आवेदन की अंतिम तिथि
- 4 फरवरी तक संशोधन का मौका

## मेरठ में अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्रा की मौत

AI Image



■ NBT न्यूज, मेरठ: सदर बाजार थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार छात्रा को टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक 16 वर्षीय छात्रा अक्सा स्कूल जा रही थी। इसी दौरान रोडवेज बस स्टैंड के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। वाहन की चपेट में आकर अक्सा की मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

> स्कूटी से स्कूल जा रही थी छात्रा।

## HC बेंच की मांग के लिए आज मेरठ बंद

■ NBT न्यूज, मेरठ



**वेस्ट यूपी** में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर आज मेरठ पूर्ण रूप से बंद रहेगा। बंद को 22 जिलों के वकीलों और 1000 से अधिक संगठनों ने भी अपना समर्थन दिए जाने की घोषणा की है। अस्पताल खुले रहेंगे। सड़क पर ट्रैफिक नहीं रोका जाएगा। वकील 35 जगहों पर अपना धरना प्रदर्शन करेंगे। सांसद अरुण गोविल ने भी इस संदर्भ में गृहमंत्री अमित शाह से अधिवक्ताओं की मुलाकात का समय मांगा है।

मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शर्मा ने दावा किया कि बंद ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि अभी तक 1000 से अधिक व्यापारी, उद्योग, शिक्षक, ट्रांसपोर्टर और राजनैतिक संगठनों ने बंद को समर्थन देने की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि सुबह 6.30 बजे से वकील बंद को सफल बनाने के लिए सक्रिय हो जाएंगे। आठ मोबाइल वाहन बाजार में घूमकर बाजार बंदी सुनिश्चित कराएंगे। श्री संजय शर्मा ने लोगों से भी बंद से जुड़ने की अपील की है। हाईकोर्ट पीठ स्थापना को लेकर मेरठ-हापुड़ संसदीय क्षेत्र के सांसद अरुण गोविल ने सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह से भेंट की।

## IPO में मुनाफे का झांसा देकर सात लाख की ठगी, आरोपी भेजे गए जेल

AI Image



■ NBT न्यूज, आगरा

शेयर मार्केट में आईपीओ के नाम पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने खुद ही अपने साथियों की मदद से तीनों ठगों को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। थाना सिकन्दरा पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। मथुरा के चन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने पुलिस को बताया कि 15 दिसंबर को उनके परिचित हसन अब्बास ने फोन कर आईपीओ में निवेश करने पर अधिक मुनाफा मिलने की बात कही। इसी बहाने आरोपी ने राजेन्द्र को आगरा के सिकन्दरा चौराहे के पास बुलाया।

हसन की बातों में आकर राजेन्द्र अपने घर से 7 लाख रुपये नकद लेकर सिकन्दरा पहुंच गए। वहां हसन अब्बास अपने दोस्त जगवीर और शैलेष के साथ मौजूद थे। तीनों ने शेयर मार्केट में निवेश कराने का भरोसा दिलाकर पूरी रकम ले ली और वहां से चले गए। कुछ देर बाद राजेन्द्र को ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने तुरंत अपने परिचितों को फोन किया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर बाद तीनों आरोपियों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाशी ली तो जगवीर सिंह के पास से 50 हजार रुपये, शैलेष कुमार के पास से 50 हजार रुपये और हसन अब्बास के पास से 23 हजार रुपये नकद बरामद हुए। इसके अलावा शैलेष के पास से बैंक ऑफ बड़ौदा में 5 लाख 40 हजार रुपये जमा करने की रसीद भी मिली, जिसे ठगी की रकम से जुड़ा बताया जा रहा है। थाना प्रभारी सिकन्दरा ने बताया कि पीड़ित की मंगलवार को तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

- पीड़ित ने खुद ही अपने साथियों की मदद से तीनों ठगों को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया।
- पीड़ित के परिचित ने ही निवेश करने पर अधिक मुनाफा मिलने की बात कही थी।

## इंटरमीडिएट की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 24 जनवरी से

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

**यूपी बोर्ड** के इंटरमीडिएट छात्रों के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के अनुसार वर्ष 2026 की 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं दो चरणों में 24 जनवरी से 9 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। पहले चरण की परीक्षाएं 24 जनवरी से 1 फरवरी के बीच होंगी। इस दौरान आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन और बस्ती मंडल के छात्र प्रैक्टिकल परीक्षा में शामिल होंगे। यूपी टीईटी परीक्षा के चलते 29 और 30 जनवरी को प्रैक्टिकल परीक्षाएं नहीं कराई जाएंगी।

दूसरे चरण की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 2 फरवरी से 9 फरवरी के बीच होंगी। इसमें अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मीरजापुर, वाराणसी और गोरखपुर मंडल के विद्यालय शामिल रहेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रैक्टिकल परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होंगी और परीक्षा की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाएगी। बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बताया कि हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं पहले की तरह विद्यालय स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर होंगी।

## फिरोजाबाद में आग लगने से दो झुलसे, हालत गंभीर

■ NBT न्यूज, फिरोजाबाद: जनपद के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आग लगने से दो लोग झुलस गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना थाना लाइन पार क्षेत्र के मेहताब नगर की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को 40 वर्षीय सुखा देवी खाना बना रही थीं। तभी गैस लीक होने लगा। जिससे आग लग गई। आग लगने से सुखा देवी झुलस गईं। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुन परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे। आग बुझाई और अस्पताल पहुंचाया। वहीं एक दूसरे हादसे में थाना रामगढ़ क्षेत्र के 24 वर्षीय आशीष नहाने के लिए गीजर पर पानी गर्म कर रहा था तभी अचानक गीजर में आग लग गई। आग की लपटों से आशीष झुलस गया। चीख-पुकार सुन परिजन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

> खाना बनाते समय सिलिंडर से गैस लीक होने से लगी आग।

# 4 दिन का ही होगा शीतकालीन सत्र, 19 दिसंबर से हो रहा शुरू

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

File



**विधानसभा के** 19 दिसंबर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र में सिर्फ चार दिन ही बैठक होगी। विधानसभा ने अभी 19 दिसंबर से 24 दिसंबर 2025 तक के कार्यक्रमों का प्रस्ताव तैयार किया है। 22 दिसंबर को सरकार सदन में इस वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक पेश करेगी। शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार की ओर से सदन में आठ अध्यादेश पेश किए जाएंगे। प्रस्तावित बैठकों के मुताबिक, 19 दिसंबर को निधन के निर्देश होंगे, जिसमें पूर्व विधानसभा सदस्यों के साथ घोसी विधानसभा के वर्तमान सदस्य के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया जाएगा। शोक के बाद सदन की कार्यवाही 22 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी जाएगी। 22 को दिसंबर को प्रश्नकाल के बाद यानी 12.20 बजे सरकार इस साल को अपना पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके बाद विधायी कार्य होंगे। 23 दिसंबर को विधायी कार्य होंगे। जबकि, 24 दिसंबर को अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा के बाद सरकार उसे पास कराएगी। हालांकि, यह संभावित कार्यक्रम है। शीतकालीन सत्र से पहले 18 दिसंबर को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में इन प्रस्तावित कार्यक्रम को मंजूरी दी जाएगी।

- विधानसभा ने अभी 19 दिसंबर से 24 दिसंबर 2025 तक के कार्यक्रमों का प्रस्ताव तैयार किया है।

आवश्यकता है केशियर और सेल्समेन की मैंस एथनिक शोरूम, कमला नगर में, सम्पर्क करें: 9319384433, 9625773909

एकाधिक रिक्तियां

RUN Security Req. Operation Manager, Accountant, HR Manager, Field Officer, Computer Operator, Driver, Receptionist (F), Location: SCO 79, F/F, Sector 10A Gurugram Mob: 9310599811, Email: runsec.services@gmail.com

DELHI Times News (Dwarka) Reqd exp/frshr,M/F Graphic Designer, Social Media Mngr, Reporters,CompTypist H/Eng PR Sec. Lawyers, Driver, Peon, Maid, Body Guard # 9953136118

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

Notice is hereby given to the general public that the Bank proposes to create a mortgage over the below-mentioned property in favour of the Bank for securing the financial facilities sanctioned/to be sanctioned to the borrower Mauli Pawan S/O Sh. Pawan Pawar V/O Nimana, Fatehpur, Distt. Kangra (H.P) 176056. Any person having any claim, right, title, interest or objection in respect of the said property is hereby called upon to submit their representation/objection, along with supporting documents, to the undersigned within seven (7) days from the date of publication of this notice. In case no objection is received within the stipulated period, it shall be presumed that no person has any claim or objection with respect to the proposed mortgage, and the Bank will proceed accordingly.
Issued by: Branch Manager — Punjab National Bank

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform the general public that we, KANWAL KUMAR GULATI, s/o Lt Sh Mohinder Singh Gulati and SUNITA GULATI, w/o Kanwal Kumar Gulati, r/o B-5, First Floor, New Krishna Nagar, Delhi 110051 have severed all relations with our daughter, GARVITA GULATI.
We hereby disown, disinherit, and debar Garvita Gulati from all our movable and immovable properties, self-earned or ancestral, absolutely and forever.
We are not responsible for any acts, deeds, liabilities, or dealings (legal or illegal) committed by her from this date onwards. Anyone dealing with Garvita Gulati will do so at their own risk and responsibility.

**BOOK YOUR BUSINESS ADS**
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Aman Pasricha
9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

More TIMES interact ads on subsequent pages...

**BOOK YOUR RECRUITMENT ADS**
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Amit Ghosh
9811790649
To Book Online Log on To
Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

**TIMES interact**
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. | Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 | South Delhi + Faridabad + Noida | Raghav Arora | 99999 95460 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 | West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |

# लाल किला कार ब्लास्ट के बाद पुरानी गाड़ियों की खरीद-फरोख्त पर सख्ती

File Photo



**7,91,935** नई गाड़ियां इस साल अभी तक हुई रिजिस्टर्ड

**2,36,423** पुरानी गाड़ियों का ओनरशिप ट्रांसफर हुआ

**648** पुरानी गाड़ियों की रोज हो रही है खरीद बिक्री

## सेकंड हैंड कार डीलरों को कराना होगा रजिस्ट्रेशन

Brijesh.singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** पुरानी गाड़ियों की खरीद-फरोख्त पर सरकार सख्त हो गई है। दिल्ली सरकार ने सेकंड हैंड गाड़ियों की खरीद-फरोख्त करने वाले कार डीलरों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। 8 दिसंबर को विशेष सचिव (परिवहन) की अध्यक्षता में डीटीआईडीसी के एमडी, विशेष आयुक्त (ऑपरेशन), दिल्ली पुलिस के डिप्टी कमिश्नर (ट्रैफिक) सहित अन्य अधिकारी के बीच लंबी चर्चा के बाद यह फैसला हुआ है।

सरकार ने यह फैसला मोटर वाहन नियम (CMVR), 1989 के नियम 55 में किए गए संशोधन के तहत लिया है। बताते चलें कि दिल्ली में रोजाना 600-700 पुरानी गाड़ियों की बिक्री होती है। इस साल अब तक 2.36 लाख गाड़ियों की ओनरशिप ट्रांसफर हो चुकी है। सरकार का यह फैसला बीते दिनों लाल किले के पास पुरानी कार की खरीद बिक्री करके किए गए ब्लास्ट के बाद लिया गया है। जिस कार से ब्लास्ट किया गया था, वह दिल्ली में ही रजिस्टर्ड हुई थी। वह 4 से 5 बार बेची गई थी।

**पुरानी गाड़ियों का रखना होगा रिकॉर्ड**

■ डीलर्स को यह भी निर्देश दिया है कि वो वीकल ट्रांसफर रजिस्टर और पुरानी गाड़ियों का स्टॉक रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से रखें। जिससे पता हो कि किसकी गाड़ी, किसे और कब बेची। सरकार इस फैसले को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाएगी।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### सरकार के इस फैसले का क्या पड़ेगा असर?

सरकार के इस फैसले के बाद अगर कोई व्यक्ति अपनी गाड़ी बेचना चाहता है तो उसे खुद आरटीओ ऑफिस में मौजूद रहना पड़ेगा। अगर वह खुद नहीं आता है तो वह उसी डीलर के जरिए कार बेच पाएगा, जिसका रजिस्ट्रेशन होगा। उसके साथ वीकल मालिक को फॉर्म 29C के जरिए परिवहन विभाग को सूचित करना होगा। जिसके बाद अधिकृत डीलर को गाड़ी का "डिम्ड ओनर" माना जाएगा और उसके पास वीकल से जुड़े सभी दस्तावेजों जैसे रजिस्ट्रेशन, फिटनेस, बीमा और मालिकाना हक के ट्रांसफर का अधिकार होगा।

# दो सगे भाइयों को गोलियों से भून डाला

## बुआ के बेटे ने दोस्तों संग दिया वारदात को अंजाम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**जाफराबाद के** चौहान बांगर इलाके में सोमवार देर रात दो सगे भाइयों की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। मृतक भाइयों की पहचान जाफराबाद निवासी नदीम (33) और फजील (31) के तौर पर हुई है। हत्या की वारदात को नदीम और फैजल की बुआ के लड़के असद ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया। दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया। इस दोहरे मर्डर के बाद इलाके में सनसनी फैली हुई है।

बताया जा रहा है कि वारदात को चार से पांच आरोपियों ने अंजाम दिया है। पुलिस को मौके से चार तरह के खाली खोल मिले हैं, यानी वारदात में चार तरह के हथियारों का इस्तेमाल किया गया। परिजनों का कहना है कि बदमाशों ने नदीम को करीब 15 और फजील को 20 गोलियां मारी हैं। वारदात के बाद से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। जाफराबाद पुलिस बीएनएस की धारा 103(1)/3(5) और 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र करने के लिए क्राइम टीम और एफएसएल की टीम को बुलाया गया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। मृतक भाइयों के परिजनों के भी बयान दर्ज किए हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि मृतक बंधुओं की बुआ के बेटे ने रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों को पहचान और उन्हें पकड़ने के लिए कई क्रैक टीमें गठित की गई हैं।

**हत्याकांड के बाद इलाके के लोगों में काफी नाराजगी है**



जाफराबाद के चौहान बांगर में सोमवार रात इसी जगह डबल मर्डर को अंजाम दिया गया



हत्याकांड के बाद मौके पर पुलिस टीम को तैनात किया गया है



नदीम



फजील

**नदीम 85 फीसदी दिव्यांग थे**

■ डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि 15 दिसंबर की रात 1:40 बजे फायरिंग की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को फजील मृत मिला। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि फजील और उसके विकलांग भाई नदीम को बदमाशों ने गोलियां मारी हैं। नदीम को उसका भाई वसीम स्कूटी से जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गया है। एक दूसरी पुलिस टीम को अस्पताल भेजा गया। जहां पता चला कि नदीम की भी मौत हो चुकी है। नदीम 85 फीसदी दिव्यांग थे।

## 40 से 45 राउंड गोलियां चलाईं, इलाके में दहशत

■ कृष्णा कुणाल सिंह, जाफराबाद

**चौहान बांगर** इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। नदीम और फजील की हत्या करने वाला असद, जो कि उनकी बुआ का लड़का है, ने अपने साथियों के साथ मिलकर करीब 40 से 45 राउंड गोलियां चलाईं। 40 से अधिक राउंड गोली चलने की बात तो पुलिसवाले भी मान रहे हैं। वसीम ने बताया कि असद उसके दोनों भाइयों से रंजिश रखता था। उसने वसीम को कॉल कर दोनों भाइयों को समझा लेने की भी धमकी दी थी। सोमवार को ही दोनों परिवार के सदस्यों के बीच बैठक हुई थी। करीब ढाई घंटे तक चली बैठक के बाद समझौता हो गया था। वसीम का आरोप है कि असद तब भी दिल में रंजिश लेकर बैठा था। देर रात दोनों भाई जाफराबाद के पुराने घर से स्कूटी से वसीम के पास फ्लैट पर लौट रहे थे। रास्ते में चौहान बांगर की गली नंबर-17 में आरोपियों ने दोनों को घेर लिया और ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। वसीम सूचना मिलते ही पांच मिनट बाद मौके पर पहुंचे। फजील की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि नदीम की सांसें चल रही थीं। नदीम को लेकर जग प्रवेश चंद्र अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से 42 खोखे बरामद किए हैं। फजील और नदीम छोटे भाई कफील के साथ कश्मीरी बिल्डिंग, जाफराबाद में रहते थे। उनकी मां शाहिदा बेगम बड़े बेटे और उसके परिवार के साथ ब्रह्मपुरी गली नंबर-21 में रहती हैं। डीसीपी नॉर्थ ईस्ट आशीष मिश्रा ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में 6 टीमों को लगाया गया है। सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही है।





**स्थानीय लोगों में गुस्सा**

- 42 खोखे बरामद किए हैं पुलिस ने घटनास्थल से
- फजील की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि नदीम की सांसें चल रही थीं

### 40 पुलिसकर्मी किए लाइन हाजिर

**नॉर्थ-ईस्ट** दिल्ली में अपराध पर अंकुश नहीं लगने के कारण डीसीपी ने एक साथ अलग-अलग थानों के 40 पुलिसवालों को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जिले में लगातार क्राइम का ग्राफ बढ़ा है। बदमाश बिना डर लगातार जघन्य वारदात को अंजाम दे रहे हैं। जिले के बिगड़ते माहौल और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होने और ड्यूटी में लापरवाही पाए जाने के कारण यह एक्शन लिया गया है।

# कैब ड्राइवर को पीटा, ट्रैफिककर्मी सस्पेंड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ट्रैफिक हेड कॉन्स्टेबल ने कैब के अंदर घुसकर ड्राइवर को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। लोगों ने पिटाई का विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। विडियो वायरल होने पर ट्रैफिक पुलिस के सीनियर अधिकारियों ने आरोपी ट्रैफिक हेड कॉन्स्टेबल को घटना के कुछ देर बाद ही सस्पेंड कर दिया। ट्रैफिक पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने वारदात के साथ-साथ आरोपी हेड कॉन्स्टेबल को सस्पेंड किए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि ड्राइवर के साथ मारपीट करना आरोपी के गलत व्यवहार को दर्शाता है। इसलिए उसके खिलाफ यह एक्शन लिया गया।

ट्रैफिक हेड कॉन्स्टेबल द्वारा कैब ड्राइवर के साथ मारपीट की यह घटना सोमवार की है और मामला नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास पहाड़गंज साइड का बताया जा रहा है। पहाड़गंज में सबसे ज्यादा ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। बताया जा रहा है कि कैब ड्राइवर ने वहां सड़क किनारे गलत तरीके से गाड़ी खड़ी की थी। इस वजह से वहां से गुजरने वाली दूसरी गाड़ियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।



पिटाई का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कार्रवाई

ड्यूटी पर मौजूद ट्रैफिक हेड कॉन्स्टेबल ने ड्राइवर से गाड़ी साइड में करने के लिए कहा। आरोप है कि ड्राइवर ने गाड़ी हटाने की बजाय बदतमीजी की। इस वजह से हेड कॉन्स्टेबल ने ड्राइवर को पीटना शुरू कर दिया। ड्राइवर मदद के लिए चिल्ला रहा था। भीड़ में शामिल कई लोगों ने कार के अंदर हो रही मारपीट का विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। पिटाई का यह विडियो तेजी से वायरल होने लगा। वायरल विडियो पर ट्रैफिक पुलिस के सीनियर अधिकारियों की नजर पड़ी। इसके बाद आरोपी हेड कॉन्स्टेबल के खिलाफ तुरंत एक्शन लेते हुए उसे सस्पेंड कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हेड कॉन्स्टेबल आरोपी ड्राइवर का चालान काट सकता था। इसमें मारपीट करने की कोई जरूरत ही नहीं थी।

# मेट्रो स्टेशन पर महिला के बैग से मिली पिस्टल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : जनकपुरी मेट्रो स्टेशन पर एक महिला के बैग से पिस्टल बरामद हुई है। जनकपुरी मेट्रो थाना पुलिस ने हथियार जब्त कर केस दर्ज कर लिया है। पकड़ी गई महिला की पहचान कमलेश के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 13 दिसंबर को सीआईएसएफ में तैनात महिला सब-इंस्पेक्टर ग्रे लाइन मेट्रो स्टेशन पर तैनात थीं। शाम करीब 8:22 बजे एक महिला जनकपुरी मेट्रो स्टेशन पहुंची। महिला ने अपना डार्क ब्राउन रंग का हैंडबैग स्कैनर मशीन में रखा। जांच के दौरान मशीन की स्क्रीन पर बैग के अंदर पिस्टल जैसी संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। सीआईएसएफ ने महिला को रोककर बैग खुलवाया। बैग की चेन खोलते ही अंदर एक पिस्टल मिली। सीआईएसएफ ने मामले की सूचना मेट्रो पुलिस को दी।

**मेट्रो पुलिस कर रही मामले की जांच**







# हथियार सप्लाई में दबदबे की खातिर हुआ डबल मर्डर

## हत्याकांड का मुख्य आरोपी असद अमीन गैंगस्टर हाशिम बाबा गैंग का शूटर है



स्पेशल सेल की टीम ने पिछले साल आरोपी असद को एनकाउंटर में पकड़ा था, पैर में लगी थी गोली

Shanker.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** जाफराबाद में मंडे देर रात 40 से ज्यादा ताबड़तोड़ गोलियां चली तो साफ हो गया कि ये ऑर्गेनाइज्ड गिरोह का काम है। नदीम उर्फ चाचा फाड़ू और फजील के बड़े भाई वसीम ने हत्या में बुआ के बेटे असद अमीन (23) का हाथ बताया। असद हाशिम बाबा का गुर्गा है, जिसे क्राइम ब्रांच ने 26 अगस्त को पकड़ा था। इस पर कातिलाना हमला और आर्म्स एक्ट समेत छह केस हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त करने वाले दो गैंगों के बीच दबदबे में डबल मर्डर हुआ। हथियार तस्कर सलीम पिस्टल का माल बेचने वाले नहीं चाहते थे कि नदीम उनकी पार्टियों को सप्लाई करे। मकोका समेत कई केसों में वॉन्टेड 8 साल से पुलिस को चकमा दे रहे महफूज उर्फ बॉबी उर्फ फकूर को हत्याकांड का मास्टरमाइंड माना जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक सीलमपुर का शेख सलीम उर्फ सलीम पिस्टल पाकिस्तान से विदेशी मंगवा कर भारत में लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट समेत कई गिरोहों को बेचता था। ये तुर्किये की बनी जिगाना पिस्टल सबसे पहले तस्करी कर भारत लाने वालों में था। नॉर्थ ईस्ट जिला पुलिस ने 2018 में इसे 26 विदेशी पिस्टल और 800 कारतूस समेत अरेस्ट किया था। यह खेप चीन और पाकिस्तान से होते हुए नेपाल के सनौली बॉर्डर से भारत लाया था। जमानत मिलने के बाद ये विदेश भाग गया। इसी साल अगस्त में नेपाल में पकड़ा गया, जो अब जेल में है। इस पर 14 केस दर्ज हैं। सलीम ने स्पेशल सेल को पूछताछ में नदीम के हथियार बनाने की जानकारी दी थी, लेकिन पुलिस को तब कुछ नहीं मिला था।

**महफूज उर्फ बॉबी को हत्याकांड का मास्टरमाइंड माना जा रहा है**

सूत्रों ने बताया कि सलीम के लिए अकबर धोबी, बॉबी शूटर और उसका भाई इमरान सप्लायर का काम करते हैं। पाकिस्तान से आने वाली विदेशी पिस्टल को तीन से साढ़े तीन लाख रुपये में बेचते हैं। दूसरी तरफ, नदीम पिस्टल रिपेयरिंग में उस्ताद था। सलीम के हथियार जब खराब होते थे तो नदीम के पास ठीक होने आते थे। धीरे-धीरे नदीम ने खुद हथियार बनाने की फैक्ट्री खोल ली और बेचने लगा। क्राइम ब्रांच ने 4 नवंबर 2024 को नदीम और फजील को घर से अरेस्ट किया, जिनसे तीन पिस्टल, दो मैगजीन और 24 कारतूस मिले थे। नदीम पर 2009 में सीलमपुर थाने में भी आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है।

दरअसल नदीम को रीढ़ की हड्डी में समस्या थी, जिस वजह से वह 85 फीसदी दिव्यांग था। असद उसका स्कूटर चलाता था और हथियार का धंधा भी करता था। बाद में दोनों में बिगड़ गई तो नदीम ने छोटे भाई फजील को स्कूटर चलाने का काम सौंप दिया। उधर, असद नाबालिगों का गैंग चलाने वाले अनस के जरिए हाशिम गैंग से जुड़ गया। स्पेशल सेल ने अनस और असद को 18 सितंबर 2024 को मुजफ्फरनगर में एनकाउंटर के बाद अरेस्ट किया था। अनस पर नाबालिग रहते मर्डर के कई केस हैं। जीटीबी अस्पताल हत्या समेत कई वारदात में बाबा के शूटरों को हथियार इसने दिए थे।

### मार्केट खराब नहीं करने की दी थी हिदायत

सूत्रों के मुताबिक, सलीम के सप्लायर जिन्हें तीन-साढ़े तीन लाख में बेच रहे थे, उन पिस्टल को नदीम एक लाख में बेच रहा था। बॉबी ने अपने भाई इमरान, दानिश मल्ली और अकबर धोबी के जरिए नदीम को मार्केट खराब नहीं करने की हिदायत दी। बॉबी भी हाशिम गैंग से है तो असद उसकी तरफ हो गया और नदीम को धमकाया। मंडे शाम 5 बजे रिश्तेदारों ने समझौते की कोशिश की, लेकिन असद नहीं माना। देर रात नदीम स्कूटर से घर लौट रहा था। अमन राइडर और आसिफ पीपे उसे रोककर बात करने लगे। तभी असद, दानिश मल्ली और साकिब समेत चार शूटरों ने घेर लिया। नदीम और फजील पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।

# जॉब का झांसा, रिटायर्ड मेजर से 23 लाख ठगे

## बेटियों को IT और रेलवे में नौकरी लगवाने का दिया था झांसा

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

**सेना से** रिटायर्ड मेजर के साथ ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने पीड़ित की बेटी और भतीजी को आयकर विभाग और रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 23 लाख रुपये का चूना लगा दिया। आरोप है कि ठगों ने फर्जी जॉइनिंग लेटर, इंटरव्यू और मेडिकल से जुड़े जाली दस्तावेज भी सौंपे। जिन पर भारत सरकार की मुहर लगी हुई थी। बाद में जांच में सभी कागजात फर्जी पाए गए। पीड़ित की शिकायत पर कनॉट प्लेस थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़ित मेजर रिटायरमेंट के बाद केरल में रह रहे हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी कि इसी साल 5 जून को उनकी मुलाकात दिल्ली के राजीव चौक इलाके में सिबिन राज और मनीष पांडे नाम के दो युवकों से हुई थी। दोनों ने अपनी ऊंची पहुंच बताकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट और कोलकाता में रेलवे में सरकारी नौकरी दिलाने का दावा किया। दोनों ने भरोसा दिलाया कि वह उनकी बेटी को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट और भतीजी को रेलवे में जल्द नौकरी मिल जाएगी। इसके बदले में उनसे 23 लाख रुपये मांगे गए। बेटियों के करियर को लेकर उन्होंने और उनके भाई ने अलग-अलग किस्तों में पूरी रकम आरोपियों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी।

पीड़ित के अनुसार, 20 जून को आरोपियों ने उन्हें दोबारा राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर बुलाया। इस दौरान बेटी और भतीजी भी साथ थीं। आरोपियों ने दावा किया कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के आईटीओ ऑफिस में इंटरव्यू और मेडिकल प्रक्रिया कराई जाएगी। इसके बाद दोनों युवतियों को फर्जी जॉइनिंग लेटर सौंपे गए। साथ ही मेडिकल और ट्रेनिंग से जुड़े कुछ अन्य दस्तावेज भी दिए गए। आरोपियों ने परिवार को विश्वास दिलाया कि जल्द ही उन्हें ऑफिशल कॉल आएगी और जॉइनिंग प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी कोई कॉल नहीं आई। शक होने पर उन्होंने दस्तावेजों की जांच कराई। जिसमें पता चला कि जॉइनिंग लेटर समेत सभी कागजात फर्जी हैं।

AI image



**कनॉट प्लेस बुलाकर आरोपियों ने फर्जी जॉइनिंग लेटर थमाया**

**कनॉट प्लेस थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है**

### फोन उठाना किया बंद, फिर कर दिया ब्लॉक

AI image





रिटायर्ड मेजर ने आरोपियों से संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन उठाना बंद कर दिया और बाद में नंबर भी ब्लॉक कर दिया। पीड़ित ने 8 दिसंबर को कनॉट प्लेस थाने में शिकायत दी। आरोप लगाया कि सिबिन राज और मनीष पांडे सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर अब तक 40 से अधिक लोगों को शिकार बना चुके हैं। पुलिस ने 13 दिसंबर को केस दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के बैंक अकाउंट, कॉल डिटेल और पैसों के लेन-देन की जांच की जा रही है।

## 3 पकड़े, चोरी की 11 गाड़ियां बरामद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : नॉर्थ ईस्ट जिले की एएटीएस ने एक नाबालिग समेत तीन गाड़ी चोरों को पकड़ा है। उनके पास से चोरी के 11 टू वीलर्स बरामद हुए हैं। दो की पहचान रघुबीर नगर निवासी अरबान उर्फ मुन्ना (19) और निलोठी एक्सटेंशन, नांगलोई निवासी इंद्रजीत सिंह उर्फ अंश (19) के तौर पर हुई है। तीसरा आरोपी 16 साल का नाबालिग है। इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने गाड़ी चोरी के 11 मामले सुलझाने का दावा किया है।

नॉर्थ ईस्ट जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि 15 दिसंबर को इंस्पेक्टर योगेश वशिष्ठ की देखरेख में बनी टीम इलाके में गश्त पर थी। इस दौरान टीम लोनी रोड इलाके में पहुंची। वहां पर स्कूटी सवार तीन संदिग्धों को पकड़ा। जांच में स्कूटी चोरी की निकली। इनकी निशानदेही पर थाना न्यू उस्मानपुर, खजूरी खास, भजनपुरा, ज्योति नगर, वेलकम, जीटीबी एनक्लेव, जगतपुरी और फर्श बाजार इलाके से चोरी के 10 टू वीलर्स बरामद किए गए।




## मकान में आग, लोगों ने फायरब्रिगेड से पहले पाया काबू

■ NBT न्यूज, हापुड़ : गढ़मुक्तेश्वर के एक मोहल्ले स्थित मकान में मंगलवार सुबह आग लग गई। आग पर पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सूचना के बावजूद मौके पर फायरब्रिगेड भी पहुंची, लेकिन तब तक लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के गांव रसूलाबाद नानपुर निवासी रीना ने बताया कि मंगलवार सुबह घर में अचानक आग लग गई। रीना के शोर मचाने पर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बाल्टियों और सबमर्सिबल पंप का उपयोग कर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही नानपुर चौकी प्रभारी सुमित मलिक की टीम मौके पर पहुंची। पड़ोसी कपिल कुमार ने बताया कि आग में एक लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया है।

## जीवन के अधिकार से जुड़ी बिजली: HC ने कहा, 'वंचित नहीं कर सकते'

Prachi.Yadav@timesgroup.com



HC ने यह आदेश 15 दिसंबर को मैकी जैन की याचिका पर जारी किया

■ नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने एक घर की तीसरी मंजिल पर किराये पर रहने वाले एक शख्स को बिजली उपलब्ध कराने का निर्देश बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड को दिया है। कोर्ट ने कहा कि बिजली एक बुनियादी जरूरत है और भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत जीवन के अधिकार का एक अभिन्न अंग है, इसलिए जब तक किरायेदार संबंधित संपत्ति में रह रहा है, उसे इससे वंचित नहीं किया जा सकता है।

जस्टिस मिनी पुष्करणा ने कहा कि अदालतों ने कई फैसलों में कहा है कि बिजली अस्तित्व के लिए मौलिक अधिकारों में से एक है और भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत संरक्षित है। इसके अलावा, किसी भी नागरिक से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह बिजली जैसी बुनियादी जरूरत के बिना जीवन जिए।

हाई कोर्ट ने यह आदेश 15 दिसंबर को मैकी जैन की याचिका पर जारी किया। इसमें बीएसईएस को यह निर्देश देने की गुहार लगाई गई थी कि वह मकान मालिकों से 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' पर जोर दिए बिना, उनके पुराने मीटर के माध्यम से बिजली की आपूर्ति बहाल करे या परिसर (तीसरी मंजिल, शिवाजी एन्क्लेव) में एक नया बिजली मीटर लगाए।

वकील ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता साल 2016 से तीसरी मंजिल पर किराये पर रह रहा है। हालांकि, मकान मालिक ने उसके खिलाफ सिविल केस दायर कर रखा है, जो तीस हजारी कोर्ट में पेंडिंग है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने भी मकान मालिक के खिलाफ जवाबी केस दायर किया और पानी की सप्लाई बहाल करने के लिए उन्हें निर्देश देने की गुहार लगाई, जिसे उन्होंने जानबूझकर काट दिया था। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि उसने 28 नवंबर को सारा बकाया क्लियर कर दिया। पर अब बिजली कंपनी मकान मालिक से एनओसी लाने पर जोर दे रही है।

## पति के साथ बैंक गई महिला लापता, नहीं मिला कोई सुराग

■ NBT न्यूज, दनकौर: कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 20 वर्षीय विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला के अचानक लापता होने से परिजनों में हड़कंप मच गया है। काफी तलाश के बाद भी जब महिला का कोई सुराग नहीं लगा तो मंगलवार को दनकौर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायत दी है। पीड़ित राहुल ने बताया कि वह सोमवार को पत्नी के साथ दनकौर स्थित एक बैंक गए थे। कुछ देर बाद जब वह बाहर आए तो उनकी पत्नी अचानक उनके साथ से गायब थी। आसपास काफी खोजबीन की गई, रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क किया गया, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। उन्होंने बताया कि करीब एक साल पहले ही शादी हुई थी और पत्नी का किसी से कोई विवाद भी नहीं था। महिला के लापता होने से परिवारजन बेहद चिंतित हैं। इस संबंध में दनकौर कोतवाली पुलिस का कहना है कि परिजनों की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी की शिकायत ले ली गई है। महिला की तलाश के लिए आसपास के इलाकों में छानबीन की जा रही है।

पति ने कहा, एक साल पहले हुई थी शादी, नहीं था कोई विवाद

## नाक काटने का आरोप, गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, लोनी : अंकुर विहार थाना एरिया की नसबंदी कॉलोनी में महिला की नाक को काटने वाले आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट किया है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि आरोपी सलीम उर्फ सोनू उर्फ मूल रूप से मुजफ्फरनगर का रहने वाला है, फिलहाल नसबंदी कॉलोनी में रह रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पीड़िता उसकी रिश्तेदार है और वह उसी के मकान में रहता था। छोटी छोटी बातों को लेकर दोनों में कहासुनी होती रहती थी। एक दिन उसका पीड़िता के साथ झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर उसके साथ मारपीट की और नाक काट ली। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर जेल भेज दिया है।

---

### नोएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उ.प्र.)
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाइट **www.noidaauthorityonline.in** एवं UPLC की वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

क) 1. 22/महा०प्र०(वि०/यां०)/वरि०प्र०-(वि०/यां०)-प्रथम/ई-निविदा/2025-26, सैक्टर-105 नौएडा में 24 मीटर सड़क पर पुराने क्षतिग्रस्त और टूटे हुए एमएस खम्भों की जगह जीआई ऑक्टागोनल पोल स्थापित किये जाने का कार्य। लागत रु. 188.39 लाख।
जिन्हें दिनांक 30.12.2025 को सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 31.12.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

ख) 1. 18/महा०प्र०(वि०/यां०)/वरि०प्र०-(वि०/यां०)-प्रथम/ई-निविदा/2025-26, सैक्टर-146 में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र हेतु बिल्डिंग का निर्माण कार्य (सिविल कार्य)। लागत रु. 153.82 लाख।
जिन्हें दिनांक **23.12.2025 को सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **24.12.2025 को 11.00 बजे** खोली जायेंगी।

कार्यालय सैक्टर - 5 — महाप्रबंधक (वि०/यां०) नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

### कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रधान मुख्य अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, निम्नलिखित कार्य के लिए योग्य ठेकेदारों से ई-टेंडरिंग के माध्यम से सिंगल बिड प्रणाली में ओपन टेंडर आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम: कोंकण रेलवे पर कारवार क्षेत्र में सीनियर इंजीनियर, उडुपि के अधिकार क्षेत्र में चार सुरंगों के अंदर और चार प्रमुख पुलों पर और एसईएन/एमएओ के अधिकार क्षेत्र में लोलये - हरवाड़ा खंडों के बीच चार सुरंगों में मैनुअल साधनों द्वारा पूर्ण ट्रैक नवीकरण (पी)। टेंडर नोटिस नं.: केआर-डब्ल्यू-1-58-2025-22. अनुमानित लागत:** रु.4,15,24,896/- जीएसटी को छोड़कर। **समापन तिथि/समय:** 07.01.2026 तक 15:00 बजे तक ऑनलाइन ऑफर/बिड जमा करने के लिए। **पूरा होने की अवधि:** मानसून सहित आठ महीने। मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण / भागीदारी के लिए कृपया **https://ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाएं। शुद्धिपत्र / परिशिष्ट केवल इस वेबसाइट पर होस्ट किए जाएंगे।

### KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION
**Tender Notice NO.115. Date 15/12/2025**
**This is with reference to above mention tender notice for following work**

Under the revised administrative approval of the Shri Kshetra Mahalaxmi (Karveer Nivasini Ambabai) Temple, Kolhapur pilgrimage area development plan, the work involves construction- related activities at C.S. No. 2267 (A), near Saraswati Talkies in A Ward. This includes carrying out internal and external plastering and flooring works for the third, fourth, fifth, sixth, and seventh floors of the multi-storey parking and devotees' accommodation building, with all allied and essential internal works such as plumbing, electrification, lifts, carpentry/woodwork, waterproofing, etc.

For above work tender submission dates as follows-

| | |
|---|---|
| Start date of Submission of Documents | 16/12/2025 9.30 A. M |
| Pre Bid Meetting Date | 17/12/2025 11.00 A. M |
| Last date of Submission of Documents | 23/12/2025 3.30 P. M |
| Opening of Bids | 29/12/2025 11:00 A. M |

Details available on www.mahatenders.gov.in

sd/-
City Engineer,
Kolhapur Municipal Corporation.

### महानगर गैस लिमिटेड

सीआईएन: एल40200एमएच1995पीएलसी088133
1801-02, 18वी मंजिल, ए विंग, पार्श्विनी ... सी-38 और सी-39, ब्लॉक-जी, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, एमसीए के सामने, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051, महाराष्ट्र

**पैनल में शामिल होने की सूचना**

महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई और रायगढ़ जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के वितरण के व्यवसाय में लगी हुई है।

एमजीएल की मौजूदा और नए क्षेत्रों में रसोई के अंदर पीएनजी कनेक्शन प्रदान करके अधिकतम संख्या में घरों तक पहुंचने की महत्वाकांक्षी योजना है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, एमजीएल निम्नलिखित कार्यों के लिए एनसीआर में सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाले सुदृढ़, सक्षम और योग्य ठेकेदारों को पैनल में शामिल करने का इरादा रखता है:

| क्र. सं. | श्रेणी |
|---|---|
| 1 | मध्यम/निम्न दबाव नेटवर्क के लिए पॉलीथीन (पीई) पाइपलाइन बिछाना |
| 2 | पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन के लिए आवश्यक GI पाइपलाइन (जमीन के ऊपर) का निर्माण और संबंधित गतिविधियाँ |
| 3 | गैसीफाइड भवन में ऑनलाइन पीएनजी कनेक्शन और लास्ट माइल कनेक्टिविटी |
| 4 | ओपन कट और एचडीडी के माध्यम से स्टील पाइपलाइन बिछाना |

जिन ठेकेदारों के पास प्रासंगिक अनुभव है और जो एमजीएल के साथ पैनल में शामिल होना चाहते हैं, वे निम्नलिखित पते पर अपने प्रासंगिक क्रेडेंशियल्स के साथ वॉक-इन कर सकते हैं:

| दिनांक | शहर | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| 22.12.2025 | नई दिल्ली | होटल लाल पैलेस, सरदार पटेल मार्ग, डिप्लोमैटिक एन्क्लेव, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली, दिल्ली 110021 मोबाइल 9920385577 / 9324941163 | सुबह 11:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक |

किसी भी प्रश्न के लिए, कृपया ई-मेल करें: bbhandari@mahanagargas.com; asingh@mahanagargas.com

नोट: जो ठेकेदार पहले से ही एमजीएल से जुड़े हुए/पैनल में शामिल हैं, उन्हें आवेदन करने या वॉक-इन में भाग लेने की आवश्यकता नहीं है।

हस्ताक्षर/-
टी.एल. करण्डवाल
वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सी एंड पी)

### Delhi Tourism & Transportation Development Corporation Ltd.
(A Government Undertaking)
18-A, DDA SCO Complex, Defence Colony, New Delhi- 110024
www.delhitourism.gov.in

**Tender Notice**

**Request for Proposal (RFP) for Organising "The Delhi International Film Festival"**

Bids are invited from experienced agencies through Government e Marketplace (GeM) portal for organizing "The Delhi International Film Festival". The terms and conditions and other details can be downloaded from GeM portal bid no. **GeM/2025/B/7003711.**

The pre-bid meeting is on 22-12-2025 at 11:00 AM at above mentioned address. Last date for submission of bid is 05-01-2026 by 03:00 PM.

Corrigendum/addendum if any, will appear only on GeM portal.

Chief Manager (FSPC)

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना। एडमिन यूनिट/ज़ोन: लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०; नीलामी सूची सं./लॉट सं.: LJN-FSLR-32-25; नीलामी सूची प्रकाशन तिथि: 12.12.2025 समय 12:38 बजे; नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट): 30.12.2025 समय 13:00 बजे; नीलामी बन्द करने की तिथि व समय: 30.12.2025 समय 15:00 बजे; नीलामी का प्रकार: Close Ended; वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in

सहायक वाणिज्य प्रबंधक
मुजाफि/वा०-199 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### चेतावनी सूचना

यह आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड, भारत के कानूनों के तहत निगमित एक कम्पनी, जिसका पंजीकृत कार्यालय का पता बी1/बी2, 701, सातवीं मंजिल, मैराथॉन इनोवा, गणपतराव कदम मार्ग के पास, लोवर परेल (पश्चिम), मुम्बई, महाराष्ट्र -400013 है और वे नीचे दिये गये चिन्हों की मालिक और उपयोगकर्ता होने का दावा करती है।

यूरेका, फोर्ब्स, यूरेका फोर्ब्स

EUREKA FORBES और EUREKA FORBES Friends For Life

उपरोक्त चिन्हों का उपयोग, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षा पर केंद्रित घरेलू उपकरण और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की एक विस्तारित श्रृंखला के सम्बन्ध में किया जाता है, जिसमें अन्य चीजों के अलावा जल शोधक, वैक्यूम क्लीनर, वायु शोधक और जल समाधान शामिल हैं।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड ने उपरोक्त चिन्हों के उपयोग का लाईसेन्स किसी तीसरे पक्ष को नहीं दिया है और उक्त चिन्हों का कोई भी अनाधिकृत उपयोग यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड के ट्रेड मार्क अधिकारों का उल्लंघन और/अथवा दुरुपयोग माना जायेगा एवं ऐसे तीसरे पक्ष दीवानी और आपराधिक कानूनों के तहत उत्तरदायी होंगे। यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड ऐसे किसी भी उपयोग/अपनाये जाने के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही का अधिकार सुरक्षित रखते है।

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त चिन्हों वाले उत्पाद मिलते हैं जो यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड द्वारा निर्मित/विपणित नहीं है, वे ऐसे उपयोग की सूचना तस्वीर साक्ष्य और संस्था विवरण के साथ निम्न वर्णित पते पर दें।

**यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड**
बी1/बी2, 701, सातवीं मंजिल, मैराथॉन इनोवा, गणपतराव कदम मार्ग के पास, लोवर परेल (पश्चिम), मुम्बई, महाराष्ट्र - 400013
e-mail: compliance@eurekaforbes.com

### गुमशुदा/अपहृत की तलाश



नैन्सी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **नैन्सी पुत्री मनोज निवासी:** झुग्गी नं. B-423, मीरा बाग, पश्चिम विहार, दिल्ली जो अपने घर से दिनांक **06.11.2025** से अपहृत/लापता है। इस बाबत **FIR/DD No. 393/25 दिनांक 08.11.2025 U/s 137(2) भारतीय न्याय संहिता-2023 थाना: पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** में दर्ज है। इस लड़की का शारीरिक ब्यौरा निम्न प्रकार है।

उम्र: 15 वर्ष, कद: 4'2", रंग: गोरा, चेहरा: गोल, शरीर: मजबूत, पहनावा: हरे रंग का सूट एवं सलवार एवं दुप्पटा और पैरों में काले रंग की सैन्डल पहनी हुई है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नही मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो **थाना: पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** को निम्नलिखित नं. व ई-मेल: **cic@cbi.gov.in** और वेबसाइट: **http://cbi.nic.in** पर सूचित करें।

फोन नं.: 011-24368638, 24368641 — हस्ता/- थानाध्यक्ष
फैक्स नं.: 011-24368639 — थाना: पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली
DP/16810/OD/2025 — फोन: 9899942834

### उत्तर प्रदेश सरकार
### सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय मण्डल, सिंचाई कार्य, आगरा। 139, मॉल रोड, प्रतापपुरा, आगरा-282001, दूरभाष संख्या-0562-2464928, NIC Email - selec3dupag-up@nic.in

Office of The Superintending Engineer, 3rd Circle, Irrigation Works, Agra, 139, Mall Road, Pratappura, Agra. Department Website: www.idup.gov.in G-Mail - se3circleagra@gmail.com

**ई-निविदा सूचना संख्या-10/एस०ई०/2025-2026**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदायें (https://etender.up.nic.in) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश में वांछित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 04.01.2026 अपराह्न 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में गठित समिति के सदस्यों द्वारा दिनांक 04.01.2026 को अपराह्न 03:00 बजे खोली जायेगी। प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठेकेदारों की ही फाइनेंशियल बिड खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह निविदायें अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। निविदा दिनांक 19.12.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से दिनांक 04.01.2026 को अपराह्न 01.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्यों का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु.में) | धरोहर धनराशि (लाख रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + 18% GST (रुपये में) | पंजीकरण श्रेणी | खण्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | |
| 1 | जनपद गौतमबुद्धनगर में नोएडा मुख्य नाले के कि0मी0 7.800 पर ग्राम सलारपुर के निकट नवीन पुल का निर्माण कार्य। | 380.00 | 7.60 | 01 वर्ष | 4000.00 + 720 = 4720.00 | "ए" एवं उच्चतर | हैड वर्क्स खण्ड, आगरा नहर, ओखला |
| 2 | जनपद गौतमबुद्धनगर में नोएडा मुख्य नाले के कि0मी0 8.600 पर ग्राम सलारपुर के निकट नवीन पुल का निर्माण कार्य। | 380.00 | 7.60 | 01 वर्ष | 4000.00 + 720 = 4720.00 | "ए" एवं उच्चतर | हैड वर्क्स खण्ड, आगरा नहर, ओखला |
| 3 | जनपद गौतमबुद्धनगर में हिण्डन नदी के बांये किनारे पर आमनाबाद बन्धा के कि0मी0 1.350/8.250 स्थलों पर बैक रेगुलेटर के निर्माण कार्य। | 806.35 | 16.12 | 06 माह | 5000.00 + 900 = 5900.00 | "ए" | हैड वर्क्स खण्ड, आगरा नहर, ओखला |

विस्तृत निविदा सूचना का विवरण एवं नियम व शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट (http//:upgovt.up.nic/infotech) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट (http//:www.idup.gov.in) पर उपलब्ध है।

UPID 242484 dt 15.12.2025,
www.upgov.nic.in

अधीक्षण अभियन्ता,
तृतीय मण्डल, सिंचाई कार्य,
आगरा

### ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड
### Oil and Natural Gas Corporation Ltd.

**रुचि अभिव्यक्ति (ईओआई) सूचना**

**पीजीसी एवं जीटीजी मॉड्यूल्स के निपटान हेतु "जैसी स्थिति है, जहां स्थिति है"** आधार पर रुचि अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है। इन मॉड्यूल्स में 2 (दो) प्रोसेस गैस कंप्रेसर (पीजीसी) तथा 2 (दो) गैस टर्बाइन जनरेटर (जीटीजी) शामिल हैं, जो वर्ष 2017 से हजीरा यार्ड में अप्रयुक्त एवं संरक्षित अवस्था में उपलब्ध हैं। इस ईओआई का उद्देश्य उचित बाजार मूल्यांकन के आधार पर टोपसाइड मॉड्यूल्स की बिक्री हेतु इच्छुक संभावित खरीदारों से आवेदन आमंत्रित करना है। ईओआई की तिथि: 16 दिसंबर 2025, दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि: 15 जनवरी 2026 (ईओआई) बैठक की तिथि: 20 जनवरी 2026 ईओआई से संबंधित विस्तृत विवरण ओएनजीसी की वेबसाइट https://tenders.ongc.co.in तथा https://etenders.gov.in/eprocure/app. पर उपलब्ध है। इच्छुक पक्ष/बोलीदाता इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपनी रुचि अभिव्यक्ति ई-मेल के माध्यम से निम्नलिखित ई-मेल आईडी paliwary_pankaj@ongc.co.in/ kanth_ravi@ongc.co.in पर भेज सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया ओएनजीसी के ई-पोर्टल पर जाएं: https://tenders.ongc.co.in

### राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड

पो. बॉ. सं. 40, आणंद - 388001, गुजरात दूरभाष: 02692-260 148/149/160, फैक्स: 02692-260159
वेबसाइट: http://www.nddb.coop, ईमेल: purchase@nddb.coop
बोली के लिए आमंत्रण (IFB)/ स्थानीय प्रतिस्पर्धी बोली (LCB)

निम्नलिखित सूचीबद्ध कार्यों के लिए सेवा प्रदाताओं / एजेंसियों की ओर से पात्र बोलीदाताओं से बोलियाँ आमंत्रित हैं:

| क्रम सं. | कार्यों का विवरण/बोली संदर्भ | अनुमानित लागत (₹) GST सहित / अवधि | [illegible] | बोली जमा करने/खोलने की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| क | सिविल, वाटरप्रूफिंग, जल आपूर्ति, स्वच्छता और अन्य विविध कार्य जिनमें आंतरिक विद्युतीकरण कार्य शामिल हैं: | | | |
| i | दावणगेरे, कर्नाटक में 5 LLPD LMP डेरी प्लांट NDDB/HO/Purchase/85/25-26/ET/85 [Civil-DAVANAGERE-2] | 7000 लाख/ 12 माह | 20.12.25 12.01.26 | 12.01.26 15:00 बजे 12.01.26 15:30 बजे |
| ii | कुप्पम, आंध्र प्रदेश में डेरी प्लांट और CFP के लिए बाउंड्री वॉल एवं अन्य विविध कार्य NDDB/HO/Purchase/86/25-26/ET/86 [Civil-KUPPAM] | 297 लाख/ 08 माह | 19.12.25 09.01.26 | 09.01.26 15:00 बजे 09.01.26 15:30 बजे |
| iii | NDDB, मुंबई में शेल रूफ पर विशेष TPO मेंब्रेन वॉटरप्रूफिंग एवं संबंधित सिविल कार्य NDDB/HO/Purchase/87/25-26/ET/87 [Waterproof-MUMBAI] | 100 लाख/ 04 माह | 18.12.25 08.01.26 | 08.01.26 15:00 बजे 08.01.26 15:30 बजे |
| ख | निम्नलिखित के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग: | | | |
| i | दावणगेरे, कर्नाटक में 5 LLPD LMP डेरी प्लांट NDDB/HO/Purchase/88/25-26/ET/88 [LMP-DAVANAGERE] | 7500 लाख/ 12 माह | 20.12.25 12.01.26 | 12.01.26 15:00 बजे 12.01.26 15:30 बजे |
| ii | FPP, अमृतसर में कोल्ड स्टोरेज के लिए रेफ्रिजरेशन सिस्टम तथा थर्मोकूल इन्सुलेशन कार्य NDDB/HO/Purchase/89/25-26/ET/89 [Refri-AMRITSAR] | 1395 लाख/ 10 माह | 18.12.25 08.01.26 | 08.01.26 15:00 बजे 08.01.26 15:30 बजे |
| iii | FES, आणंद में HVAC कार्य NDDB/HO/Purchase/90/25-26/ET/90 [HVAC-ANAND] | 66 लाख/ 04 माह | 18.12.25 08.01.26 | 08.01.26 15:00 बजे 08.01.26 15:30 बजे |
| ग | NDDB आणंद में सुरक्षा सेवाएं प्रदान करना NDDB/HO/Purchase/91/25-26/ET/91 [Security-ANAND] | 212 लाख/ 12 माह | 17.12.25 07.01.26 | 07.01.26 15:00 बजे 07.01.26 15:30 बजे |
| घ | NDDB कोलकाता एवं RDTC सिलीगुड़ी में फैसिलिटी प्रबंधन सेवाएँ NDDB/HO/Purchase/92/25-26/ET/92 [FMS-KOL-SILIGURI] | 81 लाख/ 12 माह | 17.12.25 07.01.26 | 07.01.26 15:00 बजे 07.01.26 15:30 बजे |

IFB से संबंधित अधिक जानकारी के लिए और बोली दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए कृपया इन वेबसाइटों: www.nddb.coop और www.mstcecommerce.com/eprocn को देखें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया ग्रुप प्रमुख (क्रय), एनडीडीबी, आणंद-388 001 से संपर्क करें। विशेष सूचना: किसी भी शुद्धिपत्र/संशोधन इत्यादि को केवल इन वेबसाइटों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

## Tender & Notices

### PUBLIC NOTICE

**In respect of Land measuring 36 Bighas 15 Biswas and 10 Biswansi bearing Khasra Nos. 1947/185 (3-11), 1948/185 (3-7), 186 min (2-3), 187 min (2-2), 188 min (3-6), 189 (1-14), 1046 min (4-6-10), 1047 (9-2), 1964/1048 (5-8) & 1965/1048 (1-16) alongwith Boundary Wall & Built up Structure, situated in the Revenue Estate of Village Bhati, Tehsil Saket, New Delhi.**

Be it known to all that SHRI RAGHAV BAGRODIA S/o late Shri Nand Kishore Bagrodia *(alias Narsi Ram Bagrodia)* (owner and in possession of above captioned property), have agreed to sell/ transfer/ convey the same, free from all sorts of encumbrances (whatsoever), to my Client.

By way of this Public Notice it is notified that if any Person, Bank, NBFC, financial institution, governmental/ statutory or non-statutory authority/ agency, tax or any other department or any other entity has or have any claims, rights, title, interest, lien, demand, charge or claim of any nature as owner(s) or otherwise by way of possession, mortgage, surety, guarantee, gift, inheritance, agreement, MOU, arrangement, purchase, HUF, lease, license, understanding etc., in respect to the above captioned property or in part thereof and/ or against the aforesaid Owner or has any sort of dispute/ litigation or otherwise has/ have any objection for its absolute sale/ transfer/ conveyance to my Client, then, such Person, Entity, Bank, NBFC, financial institution, authority or any other entity etc., should notify the same to the undersigned forthwith along-with valid Documentary Proof of such claim, dispute, encumbrance etc., within a period of 15 (fifteen) days from the date of publication of this Notice, failing which it will be deemed that the above captioned property is absolutely free from all sorts of encumbrances (registered or un-registered) of any nature whatsoever and the above named Owner is vested with absolutely perfect/clear and marketable title in respect to the above captioned property with absolute right of alienation/ disposal and my Client shall proceed further with the transaction as bonafide purchaser and any alleged claim and/ or objection raised thereafter shall be treated as invalid, given-up, waived and forsaken and the same shall not be binding upon my Client in any manner whatsoever.

GAURAV SACHDEVA (Advocate)
C-21, Malviya Nagar, New Delhi-110 017, Ph: 41048314, 9810006297
E-mail: sachdevaassociates@gmail.com

GALLERIA TIMES interact
Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹119000* Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

BUSINESS SOLUTIONS TIMES interact
FRP GRATINGS
FRP GARDEN BENCH
FRP HANDRAIL/ FENCING
Bulk/ Retail/ Repair
Useful for CSR Activities
PRASHANT 9324960675 / 9820080431
Mail id: sales2@plasticfabricators.in
www.plasticfabricators.in

TRAVEL DESTINATION TIMES interact
JEET RAM TRAVELS
All India Tours & Yatras
Available 24x7 : AC / Non AC
Tempo Traveller/Urbania for All India
9911111900,8448445630
Main G.T. Road, Nangli Poona, Delhi-110036

To book your Shopping ads
Please contact
Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649

HEALTH & WELLNESS TIMES interact
विवाहित जीवन में पायें नई खुशियाँ नया जोश नई उमंग
SEX समस्या
आयुर्वेदिक सलाह लें
आकाशदवाखाना
9953396533
8860003863

यौन रोग
चिकित्सा के लिए
अशोक क्लीनिक
9811092140

SEXOLOGIST
DR. VIKRAM SABLOK
सबलोक फार्मेसी
चाँदनी चौक
9811195025

SEX PROBLEM
15 दिन में फर्क देखें
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
8527001155

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP7 User: gagan.malhotra Time: 12-16-2025 20:00 Color:


TATA MOTORS
PASSENGER VEHICLES

TATA

TATA MOTORS GOOD-BUY 2025

# साल ख़त्म होने से पहले लॉक करें सबसे बड़ी डील

₹2 27 000^. तक के धमाकेदार ईयर एंड ऑफ़र्स और एक्सटेंडेड GST फ़ायदे. जल्द पहुंचे अपने नज़दीकी डीलरशिप पर.




**PUNCH** Price starts at ₹5.49 Lakh^^

GST price reduction ₹97 000® | Incredible Good-buy benefits ₹1 30 000##

Low EMI starting ₹5 999

- 1st in Segment 26.03cm Touchscreen Infotainment#
- Voice-assisted Electric Sunroof
- Rear AC Vents
- Wireless Charger
- R16 Diamond Cut Alloy Wheels
- SUV Capability - 187mm Ground Clearance

**NEXON** Price starts at ₹7.31 Lakh^^

GST price reduction ₹1 00 000® | Incredible Good-buy benefits ₹78 000##

Low EMI starting ₹7 666

## GOOD-BUY 2025 BENEFITS. LIMITED PERIOD. HURRY

| Persona | GST Price Reduction® | Good-buy 2025 Benefits## | Total Benefits ## |
|---|---|---|---|
| Pure | ₹70 000 | ₹1 30 000 | ₹2 00 000 |
| Adventure | ₹61 000 | ₹1 30 000 | ₹1 91 000 |
| Accomplished+ | ₹71 000 | ₹1 30 000 | ₹2 01 000 |
| Creative+ | ₹97 000 | ₹1 30 000 | ₹2 27 000 |

| Persona | GST Price Reduction® | Good-buy 2025 Benefits## | Total Benefits ## |
|---|---|---|---|
| Smart | ₹68 000 | ₹78 000 | ₹1 46 000 |
| Pure+ Petrol | ₹82 000 | ₹78 000 | ₹1 60 000 |
| Creative | ₹1 00 000 | ₹78 000 | ₹1 78 000 |
| Pure+ S CNG | ₹1 00 000 | ₹70 000 | ₹1 70 000 |
| Pure+ Diesel | ₹1 00 000 | ₹78 000 | ₹1 78 000 |

## INDIA'S NO.1 SELLING CAR POST GST 2.0^

- 1 Nexon sold every 5 mins
- 26.03cm Touchscreen Infotainment by HARMAN™ and Voice Assisted Electric Sunroof (Pure + S)
- India's first turbo CNG and most powerful Dual Cylinder CNG SUV
- 1.2L Turbocharged Petrol MT, AMT, 7 Speed DCA (dual clutch)
- Best in segment fuel economy of 24.07 KMPL in Diesel AT
- India's only SUV with 5-star GNCAP & BNCAP safety rating
- Tailor-made for Indian roads: 208mm Ground Clearance

**Available in Petrol, Diesel, CNG, EV*** | **Easy upgrade with lowest EMIs~** | **Book TATA Motors SUV** | TATA MOTORS SAFETY DOME 360° PROTECTION

Kindly call on 8291362368 for all enquiries related to purchase from CSD or KPKB/CPC

**CENTRAL DELHI:** CONNAUGHT PLACE: ARYA MOTORS: 9810638782. KAROL BAGH: ZEDEX MOBILITY: 9619490132. KASHMERE GATE: DPS CARS: 9090808057. **EAST DELHI:** PREET VIHAR: DPS CARS: 8929567222/9. PATPARGANJ: SAGAR MOTORS: 7506019545. DILSHAD GARDEN: SAGAR MOTORS: 7506019521. GOKULPURI: SAB MOTORS: 8291058108. **SOUTH DELHI:** SAFDARJUNG ENCLAVE: JASPER MOTORS: 7838015633. NEHRU PLACE: JASPER MOTORS: 7838015633. OKHLA: JASPER MOTORS: 7838015633. LAJPAT NAGAR: SAB MOTORS: 7506019487. MATHURA ROAD: SAB MOTORS: 7506019505. **NORTH DELHI:** MODEL TOWN: ZEDEX MOBILITY: 9619447205. ROHINI: CHERISH CAR: 7039049471. WAZIRPUR: SISOTHYA: 9619918805. WAZIRPUR: AUTOVIKAS: 7506019445. NARELA: SPARSH AUTOTECH: 8291058089. PRASHANT VIHAR: MALWA: 7506019463. **WEST DELHI:** FRONTIER: DWARKA: 8291390014. FRONTIER: DWARKA SEC-5 RAJAPURI: 9167836026. PUNJABI BAGH: CHERISH CAR: 9167277034. JANAKPURI: DELIGHT MOTORS: 7045211252. NAJAFGARH: SPARSH AUTOTECH: 7506019549. PALAM DABRI: SPARSH AUTOTECH: 7506019683. MAYAPURI: TRUENORTH: 7506019838. PEERAGARHI: TRUENORTH: 9619223251. MOTINAGAR: AUTOVIKAS: 7506019415. **NOIDA:** SECTOR 5: SAGAR MOTORS: 7506020132. SECTOR 63: SAGAR MOTORS: 9167622374. **GREATER NOIDA:** SAGAR MOTORS: 7506020227. JEWAR: SAGAR MOTORS: 8291304204. **GREATER NOIDA WEST:** GAUR CITY: SAGAR MOTORS: 9667899773. **GHAZIABAD:** BHOJPUR: SAB MOTORS: 9152102564. PATEL NAGAR: SAB MOTORS: 7506019939. MOHAN NAGAR: SAB MOTORS: 7506019947. VAISHALI: SAB MOTORS: 9619085440. MODINAGAR: SAB MOTORS: 9152102564. HAPUR: SAB MOTORS: 9152102552. **FARIDABAD:** NIIT: MULTITECH MOTORS: 8879221763. ATLAS TOWER: MULTITECH MOTORS: 7506019846. BALLABHGARH: AUTOVIKAS: 8879140298. PALWAL: MAGAN WHEELS: 8291523319. HODAL: MAGAN WHEELS: 8879366376. **GREATER FARIDABAD:** MAGAN WHEELS: 8291517531. **GURUGRAM:** SECTOR 43: HIMGIRI AUTOMOBILES: 7011321476. HERO HONDA CHOWK: HIMGIRI AUTOMOBILES: 9619140714. GOLF COURSE EXTN. ROAD: ZEDEX MOBILITY: 9167617962. SOHNA ROAD: ZEDEX MOBILITY: 7506019906. UDYOG VIHAR: ARYA MOTORS: 8291539640. SEC-14: ARYA MOTORS: 7506019879. GOLF COURSE ROAD: ARYA MOTORS: 7506019902. SOHNA: CSG AUTOMOBILES: 8879054086. WAZIRPUR: HIMGIRI AUTOMOBILES: 8291522893. MANESAR: HIMGIRI AUTOMOBILES: 8291210154. MANESAR: SISOTHYA: 9167206541. PATAUDI: HIMGIRI AUTOMOBILES: 8291518973. PATAUDI: SISOTHYA: 9167206841. BULANDSHAHAR/KHURJA/DIBAI/SIYANA/SIKANDRABAD: MASCOT MOTORS: 9152104362. REWARI: PREMIUM MOOCORP: 7506019918,8291518613. MAHENDERGARH: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947529. NARNAUL: DHEERAJ MOTOCORP: 9619949466. KANINA: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947651. KOSLI: PREMIUM MOTOCORP: 9152102543. SONIPAT & KUNDLI : SWAN MOTORS : 9215317773. MEERUT: GARH ROAD: ANJNEY AUTOMOBILES: 8291103957. SHATABDI NAGAR: DELHI ROAD: SHREE VASU: 7506019959. SARDHANA: SHREE VASU: 9619362026. BIJNOR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. NAJIBABAD: MANGALAM AUTOWORLD: 8291176455. DHAMPUR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. BARAUT: SHREE VASU: 9167475934. MAWANA: SHREE VASU: 8879954579. BAGHPAT: SHREE VASU: 9167276250.

Images and illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications/colors are not available in all variants and may vary for different variants and are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. **The benefits mentioned are of particular model and variant. Benefits will vary depending on the model and variant selected. For exact details, please contact your nearest authorized TATA Motors dealership. Additional benefits include consumer offer, exchange offer, loyalty, intervention consumer, intervention exchange. ~Finance at the sole discretion of Financer. The EMI figures shown above are based on specific loan amount along with Ballon scheme options (25% or 30%) and 84 month repayment period. Actual EMI amounts may vary based on loan amount and total on road price. Schemes on Punch & Nexon may vary. ^^Prices mentioned is Punch pure MT, ex showroom Delhi. ¥Punch is the highest selling car in calendar year 2024 as per SIAM data. #Punch offers 1st in segment 26.03cm touchscreen infotainment under 3850mm length SUV. Punch is available in Petrol, CNG and EV. ^^Price mentioned is Nexon Smart MT Petrol, ex showroom Delhi Local taxes extra. *Estimated ex-showroom New Delhi price, after GST 2.0, effective 22 September. "Nexon GNCAP tested in Feb'24 & BNCAP tested in Oct'24 for Smart. TATA Nexon scored highest adult occupant score as per test conducted by Bharat NCAP and Global NCAP in category of SUV less than 4 meter & engine less than 1.5L as per GNCAP & BNCAP test result. Only Compact SUV. ^TATA Nexon was No.1 selling car in September 2025 as per SIAM report. Nexon is available in petrol, diesel, CNG and EV in India. Please confirm the exact price of your preferred car/SUV variant from an authorized Tata Motors showroom near you. Prices mentioned in the table are for petrol manual transmission. ®Old ESP (estimated starting price ex-showroom) and New ESP (estimated starting price ex-showroom with 100% GST 2.0 benefit effective from 22nd September 2025). ΩThe mileage figures quoted 24.07 kmpl for the Nexon diesel AMT are ARAI certified test figures under controlled conditions. Actual mileage may vary significantly as per driving conditions. Only in the compact SUV segment under 4meter. 1.5liter diesel engine). ^TATA Nexon was No.1 selling car in September 2025 as per SIAM report. Terms and conditions apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP8 User: cci Time: 12-16-2025 23:21 Color:



## फटाफट खबरें

### राष्ट्रपति भवन में परमवीर दीर्घा शुरू



परमवीर चक्र विजेताओं के फोटो लगे।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में परमवीर दीर्घा का उद्घाटन किया। इस गैलरी में परमवीर चक्र से सम्मानित सभी 21 विजेताओं के चित्र प्रदर्शित हैं। गैलरी का उद्देश्य विजिटर्स को उन राष्ट्रीय नायकों के बारे में जानकारी प्रदान करना है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा में अदम्य संकल्प, साहस का प्रदर्शन किया।

### आशा, आंगनवाड़ी वर्कर्स का मुद्दा उठा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने मंगलवार को संसद में आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का मुद्दा सदन में उठाया। जीरो आवर के दौरान उन्होंने कहा कि इन फ्रंटलाइन महिला कार्यकर्ताओं के मानदेय में केंद्र का योगदान दोगुना किया जाना चाहिए। कई अहम सरकारी कार्यक्रमों को लागू करने में लगी आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के ऊपर काम का बहुत दबाव है।

### एपिडा में भ्रष्टाचार का मामला उठा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को शून्यकाल में कहा कि एपिडा (कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) में अजैविक कृषि उपज को जैविक बताने को लेकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने पीएम मोदी से इस प्रकरण की जांच सीबीआई से कराने की मांग भी की।

# मनरेगा की जगह लाए गए नए विधेयक पर भड़के विपक्षी दल

## विपक्ष ने कहा- गांधी जी का अपमान, सरकार बोली-वो दिल में

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : लोकसभा में मंगलवार को सरकार ने 'विकसित भारत - जी राम जी विधेयक 2025' पेश किया, जिसका विपक्ष ने जमकर विरोध किया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट (मनरेगा) की जगह पर लाए गए इस विधेयक का प्रस्ताव ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रखा, जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दी गई।

विपक्ष मनरेगा का नाम बदलने का विरोध कर रहा है और महात्मा गांधी का नाम हटाने को राष्ट्रपिता का अपमान बता रहा है। विपक्ष ने संसद परिसर में विरोध मार्च भी निकाला और नारेबाजी की। विपक्ष ने मांग की है कि विधेयक को वापस लिया जाए या फिर संसदीय समिति के पास भेजा जाए।

प्रियंका गांधी ने कहा, योजनाओं का नाम बदलने की सनक समझ नहीं आती है।

### सरकार ने कहा महात्मा गांधी हमारे दिलों में बसते हैं

केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने बिल पेश करते हुए कहा कि महात्मा गांधी हमारे दिलों में बसते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार महात्मा गांधी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित कई योजनाएं चला रही है।

उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस सरकार ने भी जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या वह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान था? चौहान ने कहा कि हम इस विधेयक में 125 दिन के रोजगार की गारंटी दे रहे हैं। यह कोई कोरी गारंटी नहीं है बल्कि 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से गांवों का संपूर्ण विकास होगा।



'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक 2025' के विरोध में विपक्षी दलों ने संसद परिसर में निकाला मार्च।

### विपक्ष का प्रदर्शन

विपक्ष के विरोध के बावजूद लोकसभा में बिल पेश करने के बाद विपक्षी सदस्यों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि योजनाओं के नाम बदलने की सनक मुझे समझ नहीं आती। योजनाओं का नाम बदलने की प्रक्रिया में बहुत पैसा खर्च होता है। मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है।

### प्रियंका ने कहा- कानूनी अधिकार हो रहा कमजोर



सदन में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि इससे रोजगार का कानूनी अधिकार कमजोर हो रहा है। विधेयक में केंद्र के अनुदान को 90 से 60 पर्सेंट किया गया है और राज्यों पर अतिरिक्त भार पड़ेगा। कांग्रेस सांसद ने मांग की कि विधेयक वापस लिया जाना चाहिए या कम से कम स्थायी समिति के पास भेजा जाए। प्रियंका ने कटाक्ष करते हुए कहा कि किसी की निजी महत्वाकांक्षा, सनक और पूर्वाग्रह के आधार पर कोई विधेयक पेश नहीं होना चाहिए। यह विधेयक काम के दिन 100 से बढ़ाकर 125 करने की बात करता है, लेकिन इसमें मजदूरी बढ़ाने की बात नहीं है।

> महात्मा गांधी का राम राज्य का दृष्टिकोण कभी भी पूरी तरह से राजनीतिक प्रोजेक्ट नहीं था। यह एक सामाजिक-आर्थिक ब्लूप्रिंट था जो गांवों को मजबूत बनाने पर आधारित था।
> – शशि थरूर, कांग्रेस सांसद

> नया विधेयक महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान है। मोदी सरकार ने पहले ही भयंकर बेरोजगारी से भारत के युवाओं का भविष्य तबाह कर दिया है। यह विधेयक ग्रामीण गरीबों की सुरक्षित रोजी-रोटी को खत्म करने का जरिया है। –राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष (X पर)

### चुनाव आयोग ने जारी की 5 राज्यों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट

# पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट से 58 लाख से अधिक नाम कटे

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : चुनाव आयोग ने मंगलवार को 12 राज्यों में से पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर दी। इन राज्यों में SIR के तहत वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण किया जा रहा है।

पांच राज्यों की जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सबसे अधिक नाम पश्चिम बंगाल में कटे हैं। यहां 58 लाख 20 हजार 899 वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। इनमें 24 लाख 16 हजार वोटरों की डेथ हो चुकी है, 32 लाख 65 हजार पश्चिम बंगाल से बाहर परमानेंट शिफ्ट हो चुके हैं और एक लाख 38 हजार से अधिक वोटरों के राज्य के अंदर ही दो या इससे अधिक जगह वोटर कार्ड बने पाए गए। इन सभी के नाम काट दिए गए हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि अब अगले साल 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियों का दौर चलेगा। जिस भी वोटर का नाम गलत कट गया है। वह इसकी शिकायत कर सकते हैं। उनका नाम 14 फरवरी को पब्लिश होने वाली फाइनल वोटर लिस्ट में जुड़ जाएगा। पश्चिम बंगाल में ही 85 लाख से अधिक वोटरों के नाम राज्य की 2002 में हुई एसआईआर वाली वोटर लिस्ट से नहीं मिले। इनके समेत अन्य ऐसे वोटर हैं। जिन्हें नोटिस भेजकर इन विसंगतियों के बारे में जानकारी ली जाएगी। काफी वोटर लापता भी मिले हैं। जो पहले यहां रहते थे, लेकिन एसआईआर के दौरान अचानक लापता हो गए। इन सभी का डेटा भी आयोग इकट्ठा कर रहा है।

15 जनवरी 2026 तक तक दावे और आपत्तियों का दौर चलेगा।

बाकी चार राज्यों में लक्षद्वीप में 1429, गोवा में एक लाख 42, राजस्थान में 41 लाख 84 हजार 819 और पुडुचेरी से एक लाख तीन हजार 467 वोटरों के नाम डिलीट किए गए। डिलीट किए गए वोटरों में मृत, परमानेंट शिफ्ट, लापता और डुप्लिकेट वोटरों के नाम हटाए गए हैं।



File

बिहार के बाद पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में शुरू की गई SIR प्रक्रिया।

# चुनाव सुधारों पर नड्डा का जवाब- नया नहीं SIR

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : राज्यसभा में चुनाव सुधारों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि समय-समय पर वोटर लिस्ट में सुधार करना चुनाव आयोग की संवैधानिक शक्ति के तहत आता है। यह देश में पहली बार नहीं हो रहा है।

SIR पर विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए नड्डा ने कहा कि चुनाव आयोग ने यह सुनिश्चित किया कि कोई पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से बाहर नहीं रहे और किसी भी अयोग्य व्यक्ति का नाम इसमें शामिल नहीं हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दल SIR को लेकर गलतबयानी कर रहे हैं और देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। देश घुसपैठियों के वोट से नहीं बल्कि देश के नागरिकों के वोट से चलेगा। नड्डा ने कहा कि आयोग के लिए SIR कराना इसलिए और जरूरी हो जाता है, क्योंकि 2010 के बाद से किसी मतदाता का नाम नहीं हटाया गया है।



नड्डा ने कहा, सरकार संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा से नहीं भागती है।

### '1952 से हो रहा SIR'

नड्डा ने कहा SIR 1952 से भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा रहा है। यह 1952, 1957 और 1961 में कराया गया था, उस समय नेहरू PM थे। 1965 में SIR हुआ, लालबहादुर शास्त्री PM थे। 1983 में इंदिरा गांधी PM थीं। 1987 और 1989 में जब यह हुआ तो राजीव गांधी PM थे। 2002 में और 2004 में भी SIR हुआ था। नड्डा ने कहा कि वाजपेयी सरकार में हुए SIR को छोड़ दें तो हर बार कांग्रेस की सरकार थी।

# उच्च शिक्षा में सिंगल रेगुलेटर वाला बिल JPC के पास भेजने को मंजूरी

**बिल में व्यवस्था, UGC, AICTE जैसी संस्थाओं की जगह एक आयोग होगा**

**JPC में लोकसभा से 21 सदस्य और राज्यसभा से 10 सदस्य होंगे**

NBT 3 मिनट में पढ़ें

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : लोकसभा ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक सिंगल पॉइंट रेगुलेटर बनाने से जुड़े बिल 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक- 2025' को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बिल को दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति के पास भेजे जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान की। समिति में लोकसभा के 21 सदस्य और राज्यसभा के 10 सदस्य होंगे। यह समिति बजट सत्र 2026 के पहले भाग के आखिरी दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

समिति के सदस्यों के जितने भी सवाल होंगे, उनका जवाब दिया जाएगा। बिल के प्रावधानों में कहा गया है कि उच्च शिक्षा आयोग (यानी सिंगल पॉइंट रेगुलेटर) की जिम्मेदारी राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। इसके तहत सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों, शिक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक दायरे में काम करने वाले राष्ट्रीय महत्व के संस्थान शामिल होंगे। IIT, NIT, IISc, IISER, IIM और IIIT उच्च शिक्षा आयोग के दायरे में होंगे। राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की मूल स्वायत्तता बरकरार रहेगी।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बिल को दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति के पास भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान की गई।

### बिल में ऐसे हैं प्रावधान...

12 दिसंबर 2025 को PM मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संसद में पेश करने के लिए विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 को मंजूरी दी। इसमें "उच्च शिक्षा या अनुसंधान संस्थानों और वैज्ञानिक एवं तकनीकी संस्थानों में समन्वय और मानकों के निर्धारण' का प्रावधान है। विधेयक में तीन परिषदों के साथ एक शीर्ष निकाय के रूप में विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान की स्थापना का प्रावधान है। इसमें विकसित भारत शिक्षा विनियमन परिषद (रेगुलेटरी काउंसिल), विकसित भारत शिक्षा गुणवत्ता परिषद और विकसित भारत शिक्षा मानक परिषद (स्टैंडर्ड काउंसिल) शामिल हैं।

### 'अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता बढ़ेगी'

सरकार का कहना है कि उच्च शिक्षा में विश्व की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं को अपनाने से भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता में इजाफा होगा। इससे देश के भीतर वैश्विक स्तर पर मानकीकृत संस्थानों की स्थापना में सुविधा होगी, जिससे भारत को ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सकेगा। घरेलू प्रतिभा को बनाए रखा जा सकेगा। अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित किया जा सकेगा।

# SIR: मीडिया रिपोर्ट पर EC से जवाब मांगने से इनकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) से उस मीडिया रिपोर्ट पर जवाब मांगने से इनकार कर दिया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया के दौरान मतदाता नामों को हटाने के लिए लाखों पूर्व-भरे (pre-filled) नोटिस केंद्रीय स्तर से जारी किए गए। अदालत ने यह टिप्पणी करते हुए कहा कि जब तक कोई मुद्दा शपथ पत्र (एफिडेविट) के माध्यम से औपचारिक रूप से रिकॉर्ड पर न लाया जाए, तब तक अदालतें मीडिया रिपोर्टों से प्रभावित नहीं हो सकतीं।



आरोप: बिहार में वोटर्स के नाम हटाने के लिए लाखों पूर्व-भरे नोटिस केंद्रीय स्तर से जारी किए गए।

बेंच बिहार में SIR प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान, असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने एक अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार, मतदाताओं के नामों को हटाने के लिए लाखों पूर्व-भरे नोटिस केंद्रीय निर्वाचन आयोग से मतदाताओं को भेजे गए, जबकि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत ऐसे नोटिस जारी करने का अधिकार केवल स्थानीय निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ERO) को है। भूषण ने तर्क दिया कि इससे केंद्रीकृत हस्तक्षेप का संकेत मिलता है।

# नैशनल हेरल्ड केस में ED की चार्जशीट खारिज

## सोनिया-राहुल के खिलाफ आरोपों पर कोर्ट बोला- निजी शिकायत पर टिकी जांच

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कांग्रेस नेताओं** राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पांच अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में दाखिल ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थित विशेष अदालत ने मंगलवार को इनकार कर दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी का कहना है कि वह विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ अपील करेगी।

स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि चार्जशीट एक निजी व्यक्ति की शिकायत पर की गई जांच पर आधारित है, न कि किसी मूल अपराध की एफआईआर पर। कानूनी तौर पर इसका संज्ञान लेना गलत है। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा पहले ही इस मामले में एफआईआर दर्ज कर चुकी है, इसलिए प्रवर्तन निदेशालय के तर्कों पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करना जल्दबाजी होगी।

ईडी ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी, साथ ही दिवंगत पार्टी नेताओं मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक प्राइवेट कंपनी, यंग इंडियन पर साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया है। 2 मई को इस मामले में उन्हें नोटिस जारी किए गए थे। ईडी ने यह चार्जशीट PMLA की धाराओं 3 और 4 के तहत दायर की थी। इसमें कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (AJL) की लगभग 2,000 करोड़ रुपये की संपत्तियों पर कब्जा कर लिया, जो नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करती है।



सोनिया और राहुल गांधी हैं आरोपी।

### FIR की कॉपी नहीं दी

अदालत ने उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें दिल्ली पुलिस को नैशनल हेरल्ड मामले में राहुल और सोनिया के खिलाफ दर्ज FIR की कॉपी देने का निर्देश दिया गया था। मैजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर पुलिस ने तर्क दिया था कि आरोपी FIR की कॉपी पाने के हकदार नहीं हैं।



### सरकार पर खरगे का तंज

■ भाषा, नई दिल्ली : नैशनल हेरल्ड मामले में सोनिया और राहुल को राहत मिलने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बीजेपी सरकार पर कटाक्ष किया। खरगे ने X पर लिखा, 'कोर्ट ने मोदी सरकार की कार्रवाई को अवैध ठहराकर राजनीतिक बदले की दुर्भावना से रची साजिश को नाकाम किया है।'

# पुराने हो चुके 71 कानूनों को रद्द करने वाला बिल लोकसभा में पास

■ भाषा, नई दिल्ली : अप्रचलित और पुराने हो चुके 71 कानूनों को समाप्त करने या संशोधित करने के प्रावधान वाले 'निरसन और संशोधन विधेयक, 2025' को लोकसभा ने मंगलवार को मंजूरी दे दी।



कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस विधेयक को लेकर विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा, 'यह विधेयक जल्दबाजी में नहीं, सोच-विचार करके लाया गया है और विकसित भारत की दिशा में बढ़ता कदम है।' उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद लगातार कानून बनाए जा रहे हैं, अनावश्यक कानूनों को निरस्त किया जा रहा है, कुछ कानूनों में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा रहा है। उक्त विधेयक गुलामी के अंशों से मुक्ति पाने, विकसित भारत, विरासत पर गर्व करने, एकजुट रहने और कर्तव्य भाव को बढ़ाने के प्रधानमंत्री मोदी के 'पंच प्रण' के तहत लाया गया है।

मेघवाल के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी प्रदान की। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से छह अधिनियमों को निरस्त किया जाएगा और 65 में संशोधन किया जाएगा।

# इंश्योरेंस में 100% FDI बिल लोकसभा में मंजूर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लोकसभा में 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक 2025' पास हो गया। विपक्ष ने इस बिल का विरोध किया था। इस बिल के बारे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने वाले विधेयक का लक्ष्य दायरे को व्यापक करना है और सरकार नियामक को और सुदृढ़ करना चाहती है। सीतारमण ने कहा कि बीमा रकम की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एफडीआई को बढ़ाया जा रहा है और अनुपालन संबंधी कई नियमों को आसान किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे बीमा क्षेत्र में एक बेहतर नियामक निगरानी होगी।



# हिजाबकांड: महबूबा ने उठाए नीतीश पर सवाल

■ भाषा, श्रीनगर

**पीपल्स डेमोक्रेटिक** पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला के चेहरे से हिजाब हटाने की घटना से उन्हें गहरा सदमा लगा है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार के पद पर बने रहने पर भी सवाल उठाए।

महबूबा मुफ्ती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नीतीश जी की प्रशंसक रही हूं, उन्हें एक युवा मुस्लिम महिला का नकाब खींचते देखकर मुझे गहरा सदमा लगा है। क्या कोई इसे बढ़ती उम्र से जोड़ेगा या मुसलमानों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने वाली सामान्य घटना कहेगा।' उन्होंने कहा कि यह तथ्य और भी अधिक परेशान करने वाला है कि उनके आसपास के लोगों ने इस भयावह घटना को एक तरह के मनोरंजन के रूप में देखा। नीतीश साहब, शायद अब आपके इस्तीफे का समय आ गया है? एक वीडियो में नीतीश को एक समारोह में एक मुस्लिम महिला का नकाब हटाने की कोशिश करते देखा जा सकता है।



हिजाब हटाने का वीडियो वायरल।

### मंत्री ने पल्ला झाड़ा

■ आईएएनएस, पटना : आयुष चिकित्सकों को दिए जा रहे नियुक्ति पत्र के दौरान सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक महिला का हिजाब हटाने की कोशिश पर विपक्ष लगातार हमलावर है। इस बीच नीतीश सरकार में मंत्री मोहम्मद जमा खानने कहा कि मामला जो भी हो, हम इसमें शामिल नहीं होना चाहते। उनका कहना है कि हम तो सिर्फ पार्टी के कार्यकर्ता हैं और बड़े फैसले सीनियर नेता लेते हैं।

वहीं, आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि ये दृश्य विचलित करने वाले थे और गंभीर चिंताएं पैदा करते हैं।

# कोटा में लगेगा एग्रोटेक मेला



राजस्थान से जुड़े कृषि विषयों पर नई दिल्ली में बैठक हुई।

■ नई दिल्ली : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की उपस्थिति में कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र सहित राजस्थान से जुड़े कृषि विषयों पर नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में किसानों की आय वृद्धि, सिंचाई, फसल सुरक्षा, कृषि यंत्रीकरण और उर्वरक आपूर्ति जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्रीय कृषि मंत्री ने अधिकांश विषयों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए सहयोग और समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में कोटा में शीघ्र राष्ट्रीय स्तर का एग्रोटेक मेला आयोजित करने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। यह मेला केंद्रीय कृषि मंत्रालय के माध्यम से आयोजित होगा।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ कमिटी, SC सुनेगा अर्जी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने मंगलवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की उस याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ करप्शन के आरोपों की जांच के लिए लोकसभा अध्यक्ष द्वारा बनाई जांच समिति के गठन को चुनौती दी है। जांच कमिटी में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार, मद्रास हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस मणींद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक हाई कोर्ट के सीनियर वकील बी. वी. आचार्य शामिल हैं।

जस्टिस वर्मा ने करप्शन के आरोपों की जांच के लिए बनी समिति को चुनौती दी है।

पीठ ने लोकसभा अध्यक्ष के ऑफिस और लोकसभा और राज्यसभा दोनों के जनरल सेक्रेटरी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। अगली सुनवाई 7 जनवरी, 2026 को होगी। 14 मार्च को दिल्ली के जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में आग लगने के बाद जले हुए नकदी के बंडल पाए गए थे।



### 'नियमों की अनदेखी'

जांच समिति गठित करते समय अपनाई गई प्रक्रिया को चुनौती देते हुए वर्मा ने तर्क दिया कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों में महाभियोग प्रस्ताव के नोटिस दिए गए थे, इसके बावजूद लोकसभा अध्यक्ष ने राज्यसभा के सभापति द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति पर निर्णय का इंतजार किए बिना और कानून द्वारा अनिवार्य संयुक्त परामर्श किए बिना, खुद ही समिति का गठन कर दिया। जहां प्रस्ताव के नोटिस दोनों सदनों को एक ही तारीख को दिए जाते हैं, जैसा कि इस मामले में है, वहां कोई समिति गठित नहीं की जाएगी, यह अनिवार्य है, जब तक कि प्रस्ताव दोनों सदनों में स्वीकार न कर लिया जाए।

# सिर्फ बड़ी कंपनियां ही बनाएं स्लीपर बसें, सुरक्षा पर कदम उठाने की तैयारी में केंद्र

## सड़क हादसों पर गडकरी की अध्यक्षता में हुई हाई लेवल मीटिंग

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : स्लीपर बसों के यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार सख्त कदम उठाने पर काम कर रही है। इसके तहत स्लीपर बसों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए सरकार केवल वोल्वो, मर्सिडीज, टाटा, अशोक लेलैंड और आईशर जैसी बड़ी कंपनियों के जिम्मे ही यह जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी कर रही है, जबकि लोकल स्तर पर बस बनाने वाले बस बॉडी बिल्डर यानी लोकल बस वेंडरों पर स्लीपर बसों को बनाने पर प्रतिबंध लगाने की प्लानिंग है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में हाल ही में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय मीटिंग हुई। इसमें 2024-25 में स्लीपर बसों में हुई दुर्घटनाओं का ब्योरा लिया गया। खासतौर से 14 से 28 अक्टूबर के बीच हुई पांच बड़ी घटनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

### डिमांड-सप्लाई जैसे मुद्दों पर चर्चा

इस मामले में अब देश में डिमांड और सप्लाई के बारे में विचार-विमर्श किया जा रहा है। ताकि लोकल बस वेंडरों के लिए स्लीपर बस बनाने पर प्रतिबंध लगाने से पहले देश में यह भी देख लिया जाए कि क्या देश में जितनी स्लीपर बसों की डिमांड है। उतनी बसों को यह कंपनियां बना भी सकती हैं। इस मामले में अभी एक बजट में स्लीपर बसों को बनाने पर भी काम किया जा रहा है। ताकि वोल्वो और मर्सिडीज की दो करोड़ रुपए से अधिक की बसें बस मालिकों को ना पड़े। बीच का रास्ता तलाशा जा रहा है।



### सुविधाजनक यात्रा पर भी विचार

बस वालों का कहना है कि चेसिस पर लोकल वेंडर से बस बॉडी बनवाने में 35 से 40 लाख रुपये का खर्चा और आता है। ऐसे में सरकार को यह भी ध्यान रखना होगा कि अगर लोकल बस वेंडरों पर स्लीपर बसें बनाने का प्रतिबंध लगाते हैं तो मार्केट में बस मालिकों को स्लीपर बसें उनके बजट में मिल सकें। वरना, लोगों के लिए भी इनकी यात्रा महंगी हो सकती है।

# Thailand to Goa... लूथरा बंधु गिरफ्त में, पुलिस करेगी पूछताछ

## थाइलैंड से प्रत्यर्पित, कोर्ट ने दोनों को दो दिन के ट्रांजिट रिमांड पर भेजा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**थाइलैंड से** वापस लाए गए गोवा नाइट क्लब के मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा को पुलिस आज गोवा ले जाएगी। गोवा के अरपोरा में 'बिर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब में 6 दिसंबर को लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हुई थी। आग की घटना के कुछ ही घंटों बाद, 7 दिसंबर की सुबह दोनों भाई फुकेत (थाइलैंड) भाग गए थे। इसके बाद भारत ने इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करवाया और दोनों के पासपोर्ट रद्द कर दिए।

भारत के अनुरोध पर थाइलैंड ने 11 दिसंबर को फुकेत में दोनों को हिरासत में लिया। 6 दिसंबर की घटना के बाद लूथरा बंधुओं के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। दोनों को मंगलवार को दिल्ली पहुंचते ही गिरफ्तार कर सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। मेडिकल जांच के बाद भारी सुरक्षा के साथ पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। न्यायिक मैजिस्ट्रेट ट्विंकल चावला की अदालत ने गोवा पुलिस को दो दिन की ट्रांजिट रिमांड प्रदान की। कोर्ट को बताया गया कि आरोपियों को जल्द से जल्द विमान से गोवा ले जाया जाएगा।


PTI
IGI से दोनों को हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया गया।

### इस वजह से वापसी

गौरव और सौरभ के प्रत्यर्पण को लेकर भारत सरकार ने थाइलैंड को एक विस्तृत डॉजियर सौंपा था, जिसमें 25 लोगों की मौत वाले मामले में उनकी कथित भूमिका और जिम्मेदारी का विवरण दिया गया। भारत और थाइलैंड के बीच 2013 में प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर हुए थे, जो जून 2015 से लागू है।

### सुरक्षा मानकों पर फेल, द केप गोवा रेस्तरां सील

**दक्षिण गोवा** जिले में स्थित प्रमुख रेस्तरां 'द केप गोवा' को अग्नि और अन्य सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के आरोप में सील कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोमवार को जारी किए गए एक आदेश के अनुसार पर्यटन विभाग ने एक अस्थायी झोपड़ी के लिए अनुमति दी थी, लेकिन यह पाया गया कि प्रतिष्ठान स्वीकृत क्षेत्र से बाहर एक पूरे रेस्तरां का संचालन कर रहा था।

**आग लगने का हाई रिस्क मिला :** अधिकारियों ने बताया कि पेडनेकर के नेतृत्व में एक टीम ने 12 दिसंबर को परिसर का निरीक्षण किया और लोकप्रिय रेस्तरां में कई उल्लंघन पाए। सील से जुड़े नोटिस में उल्लेख किया गया है कि मानव जीवन और संपत्ति को खतरा था। निरीक्षण के दौरान समिति ने पाया कि रेस्तरां को अनिवार्य वैधानिक सुरक्षा आवश्यकताओं का घोर उल्लंघन करते हुए संचालित किया जा रहा था। आदेश के अनुसार परिसर में निर्धारित सीमा से कहीं अधिक भीड़ पाई गई, जिसमें 24 से अधिक व्यक्ति मौजूद थे; कोई अनुमोदित संरचनात्मक योजना या संरचनात्मक स्थिरता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया; रसोई असुरक्षित पाई गई, जिसमें कोई उचित निकास नहीं था और उसमें आग लगने का उच्च जोखिम था।

# जलती बस से मां ने बच्चों को बचा लिया, पर खुद बेहोश होकर गिर पड़ीं

■ NBT रिपोर्ट, मथुरा

**जलती बस** में फंसी पार्वती के सामने मौत खड़ी थी। यह मां की ममता ही थी कि उन्होंने टूटी खिड़की से पहले अपने दोनों बच्चों को बाहर लटकाकर उनकी जान बचाई, लेकिन इस दौरान कांच का टुकड़ा उनकी गर्दन में घुस गया और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ीं। पार्वती के देवर गुलजारी अस्पतालों में उनकी तलाश करते रहे, जहां एंबुलेंस से लगातार काले पॉलीबैग में रखे क्षत-विक्षत शव लाए जा रहे थे।

मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के सात बसें और तीन अन्य गाड़ियां एक दूसरे से टकरा गईं। इसके बाद गाड़ियों में आग लग गई। झुलसने से दर्जनों की मौत हो गई। इसके अलावा कई लोग घायल हुए हैं। मथुरा के मुर्दाघर के बाहर गुलजारी ने बताया, पार्वती के बच्चे प्राची और सनी ने बताया कि उन्हें बाहर निकालने की कोशिश के दौरान उनकी मां बस के अंदर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। देर शाम तक पार्वती का कोई पता नहीं चल सका।

**'शवों की पहचान तक मुश्किल' :** पुलिस ने बताया कि शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि शिनाख्त करना बेहद कठिन हो गया है। हम शवों के डीएनए सैंपल्स को उनके रिश्तेदारों द्वारा दिए गए नमूनों से मिलाने के लिए सुरक्षित रख रहे हैं।


PTI

### UP में कई हादसे, 25 की जान गई

**पीटीआई, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में कोहरे से संबंधित कई सड़क हादसों में मंगलवार को कम से कम 25 लोगों की जान चली गई और 59 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया, बाराबंकी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के बीच एक तेज रफ्तार कार ने SUV को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। बस्ती में उर्स तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस की ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। चार लोगों की मौत हो गई। मेरठ में देर रात एक कार पुल से गिरकर हिंडन नदी में जा गिरी, जिससे एक पुलिसकर्मी समेत दो लोगों की मौत हो गई।

# कनाडा में अब नया नागरिकता कानून

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कनाडा ने अपने नागरिकता नियमों में बदलाव किया है, जिससे विदेश में जन्मे ज्यादा लोग अब कनाडाई नागरिक बन सकेंगे। नया कानून बिल C-3 15 दिसंबर 2025 से लागू हो गया है। ET के अनुसार, इसके तहत वे लोग, जिन्हें पहले फर्स्ट-जेनरेशन लिमिट या पुराने नियमों की वजह से नागरिकता नहीं मिल पाई थी, अब अपने आप कनाडा के नागरिक माने जाएंगे। नए नियमों के अनुसार, विदेश में जन्मे या गोद लिए गए कनाडाई माता-पिता अब अपने बच्चों को भी नागरिकता दे सकेंगे, बशर्ते माता या पिता ने बच्चे के जन्म या गोद लिए जाने से पहले कम से कम तीन साल (1,095 दिन) कनाडा में शारीरिक रूप से समय बिताया हो। यह कानून वंश के आधार पर मिलने वाली नागरिकता की व्यवस्था को आधुनिक बनाता है और विदेश में जन्मी पहली पीढ़ी से आगे भी पात्रता को बढ़ाता है।

> नागरिकता के लिए फर्स्ट जेनरेशन लिमिट की बाध्यता नहीं


दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY
Established by Govt. of Delhi vide Act 6 of 2009
(Formerly Delhi College of Engineering)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road-Delhi-110042

POSTPONEMENT OF THE 12th CONVOCATION 2025

It is to inform to all the participants and stakeholders that the 12th Annual Convocation 2025, Delhi Technological University scheduled on 18.12.2025 has been **postponed** due to administrative reasons.

THE REVISED DATE FOR THE 12th ANNUAL CONVOCATION 2025 WILL BE ANNOUNCED IN DUE COURSE.

Sd/-
Registrar, DTU



विज्ञापन संख्या – 01/2025/गैर–शैक्षणिक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद
श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली–110016
www.ncert.nic.in

रिक्ति सूचना

**राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.ई.आर.टी.)**, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संगठन, अपने मुख्यालय राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली, पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूरु, नेल्लोर, उत्तर–पूर्व क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, शिलांग और क्षेत्रीय उत्पादन–सह–वितरण केंद्र, अहमदाबाद, बेंगलुरु, गुवाहाटी और कोलकाता के लिए खुली प्रतियोगिता परीक्षा, कौशल परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से सीधी भर्ती के तहत नीचे निर्दिष्ट विभिन्न गैर–शैक्षणिक पदों को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रही है।

| पदों का लेवल | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | ओबीसी एनसीएल | ईडब्ल्यू एस | अनारक्षित | कुल | दिव्यांगजन | पूर्व–सैनिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | वर्टिकल आरक्षण | | | | | | हॉरिजॉन्टल आरक्षण | |
| लेवल 10–12 | 1 | 0 | 1 | 1 | 6 | 9 | 2 | 0 |
| लेवल 6–8 | 1 | 2 | 8 | 2 | 13 | 26 | 4 | 0 |
| लेवल 2–5 | 12 | 16 | 35 | 8 | 67 | 138 | 6 | 13 |
| सभी लेवल का कुल योग | 14 | 18 | 44 | 11 | 86 | 173 | 12 | 13 |

नोट:
1. उपरोक्त सभी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन** होगी और आवेदन करने की अंतिम तिथि **को आवेदकों की** पात्रता मानदंड अर्थात ऊपरी आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि पर विचार करने के लिए कट–ऑफ तिथि माना जाएगा।
2. आवेदन पत्र भरने के लिए **ऑनलाइन पोर्टल रोजगार समाचार में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से सक्रिय** हो जाएगा।
3. **पात्रता की शर्तों, ऑनलाइन पोर्टल लिंक और अन्य विवरणों** के लिए कृपया एनसीईआरटी की वेबसाइट **www.ncert.nic.in** पर जाएं (लिंक देखें: **Announcement > Vacancy > Non-Academic**) या क्यूआर कोड स्कैन करें।

–एसडी/–
अवर सचिव, (गैर–शैक्षणिक)


## वनतारा में फुटबॉल स्टार मेसी







### भव्य स्वागत

'फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी ने अनंत अंबानी के वन्यजीव बचाव, निवास और संरक्षण केंद्र वनतारा का मंगलवार को विशेष दौरा किया। इस दौरान मेसी के साथ उनके साथी खिलाड़ी- लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल भी मौजूद रहे। वनतारा पहुंचने पर इन सभी का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत हुआ। उन्होंने पूजा में भी भाग लिया और दुनिया में शांति की कामना की। इसके बाद मेसी ने वनतारा में शेर, तेंदुआ और अन्य लुप्तप्राय जानवरों को देखा। उन्होंने जिराफ और हाथियों को खाना भी खिलाया। इस दौरान मेसी ने मल्टी-स्पेशियलिटी वाइल्डलाइफ अस्पताल भी देखा।
















# बंगाल के खेल मंत्री बोले, जांच निष्पक्ष हो इसलिए इस्तीफा

■ भाषा, कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी से जुड़े हालिया कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित कुप्रबंधन को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर खेल मंत्री अरूप बिस्वास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने यह जानकारी दी। बिस्वास ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खेल मंत्री के पद से मुक्त होने का अनुरोध किया था। हालांकि वह कैबिनेट मंत्री रहेंगे और उनके पास बिजली विभाग का प्रभार बना रहेगा। इस्तीफे में बिस्वास ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने कलकत्ता हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक जांच समिति बनाई है, इसलिए वह जांच की निष्पक्षता के लिए पद से इस्तीफा दे रहे हैं।

> मंत्री अरूप बिस्वास के पास बिजली विभाग का प्रभार रहेगा


FILE

### DGP को नोटिस

**पश्चिम बंगाल** सरकार ने मामले में कुप्रबंधन को लेकर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। मुख्य सचिव मनोज पंत के कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि राज्य सरकार ने विधाननगर के DCP अनीश सरकार को भी निलंबित कर दिया है। जांच के लिए गठित जांच समिति की सिफारिशों के बाद यह कार्रवाई की गई।

# कुपवाड़ा में ब्लास्ट, जवान शहीद

■ **भाषा, श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में बारूदी सुरंग में विस्फोट में सेना का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, '13 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री' के हवलदार जुबैर अहमद सोमवार को सीमावर्ती जिले के त्रेहगाम क्षेत्र स्थित पुतहा खान गली में बारूदी सुरंग में विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि घायल जवान को द्रुगमुल्ला स्थित सैन्य अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in